लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 16 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 35

www.janexpresslive.com/epaper


यौन तस्करी के पीड़ितों के लिए मजबूत... 12

# दीपों से जगमग काशी

## 84 गंगा घाटों पर जले 17 लाख दीये

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

वाराणसी में देव दिवाली मनाई जा रही है। मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा रहे हैं। गंगा उस पर आतिशबाजी इतनी ज्यादा हुई कि आसमान सतरंगी नजर आया। लेजर शो ने सबका मन मोह लिया। इससे पहले 21 अर्चकों और 42 रिद्धि-सिद्धि ने मां गंगा की महाआरती की। आरती स्थल दशाश्वमेध और अस्सी घाट पर टूरिस्ट की जबरदस्त भीड़ है। देव दीपावली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आए हैं। अनुमान के मुताबिक, दुनियाभर से 15 लाख लोग काशी पहुंचे हैं। लोग इस पल को अपने कैमरे में कैद कर लेना चाहते हैं।




### रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग हुई काशी

देव दीपावली के अवसर पर वाराणसी के घाटों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। काशी के 84 गंगा घाटों पर दीप जलाए गए हैं। इस दौरान देव दीपावली का भव्य आयोजन देखने के लिए देश भर से लोग काशी पहुंचे हैं। काशी के घाटों पर बेकाबू हुई भीड़ देव दीपावली पर काशी के घाटों पर पर्यटकों की भारी भीड़ जुट गई है। ऐसे में सभी प्रमुख घाटों पर भीड़ बेकाबू होते देख पुलिस के साथ ही अन्य फोर्स मौके पर पहुंचकर भीड़ नियंत्रित करने में जुटी है।

### भव्य सजा है गंगा द्वार

विश्वनाथ धाम का गंगा द्वार आकर्षण का केंद्र बना है। भारी संख्य में पर्यटक यहां सेल्फी लेने पहुंचे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### शुरू हुई भव्य आतिशबाजी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दीप जलाकर देव दीपावली की शुरुआत की। उनके दीप जलाने के साथ शुरू भव्य आतिशबाजी हुई।

## नमो घाट के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए सीएम योगी

- स्नान के लिए असुरक्षित गंगाजल पीएम के प्रयासों से आचमन योग्य बना: योगी आदित्यनाथ
- पिछले दस वर्षों में काशी ने अपने रूप और पहचान में अद्भुत बदलाव को देखा: योगी

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नमो घाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे देव दीपावली के इस अद्वितीय पर्व के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने गुरुनानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने काशी के विकास की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में काशी ने अपने रूप और पहचान में अद्भुत बदलाव को देखा है। पहले जहां गंगा के जल को स्नान के लिए भी असुरक्षित माना जाता था, वहीं आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नमामी गंगे परियोजना के तहत किए गए प्रयासों के कारण जल आचमन के योग्य हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसे नमो घाट के रूप में जाना जाता है, उसे काशी की जनता नरेन्द्र मोदी घाट कहकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना आभार प्रकट करती है। इस दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि समारोह में मौजूद रहे।

### देश का सबसे लंबा और खूबसूरत घाट है नमो घाट

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से काशी की पहचान अब उसके स्वच्छ और सुंदर घाटों, विश्वनाथ धाम, चौड़ी फोर लेन और सिक्स लेन सड़कों, उत्कृष्ट ट्रेन कनेक्टिविटी और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसी तमाम परियोजनाओं से होती है। उन्होंने विशेष रूप से नमो घाट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक घाट नहीं है बल्कि एक अद्वितीय स्थल है। पहले यह क्षेत्र गंदगी और अंधेरे में डूबा रहता था, जहां लोग आने से डरते थे, लेकिन अब यह सबसे सुंदर और लंबा घाट बन चुका है। यहां जी 20 शिखर सम्मेलन और काशी तमिल संगमम जैसे भव्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पांच साल पहले काशी विश्वनाथ धाम में मात्र 50 श्रद्धालु मुश्किल से दर्शन कर पाते थे, जबकि आज 50 हजार से अधिक श्रद्धालु आराम से दर्शन कर सकते हैं। विशेष अवसरों पर यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। काशी के विकास और विरासत को विश्व स्तर पर एक नई पहचान मिली है।

### काशी को विकास और विरासत के संगम के रूप में एक नई वैश्विक पहचान मिली है

मुख्यमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में काशी के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि काशीवासियों ने नये भारत के साथ काशी के नये कलेवर का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि काशी को विकास और विरासत के संगम के रूप में एक नई वैश्विक पहचान मिली है, जिसका काशीवासियों ने अपनी आंखों से साक्षात्कार किया है। यहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिली है और अनेक कार्य संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश का पहला वाटर वे जो हल्दिया तक जाता है, यहीं से शुरू होता है। सीएम योगी ने बताया कि काशी में 700 से अधिक नावें सीएनजी इंधन से संचालित होती हैं, जिससे प्रदूषण कम हुआ है।

### सीएम योगी ने उप राष्ट्रपति का काशी में किया स्वागत एवं अभिनंदन

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप राष्ट्रपति को अंगवस्त्र पहनाकर और नमो घाट पर स्थापित नमो मुद्रा को स्मृति चिह्न के रूप में भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उप राष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ का स्वागत विघ्न विनाशक गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर किया। विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव ने राज्यपाल का स्वागत किया, वहीं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टांप एवं पंजीयन रविंद्र जायसवाल ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का अभिनंदन किया। विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत एवं अभिनंदन किया।


## बिजली विभाग के अधिकारी के बिगड़े बोल

# बिल बकाएदारों के घर जला दिए जाएं

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहारनपुर डिवीजन में तैनात अधिकारी की करतूत**

- वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद विभाग में मची हलचल
- मामले की गंभीरता को देखते हुए शीर्ष अधिकारियों ने किया निलंबित
- जूनियर इंजीनियरों के कहने पर कि बकाएदार घर बंद कर लेते हैं, दिया था विवादित बयान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



अब बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों के बिगड़े बोल शासन की छवि और उपभोक्ताओं की मनः स्थिति बिगड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश विद्युत निगम की सहारनपुर इकाई के ऐसे ही एक अधीक्षण अभियंता को निलंबित कर दिया गया है, क्योंकि एक वीडियो क्लिप में उन्हें अपने अधीनस्थों को बिजली बिल बकाएदारों के घरों में आग लगाने का निर्देश देते हुए दिखाया गया था। मेरठ मुख्यालय वाले पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) ने धीरज कुमार जायसवाल के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच में वर्चुअल मीट के दौरान अधिकारी द्वारा दिया गया बयान सही पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, जायसवाल ने मंगलवार को एक आधिकारिक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान कथित निर्देश दिया, जब उनके कनिष्ठों ने उन्हें बताया कि जब पीवीवीएनएल की टीमें लंबित बिल वसूलने पहुंचीं तो कई बकाएदारों के घर बंद पाए गए।

### निलंबन दूसरे कर्मियों के लिए अपने तौर-तरीके सुधारने का सबक

पीवीवीएनएल की प्रबंध निदेशक ईशा दुहान ने कहा कि जायसवाल का निलंबन दूसरों के लिए अपने तौर-तरीके सुधारने का सबक है। दुहान ने कहा, मैंने अपने कनिष्ठ और वरिष्ठ अधिकारियों को याद दिलाया है कि किसी भी परिस्थिति में बिजली उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए या उन्हें अपमानजनक भाषा में संबोधित नहीं किया जाना चाहिए।

### उपभोक्ताओं के खिलाफ अनुचित भाषा का प्रयोग न करने के सख्त निर्देश

निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजीव मोहन गर्ग ने कहा कि अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने अपने कनिष्ठों को शर्मनाक सलाह दी थी, जब उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि उपभोक्ताओं ने घर पर ताला लगा दिया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने सभी उच्च एवं कनिष्ठ कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के खिलाफ अनुचित भाषा का प्रयोग न करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### यह महज जुबान फिसलने की घटना थी: धीरज जायसवाल

अपने बचाव में धीरज जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा कि यह महज जुबान फिसलने की घटना थी और चार घंटे की वर्चुअल बैठक से तैयार की गई 30 सेकंड की वीडियो क्लिप जूनियर इंजीनियरों के एक समूह द्वारा लीक की गई है, जो कभी भी लंबित बकाये की वसूली के लिए आगे नहीं आते हैं। उन्होंने दावा किया, जब मैं उन्हें समझा रहा था कि उपभोक्ताओं से मिलने वाला राजस्व हमारी आजीविका है और उन्हें राजस्व संग्रह को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, तो यह महज जुबान फिसलने जैसा था।

## आयोग ने स्थगित की आरओ-एआरओ परीक्षा, रिपोर्ट आने के बाद घोषित होगी तिथि




- पहले यह परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो दिनों में आयोजित होने वाली थी

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**


कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी- सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। नए सिरे से परीक्षा कराने के लिए आयोग के वरिष्ठतम सदस्य कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी में आयोग के सदस्य प्रो. राम प्यारे, सेवानिवृत्त आईएएस योगेश कुमार शुक्ल, सेवानिवृत्त पीसीएस प्रेम प्रकाश पाल शामिल किए गए हैं। आयोग के अनुसचिव ओंकारनाथ सिंह ने बताया कि परीक्षा तीन पालियों में 22 और 23 दिसंबर को आयोजित होने वाली थी उसे स्थगित कर दिया गया है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद नई तिथि पर परीक्षा कराने की घोषणा की जाएगी।

### 22 दिसंबर को होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने प्रतियोगी छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तिथि को बदलते हुए नई तिथि 22 दिसंबर घोषित की है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए की गई पहल के बाद लिया गया है। प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, अब यह परीक्षा एक ही दिन में संपन्न कराई जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो दिनों में आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।

संबंधित खबर पेज 09 पर

### दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

इस संशोधन के बाद पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 22 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय से प्रतियोगी छात्रों को अब एक ही दिन में परीक्षा देनी होगी, जिससे उनके यात्रा और समय की समस्या को हल किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतियोगी छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयोग को इस संबंध में उचित कदम उठाने के लिए कहा था। सीएम योगी की पहल के बाद आयोग ने छात्रों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ढील बर्दाश्त नहीं, आठ डॉक्टरों पर गिरी गाज, बर्खास्तगी के आदेश, कई जिलों में हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार बेहद संजीदा है। ड्यूटी पर लापरवाही बरत रहे डॉक्टरों के खिलाफ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने ड्यूटी पर लगातार गैरहाजिर चल रहे आठ डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने इन्हें बर्खास्त करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने यह निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। डिप्टी सीएम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बलदेव (मथुरा) में तैनात जनरल फिजीशियन डॉ. अनीता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, वृंदावन (मथुरा) में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फरह (मथुरा) में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राधिका पाराशर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमैनी (कासगंज) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार, बाराबंकी में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. एम ताहिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रटौल (बागपत) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार, लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में तैनात जनरल सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पयागपुर (बहराइच) में तैनात दंत शल्यक डॉ. पूनम पाल की बर्खास्तगी के निर्देश दिए गए हैं।

## सनातन का डंका: अयोध्या के बाद ऑस्ट्रेलिया में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा राम मंदिर, पीएम मोदी करेंगे भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के अब ऑस्ट्रेलिया में विश्व का सबसे ऊंचा भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। इसका भूमि पूजन अगले वर्ष 2025 में होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस भव्य राम मंदिर का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह मंदिर 150 एकड़ जमीन में 721 फीट ऊंचा और पांच मंजिल का होगा। यही नहीं इस मंदिर का डिजाइन भी वही सख्स तैयार कर रहे हैं, जिन्होंने अयोध्या के राम मंदिर को डिजाइन किया है। गुजरात के मशहूर आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा आस्ट्रेलिया के राम मंदिर को डिजाइन करेंगे। राम मंदिर मार्ग में 101 फीट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सप्तसागर में 51 फीट के भगवान शिव की मूर्ति भी स्थापित होगी। अयोध्यापुरी और सनातन विश्वविद्यालय का भी निर्माण किया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण श्रीराम टेंपल फाउंडेशन करवाएगा। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2023 को हो चुकी है और अब 2025 में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में 150 एकड़ में भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा। इसका भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवाए जाने की उम्मीद है। यदि 2025 में किसी कारणवश पीएम मोदी का आस्ट्रेलिया दौरा नहीं हो पाता तो विकल्प के रूप में किसी और बड़े नेता से इसका भूमि पूजन करवाया जाएगा।

### यह विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर होगा

ऑस्ट्रेलिया के आसपास के देश के लोगों को अब अयोध्या आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया व आसपास के देश के लोग अब पर्थ पहुंचकर भगवान रामलला का दर्शन पूजन कर सकेंगे। श्री राम टेंपल फाउंडेशन के सचिव अमोद प्रकाश कटियार ने बताया कि यह विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर है।

# भ्रष्टाचार की दीमक ने खोखली कर दी स्कूलों की नींव

- सरकारी स्कूलों की यही कहानी छत से झड़ता प्लाटर, टपकता पानी
- शिक्षकों को छूट देने के एवज में अधिकारी वसूल रहे पैसा

**जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट**

**संतोष कुमार दीक्षित**




**राज्य मुख्यालय।** छत से टपकता पानी, झड़ता प्लास्टर और नदारद शिक्षक। प्रदेश के ज्यादातर सरकारी स्कूलों की यही कहानी है। बिल्डिंग है तो टीचर नहीं। टीचर हैं तो इमारत बच्चों के बैठने लायक नहीं है। ऐसे में छात्र-छात्राएं कैसे पढ़ें? ये उत्तर प्रदेश में शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों की असल तस्वीर है। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सरकार ऐडी-चोटी का जोर लगा रही है, लेकिन भ्रष्टाचाररूपी दीमक स्कूलों की नीवं को खोखली करती जा रही है। अधिकारियों की मिलीभगत से शिक्षक मौज में हैं। ड्यूटी टाइम में ही नेतागिरी और ठेकेदारी जैसे कामों को कर रहे हैं। अधिकतर जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी इस बात को जानकर भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ के साथ ही प्रदेश के अमूमन हर जिले में यही स्थिति है।

### शिक्षक मौज में, बच्चे करते हैं काम

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के ज्यादातर शिक्षक दूसरे कामों में व्यस्त रहते हैं। जिस स्कूल में बच्चों को संस्कारों से पोषित किया जाना चाहिए वहां उनका शोषण होता है। कई स्कूलों में स्कूल का ताला खोलने से लेकर साफ-सफाई तक का काम बच्चे कराया जाता है। इस तरह की खबरें आए दिन सोशल मीडिया पर सुर्खियां में रहती हैं। प्रशासन को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती बरती जाए।

### अधिकारियों की जेब गर्म इसलिए शिक्षक बरत रहे कोताही

जौनपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल की शिक्षकों से सांठगांठ के चलते 100 से अधिक अध्यापक स्कूल आने की बजाय महानगरों में विभिन्न विभागों में ठेकेदारी, रिश्तेदारों के फार्म पर काम करने के साथ ही सिर पर टोपी लगाकार नेताजी के लिए वोट भी मांग रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शिक्षकों को ये छूट दिए जाने के एवज में उच्च अधिकारियों की जेब भी गर्म की जाती है।

### स्कूल में हाजिरी लगा राजनीति करते हैं शिक्षक

ये सच है कि परमेश्वर से पहले गुरु का स्थान होता है, लेकिन कुछ शिक्षकों की करतूतों के चलते गुरुओं का मान भी घटता जा रहा है। शिक्षक सरकारी तंत्र से तनख्वाह के रूप में मोटी धनराशि उठाते हैं, लेकिन बच्चों को पढ़ाने की बजाय ज्यादातर समय निजी कामों में लगाते हैं। योगी सरकार को प्रदेश स्तर पर जांच कराने के बाद ऐसे शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### स्कूलों में 25 प्रतिशत बच्चों को नहीं आता जोड़-घटाना

प्रदेश के शिक्षा के स्तर का इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी प्रदेश के स्कूलों में 25 फीसदी ऐसे बच्चे हैं, जिन्हें जोड़ना-घटना तक नहीं आता है। अभी हाल ही के दिनों में हुए एक नेशनल सर्वे में यह सच्चाई सामने आई थी। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा?

**यूपी में प्राइमरी-अपर प्राइमरी स्कूल**

| प्राइमरी स्कूल | कस्तूरबा गांधी | गवर्नमेंट एडेड |
|---|---|---|
| 132855 | 29635 | 746 |

**यूपी में 10-12वीं के स्कूल**

| प्राइमरी स्कूल | गवर्नमेंट एडेट |
|---|---|
| 2355 | 2355 |



### सरकार लगाए लगाम तो बने बात

शिक्षकों के इस मनमाने रवैये पर यदि सरकार लगाम लगाए और शिक्षक भी गुरु धर्म निभाते हुए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न करते उन्हें संस्कारित करते के साथ नई तकनीक से रूबरू कराएं तो निश्चित ही कुछ वर्षों में शिक्षा के स्तर में अमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

### कहीं प्राइवेट स्कूलों को मजबूत करने की मंशा तो नहीं

सरकारी स्कूलों की हालात ये हैं कि कहीं-कहीं पूरा स्कूल एक टीचर के भरोसे ही चल रहा है। दूसरी ओर इसका फायदा प्राइवेट स्कूल उठा रहे हैं और लगातार इनकी संख्या में इजाफा होता जा रहा है। ये प्राइवेट स्कूल ज्यादातर नेताओं के हैं। अब सवाल इस बात का उठता है कि क्या प्राइवेट स्कूलों को मजबूत करने के लिए सरकारी स्कूलों को कमजोर तो नहीं किया जा रहा है?

### ज्यादातर स्कूल 40 साल पहले बने

प्रदेश में करीब 1.32 लाख प्राइमरी स्कूल हैं। इसमें ज्यादातर 1984-85 के वक्त बनाए गए थे। उस वक्त रूरल इंजीनियरिंग सर्विस यानी आरईएस ने स्कूलों का निर्माण करवाया था। समय के साथ यह जर्जर होते चले गए। इसके बाद 1995 से 2000 के बीच स्कूलों का निर्माण हुआ। उस वक्त निर्माण में क्वॉलिटी नहीं देखी गई इसलिए वर्तमान में ज्यादातर स्कूलों की इमारतें जर्जर हो चुकी हैं।

# आजीविका परियोजना के तहत कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

द हंस फाऊंडेशन द्वारा संचालित आजीविका परियोजना के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के लिए सामुदायिक विकास विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर मजहर रसीदी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

जनपद के मऊ एवं मानिकपुर ब्लाक में द हंस फाऊंडेशन द्वारा संचालित आजीविका परियोजना के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर मजहर रसीदी के द्वारा सामुदायिक विकास विषय पर प्रशिक्षण दिलवाया। जिसके अंतर्गत कार्यकर्ताओं को ग्राम के सतत विकास के लिए किए जाने वाले कार्य, योजना आदि विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम के विकास के लिए करने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं के ज्ञान स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक संतोष मिश्रा, सरोज, श्रीकांत, मुकेश मंडराहा, ब्लॉक समन्वयक मुकेश तिवारी, आसाराम आदि मौजूद रहे।

# 23 वें सदगुरु महोत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज द्वारा चित्रकूट के जानकीकुण्ड में स्थापित नेत्र चिकित्सकीय संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरु शिक्षा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में शुक्रवार को चार दिवसीय 23वें सद्गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन समारोह अरविन्द भाई मफतलाल क्रीडा परिसर विद्याधाम विद्यालय में हुआ।

महोत्सव के उद्घाटन समारोह में सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन ने बताया कि 23वें सद्गुरु महोत्सव के साथ बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला तथा विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। इस समारोह में चित्रकूट अंचल के मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती ग्रामों के 40 से अधिक ग्रामीण एवं आदिवासी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचलों में निवासरत उपेक्षित छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी विभिन्न प्रतिभाओं को साकार मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से छात्रों के अंदर सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक तथा शारीरिक खेलकूद इत्यादि कौशल को बाहर लाना है। जिससे वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ समाज तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी मत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर सके। बताया कि इस वर्ष लगभग 40 विद्यालयों के 4,500 से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें सहभागिता कर रहे हैं। चार दिवसीय इस महोत्सव के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।



महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपस्थित मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने जानकीकुंड चिकित्सालय में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित जनजागरुकता कार्यक्रम में भी प्रतिभाग कर जनजागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाई। उद्घाटन समारोह में राजगुरु आश्रम के युवराज स्वामी बद्री प्रपन्नाचार्य महराज, संतोषी अखाडा के रामजी दास महराज, दिगम्बर अखाड़ा के दिव्यजीवन दास महराज, डीआरआई कोषाध्यक्ष वसन्तराव पंडित, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्र, दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर पाण्डेय, रमाबहन हरियाणी जयपुर, मिलोनी बहन मुम्बई, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन, समिति के उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान, प्राचार्य शंकरदयाल पाण्डेय, राकेश तिवारी, दीपक वानी, मंजुला वानी, फिरोज खान सहित सद्गुरु परिवार के गुरुभाई-बहन, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति भारत अभियान ने ग्राम वासियों को दिलाई नशा से दूर रहने की शपथ

- अच्छा बरेठी गांव में पोषण और शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

विकास पथ सेवा संस्थान और सेवा भारती द्वारा ग्राम अरछा बरेठी में शुक्रवार को पोषण स्वास्थ्य एवं शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों को स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य एवं जिला महामंत्री सेवा भारती राजकिशोर शिवहरे ने गांव में चैपाल लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया। समाजसेवी शंकर यादव ने कहा कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उन योजनाओं का लाभ उठाकर आम नागरिक अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकते हैं। शिक्षा के बारे में कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को निश्चित रूप से पढ़ाएं। शिक्षा से ही व्यक्ति का विकास संभव है। कहा कि घर में एक व्यक्ति के नशा करने से पूरा परिवार तो प्रभावित होता ही है साथ में मान मर्यादा भी प्रभावित होती है, जिसके कारण घर परिवारों में होने वाले हिंसा के कारण आर्थिक शारीरिक मानसिक सभी का हनन होता है। संस्था के निदेशक डॉ प्रभाकर सिंह ने ग्रामवासियों व बच्चों को फ्रूट जूस का वितरण कर स्वस्थ रहने के कई टिप्स समझाए। साथ ही गांव के बच्चों, बुजुर्गों, माता व बहनों से आग्रह किया कि घर के पुरुष सदस्यों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। जिससे परिवार और सदस्यों के बीच खुशहाली बनी रहे। साथ ही घर में और घर के आसपास स्वच्छता का माहौल बनाए रखें, जिससे बीमारियों से बचा जा सके?। इस मौके पर राम सजीवन वर्मा, शारदा प्रसाद, राकेश राजपूत, अंकित वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, रामसेवक, सुरेन्द्र गुप्ता, रामकिशोर, आदित्य, अरुण त्रिपाठी, जानकी शरण यादव आदि मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा : पचनद में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

- गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या में कमी

जन एक्सप्रेस | रामपुरा

सनातन धर्म के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रम्ह महूर्त में पचनद संगम पर स्नान को अधिक महित्व दिया जाता हैं। इस लिए बाबा साहब मंदिर पर स्थित पचनद पर कार्तिक पूर्णिमा पर शाही स्नान के लिए भक्तों की काफी भीड़ देखी जाती हैं। शुक्रवार को पचनद धाम पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर साधू, संतो व धार्मिक विचारधारा के लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। बाबा साहब मंदिर के महंत सुमेरवन ने पचनद पर चम्बल, सिंध, कुवारी, पहूज व यमुना नदी की महा आरती की तथा क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन द्वारा पचनद पर दीपदान के साथ मेले का फीता काटकर स्नान मेले का शुभारंभ किया। जिसके पश्चात मध्य रात्रि से भक्तों द्वारा नदी पर बने घाटो पर स्नान किया गया।





### मेले में पिछले वर्ष की अपेक्षा कम रही श्रद्धालुओं की भीड़

उरई। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पचनद पर लगे मेले में पिछले वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी गई। पचनद पर 4 दिनों तक चलने वाले मेले में कई शहरों से आये दुकानदारों ने बताया कि इस बार मेले में भक्तों की संख्या में कमी देखी जा रही हैं। हम लोगों पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरी तैयारी से मेले में अपनी दुकान लेकर आये हैं।

### डीएम और एसपी ने पचनद पहुंच परखी व्यवस्था

उरई। कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद स्नान घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्नान को लेकर यमुना घाट पर बैरीकेटिंग लगाई गई है। उधर, स्नान को देखते हुए पचनद घाट के आसपास नाविकों व गोताखोरों की तैनाती की गई है। ताकि किसी तरह की अनहोनी को होने से रोका जा सके। इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार पाल, क्षेत्राधिकारी रामसिंह, ग्राम प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

### अन्य जिलों से आये भक्तों ने किया शाही स्नान

उरई। पचनद धाम के निकटवर्ती जनपद इटावा, औरैया तथा मध्यप्रदेश के भिण्ड आदि जैसे दूर दराज से आये भक्तों ने पचनद पर स्नान करने के बाद बाबा साहब मंदिर पर पूजा अर्चना की। जिसके बाद पचनद पर लगे मेले में भ्रमण कर मेले का आनंद लिया।

# फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए उड़नदस्ता टीम गठित

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि वर्तमान में धान की कटाई एवं मड़ाई का कार्य प्रारम्भ है। जिसमें धान की कटाई एवं मड़ाई के बाद बचे फसल अवशेष को जलाने की सम्भवना के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की तहसीलवार उड़नदस्ता टीम एवं जनपद स्तरीय सेल गठित कर अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर शासनादेशों एवं उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए फसल अवशेष जलाये जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध अर्थिक दण्ड के साथ विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है। बताया कि उच्च न्यायालय एवं पर्यावरण विभाग के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाने पर दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिये 5000 रु, दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए 10000 रु और पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30000 रु अर्थदण्ड लगाने के निर्देश हैं। साथ ही फसल अवशेष दोबारा जलती हुई पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ जेलों में निरूद्ध की कार्यवाही का भी प्राविधान है। बताया कि फसल अवशेष जलाने से वायुमण्डल में प्रदूषण होता है एवं मृदा में मौजूद जीवाणु भी खत्म हो जाते है जिससे फसल उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है। कहा कि फसल अवशेष को चारे के रूप में (भूसा) गौशालाओं में दान देकर चारा संरक्षित करायें।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली के मोहल्ला नया पटेल नगर में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालयों पर अतिरिक्त दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया। शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी आशीष कुमार गुरुवार रात को एक शादी समारोह में गया हुआ था। जबकि उसकी पत्नी अनामिका घर पर अकेली थी। देर रात आशीष घर लौटा, तो उसने पत्नी अनामिका का संदिग्ध हालात में फांसी पर शव लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। इस बात की जानकारी पाते ही शुक्रवार सुबह मायके पक्ष के लोग बड़ी संख्या में मौके पर आ गए। जिन्होंने पुत्री की मौत को दहेज हत्या बताकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। मायके पक्ष के लोग कोतवाली आए और पिता अरविंद कुमार निवासी ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2022 में 7 दिसंबर को आशीष से की थी। शादी के बाद से ही ससुरालयों द्वारा उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी न होने पर आशीष ने अपने घरवालों के साथ मिलकर उसकी पुत्री की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर पंचनंद में स्नान करने गई महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा क्षेत्र के जगम्मनपुर के पास बाबा साहब पंचनंद पर कार्तिक पूर्णिमा पर अन्य महिलाओं के साथ गई वृद्ध महिला की पंचनंद पर स्नान के बाद मौत हो गई। उरई निवासी व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री हरिओम बाजपेयी की मां हीरा बाजपेयी 65 वर्ष पत्नी स्व. राजेन्द्र प्रसाद कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को मुहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ शाही स्नान के लिए पंचनंद पर गई थी। वृद्ध महिला हीरा वाजपेयी ने नदी में स्नान किया। जिसके बाद उनकी तबियत विगड़ने लगी। मौजूद प्रशासन ने महिला को एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा पहुंचाया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉ. अरुण जादौन ने जांच पड़ताल के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री की माँ की मृत्यु की खबर सुनते ही व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने रामपुरा नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित पुरवार को सूचना दी। सूचना पाकर रामपुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित पुरवार, लखन गुप्ता, अंकुर मिश्रा सहित नगर के अन्य व्यापारियों ने अस्पताल पहुंचकर मृतक वृद्ध महिला के परिजनों से मुलाकात की और उनकी मृत्यु पर दु:ख प्रकट किया।

# जयंती पर याद किए गए सिखों के गुरु, गुरुनानक देव



जन एक्सप्रेस | उरई

सिखों के गुरु गुरुनानक देव के 555 वें जन्मोत्सव को प्रकाश पर्व के रूप में राठ रोड स्थित गुरुद्वारे में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अनुयायियों ने गुरु घरों में दीवान सजाए तथा शब्द सुनाकर और कीर्तन कर संगत को निहाल किया। बता दे कि गुरुद्वारा सिंह सभा राठ रोड में विचार गोष्ठी कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों ने गुरुजी के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष बिजय चौधरी, सरदार हरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, आज्ञा सिंह, सरदार रंजीत सिंह, नरेंद्र जीत सिंह, तरनजीत सिंह, हरदीप सिंह, मनजीत सिंह, राहुल सिंह, गुरजीत कौर शोभा, राजू सरदार, मंजीत कौर, कमलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसान की रास्ते में संदिग्ध हालत में मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर में खेत पर जाते समय किसान की रास्ते में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी राजेंद्र कुमार दोहरे 58 वर्ष गुरुवार की शाम अपने खेत पर जा रहा था। तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह वहीं गिर गया। कुछ देर बाद उधर से गुजरे लोगों की नजर जब अचेत हालात में पड़े अधेड़ पर गई, तो वहां हड़कंप मच गया। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और खबर उसके परिवार वालों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए, और उन्होंने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। गांव के प्रधान भरत ने बताया कि खेत पर जाते समय शायद उसे सांप ने काट लिया।

# उरई में यश फन एण्ड फेयर प्रदर्शनी: सदर विधायक ने किया शुभारंभ, एक महीने तक चलेगा मेला

जन एक्सप्रेस | उरई

शहर के कालपी रोड इंदिरा स्टेडियम के समीप स्थित यश फन एण्ड फेयर प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ देर रात किया गया। सदर विधायक गौरी शंकर बर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल ने विधायक का स्वागत करते हुए उन्हें माल्यार्पण किया। यह प्रदर्शनी एक माह तक चलेगी, जिसमें आकर्षण का केंद्र आसमानी झूला और सर्कस बने हुए हैं। उद्घाटन के पहले दिन से ही आसपास के गांवों और शहर के लोगों की भीड़ प्रदर्शनी देखने पहुंची, और उन्होंने झूलों का आनंद लिया। मेले में विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं, जैसे हाइड्रोलिक झूले, नाव झूला, ब्रेक डांस झूला, भूत बंगला, और मिनी सर्कस। बच्चों के लिए मनोरंजन के संसाधनों के साथ-साथ खाने-पीने के लिए साफ-सुथरे रेस्टोरेंट, आइस क्रीम की दुकानें, कास्मेटिक और जूते-चप्पल की दुकानों की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए चूड़ी-कंगन और घरेलू सामानों की दुकानें भी नुमाइश में सजाई गई हैं।



बोले विधायक - देररात तक प्रदर्शनी देखकर निश्चिंत होकर घर जाएं लोग

उरई। यश फन एण्ड फेयर प्रदर्शनी के भव्य शुभारंभ के दौरान सदर विधायक गौरीशंकर बर्मा नें कहा कि भाजपा की सरकार में जनता को एक भयमुक्त समाज मिला है, जहां लोग देर रात तक प्रदर्शनी देखकर निश्चिंत होकर घर जा रहे हैं। इस दौरान सभासद बिपिन गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र बर्मा, सभासद जयनारायण शाहू, सभासद पुष्पेंद्र बर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सुलह-समझौते के जरिए वाद निस्तारण का करें प्रयास

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



एक माह बाद आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

जनपद न्यायालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसके लिए सभी न्यायिक अधिकारी अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराने का प्रयास करें। साथ ही चिन्हित वादों में कम से कम दो बार नोटिसों का तामीला कराया जाए। प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव द्वारा आगामी 20, 23 व 27 नवम्बर तथा दो और सात दिसम्बर को वादों से सम्बन्धित पक्षकारों, अधिवक्ताओं, बीमा कम्पनियों के अधिकारियों आदि के साथ प्री-ट्रायल बैठक कर आपसी सुलह-समझौता के लिए वार्ता की जाएगी। इसी प्रकार परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव द्वारा सुलह-समझौते के आधार पर वाद निस्तारण करने के लिए 25, 27 व 30 नवम्बर तथा दो व चार दिसम्बर को वैवाहिक एवं भरण-पोषण वादों से सम्बन्धित पक्षकारों के अधिवक्ताओं के साथ प्री-ट्रायल बैठक की जाएगी। इस मौके पर अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार भारती, सिविल जज सीनियर डिवीजन सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज एफटीसी सोनम गुप्ता, सिविल जज जूनियर डिवीजन सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी, मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

### श्रमिक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सहायक श्रमआयुक्त रतन कुमार गुप्ता ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ई-श्रम कार्ड धारकों के लिए उनके मृत्यु/दिव्यानंता की दशा में अनुग्रह राशि के हितलाभ की घोषणा की गयी है। जिसके लिए दिनांक 15 दिसम्बर तक आवेदन प्राप्त होने पर उनसे सम्बन्धित प्रकिया 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लाभान्वित किया जाना है। बताया कि ऐसे सभी असंगठित कर्मकार जो ई-श्रम पोर्टल पर 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में पंजीकृत हुये थे एवं जिनकी 31 मार्च 2022 से पूर्व इसी अवधि में दुर्घटना में दुर्भाग्यवश मृत्यु हो गयी हो अथवा विकलागंता आ गयी हो तथा आयकर दाता न हो। साथ ही ईएसआई व ईपीएफओ के सकिय सदस्य न हो, को दुर्घटना के कारण मृत्यु पर दो लाख रूपये एवं विकलांगता आने पर एक लाख रूपये का हितलाभ देय है।

# भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को विद्यार्थी परिषद ने किया याद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आदिवासी क्षेत्र मानिकपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा वनवासी कल्याण केंद्र में संगोष्ठी तथा पुष्पांजलि का आयोजन किया।

संगोष्ठी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कानपुर प्रांत अध्यक्ष डॉ बृजेश मिश्रा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को ब्रिटिश ईसाई मिशन नरियों को चुनौती देने तथा मुंडा और उराव समुदायों के साथ धर्मांतरण गतिविधियों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए जाना जाता है। बिरसा मुंडा ने विभिन्न आदिवासी समुदायों को एकजुट किया और ब्रिटिश सेना के खिलाफ कई गोरिल्ला युद्ध अभियानों का नेतृत्व किया।



भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर 2021 को आयोजित बैठक में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद रखने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देने वाले उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती मनाकर उनके योगदान को सदैव से याद करता आ रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने तत्कालीन जनजाति समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंधविश्वास, जाति भेद, नशाखोरी, जाति संघर्ष और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। विद्यार्थी परिषद द्वारा आदर्श इंटर कॉलिज मानिकपुर, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर तथा बनवासी कल्याण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ पवन त्रिपाठी सर, विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय, जिला संगठन मंत्री राम, नगर सह मंत्री दुर्गेश सहित विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 16 नवंबर, 2024







### जमुई में प्रधानमंत्री मोदी के सामने नीतीश बोले...

पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार बिहार आए। जमुई के बल्लोपुर में शुक्रवार को वो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट... पढ़ें पेज 12 पर...

## लखनऊ में लगा कृषि नवाचार महाकुंभ: किसानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों का संगम

# खेती की लागत कम करना लक्ष्य: सीएम

- सीएम योगी ने खेती की आधुनिक तकनीकों को देखा और सराहना की

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में सतत कृषि विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कृषि भारत-2024 जो कृषि और प्रौद्योगिकी का एक महाकुंभ है, का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज कृषि क्षेत्र में दो प्रमुख चुनौतियां है। पहली, खेती में लागत को कम करना और दूसरी, कृषि में आधुनिकीकरण का समावेश करना ताकि किसानों को खेती में सहूलियत हो और उनकी आमदनी में वृद्धि हो। लखनऊ के वृंदावन योजना ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि और प्रौद्योगिकी के इस महाकुंभ में किसानों, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और उद्यमियों का संगम देखा गया। शुक्रवार सुबह हुए इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में नए-नए नवाचारों और तकनीकी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि को आत्मनिर्भर और उन्नत बनाने के लिए तकनीक का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन भी देखा। किसानों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और चुनौतियों को समझा। इस अवसर पर कई स्टार्टअप्स और तकनीकी संस्थानों ने अपनी नई परियोजनाओं और उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिनका उद्देश्य खेती को सरल और सुलभ बनाना है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसान, कृषि विशेषज्ञ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में स्थायित्व और नवाचार को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### किसानों के हित में नवाचार को बढ़ावा देने पर सीएम का जोर

सीएम ने खेती में आ रही दो बड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के समय में किसानों को खेती की लागत कम करने और खेती में आधुनिकीकरण के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके और खेती करना आसान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं ताकि कृषि को आधुनिक बनाया जा सके। साथ ही, उन्होंने रासायनिक खाद के इस्तेमाल को कम करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की भी बात कही, जिससे खेती की लागत में कमी लाई जा सके और किसानों को अधिक लाभ मिल सके। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे तेज विकास की सराहना करते हुए कहा कि हर योजना का लाभ अब ग्राउंड जीरो तक पहुंच रहा है। उन्होंने किसानों को कृषि क्षेत्र में जागरूकता और तकनीकी नवाचार का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, ताकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके।

### मुख्यमंत्री बोले, गुरु नानक जी ने सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया

श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र प्रकाश पर्व पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति गुरु नानक देव जी ने हमें निरंतर प्रेरित किया और सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले। गुरु गोविंद सिंह जी और उनके चार साहिबजादों के बलिदान की गाथा से हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है। शुक्रवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर लखनऊ के खालसा चौक, आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षा का स्मरण करते हुए समाज में शांति, सद्भाव और एकता का संदेश दिया।

### खेती को आधुनिक और टिकाऊ बनाना है: सीएम

मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि उर्वरक और खाद के संतुलित और प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है, जिससे लागत कम हो और उत्पादकता में सुधार हो। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही हैं, जिनका उद्देश्य कृषि को आधुनिक और टिकाऊ बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में अब भी कई बेहतर कार्य किए जा सकते हैं, और इसके लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा। कृषि भारत-2024 का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ना है, ताकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र को आर्थिक मजबूती दी जा सके और किसानों का जीवन स्तर सुधारा जा सके।

# लोकल फॉर वोकल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

क्राफ्टरूट प्रदर्शनी में माध्यम आत्मनिर्भर भारत, लोकल फॉर वोकल और एक जिला एक उत्पाद योजना की एक साथ झलक दिखाई देती है। लखनऊ के कैसर बाग स्थित बारादरी में क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी का राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी सभी स्टालों का अवलोकन किया। हस्तशिल्प कारीगरों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में छह वर्ष पूर्व परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला एक उत्पाद की अभिनव योजना शुरू की गई थी। इसमें प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के एक यूनिक प्रोडक्ट का चयन कर उसकी मार्केटिंग की गई। इससे परंपरागत उद्योग को एक नई दिशा और वैश्विक पटल पर पहचान मिल रही है।क्राफ्टरूट्स ग्रामश्री संगठन की एक शाखा है जिसे 2008 में स्थापित किया गया था। यह संगठन भारत की पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं को प्रोत्साहित करता है और कारीगरों को एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। ग्रामश्री की संस्थापक अनारबेन पटेल ने बताया कि प्रदर्शनी में भारत के बाइस राज्यों के सौ से अधिक कारीगरों द्वारा सत्तर से अधिक हस्तशिल्पों का प्रदर्शन किया गया है। इसमें विशेष रूप से पट्टचित्र ओडिशा, लाख चूड़ियां राजस्थान,कांच कला उत्तर प्रदेश और लघु चित्रकला राजस्थान जैसी कलाओं का लाइव प्रदर्शन भी चल रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उन्नत तकनीकी और उपकरण विकसित करें: कृषि मंत्री

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 27वीं बैठक का आयोजन हुआ। कैंट रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के प्रेक्षागृह में परिषद के उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया।
कृषि मंत्री श्री शाही ने बताया कि क्षेत्र में बाढ़, सूखा और कीट-रोग जैसी अनेक चुनौतियाँ हैं, जिन्हें कम करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा- इन बैठकों से न केवल प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है, बल्कि समस्याओं की पहचान कर संभावित समाधानों पर विचार किया जाता है।शाही ने जोर देकर कहा शोध निष्कर्षों का प्रभाव किसानों के खेतों में दिखाई देना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य टिकाऊ, जलवायु-अनुकूल कृषि को प्रोत्साहन देना है।बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी। वहीं वैज्ञानिकों से कृषि की उन्नत तकनीकी और उपकरण विकसित करने की अपील की।इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. अवनीश अवस्थी, सलाहकार, द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्रों की तरफ ध्यान आकृषित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी, महानिदेशक हिमांशु पाठक, वित्तीय सलाहकार केवी राजू, उपमहानिदेशक कृषि प्रसार गौतम, उप महानिदेशक उद्यान विभाग संजय कुमार सिंह, भारतीय गन्ना शोध संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. आर विश्वनाथन और वाराणसी के निदेशक नागेन्द्र राय सहित कई अन्य कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।



### नोडल अधिकारी देखेंगे रोडवेज का संचालन और डिपो का करेंगे निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से सेवानिवृत हुए अधिकारियों को वापस निगम की सेवा में लिया गया है। उन्हें संविदा पर तैनाती दी गई और सलाहकार का पद सुशोभित किया गया है। ऐसे 18 सेवानिवृत अधिकारी अब तक परिवहन निगम की सेवा में वापस लौट चुके हैं और सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। अब कई सलाहकारों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने विभिन्न क्षेत्रों का नोडल अधिकारी भी बना दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि नोडल अधिकारी हर रोज सुबह और शाम बसों के संचालन की स्थिति की जानकारी लेंगे। हर माह नामित क्षेत्र में जाकर क्षेत्र के सभी डिपो का निरीक्षण करेंगे। ज्यादा से ज्यादा बसों को ऑन रोड रखना और संचालन प्रतिफलों का विश्लेषण करेंगे। लोड फैक्टर में सुधार करेंगे। बसों का निरीक्षण करेंगे। बस स्टेशनों की साफ सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान देंगे। कुल 19 अधिकारियों को नोडल अफसर बनाया गया है। पहले से जिन क्षेत्रों के लिए नोडल अफसर तैनात किए गए उनके क्षेत्रों में भी परिवर्तन किया गया है।अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा प्रयागराज क्षेत्र, वित्त नियंत्रक अजय चौधरी वाराणसी क्षेत्र, प्रभारी प्रधान प्रबंधक (कार्मिक/संचालन) अशोक कुमार नोएडा और आगरा क्षेत्र, प्रभारी प्रधान प्रबंधक संचालन अंकुर विकास इटावा क्षेत्र, प्रभारी प्रधान प्रबंधक संचालन अंबरीन अख्तर हरदोई क्षेत्र, प्रभारी प्रधान प्रबंधक एमआईएस अमरनाथ सहाय देवीपाटन क्षेत्र, प्रभारी मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद मेरठ क्षेत्र, सलाहकार (संचालन सेकंड) अतुल जैन कानपुर क्षेत्र, सलाहकार (वित्त) टीकेएस बिसेन सहारनपुर क्षेत्र है।

## सहकारी ग्राम विकास बैंक में ''सहकारी संगठनों में नवाचार, तकनीकी एवं कुशल प्रशासन'' विषय पर हुई विचार गोष्ठी

- निचले पायदान पर रहने वाले कृषकों को मिले सहकारिता क्षेत्र की योजनाओं का लाभ: बीएन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में ''सहकारी संगठनों में नवाचार, तकनीकी एवं कुशल प्रशासन'' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता बीएनसिंह, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता द्वारा की गई। विचार गोष्ठी में बैंक की गत 05 वर्षों में की गई उपलब्धियों के बारे में बैंक के प्रबंध निदेशक शशि रंजन कुमार राव ने विस्तृत रूप से अवगत कराया कि बैंक की वित्तीय स्थिति में गत 05 वर्षों से निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत सरकार द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी के माध्यम से सहकारिता के सुदृढ़ीकरण एवं पारदर्शिता लाने के लिए कंप्यूटरीकरण एवं डिजीटीलाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है जिसमें बैंक की 323 शाखाओं, 18 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय का कंप्यूटरीकरण का कार्य कराया जाना है। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के विशेषकर लघु एवं सीमान्त कृषकों को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र की योजनाओं में ऋण वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश के पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों के लिए अनेकों रोजगारपरक योजनाएं संचालित कर ऋण वितरण किया जा रहा है। विचार गोष्ठी में डॉ राम कोमल प्रधानाचार्य आईसी सीएम आरटी लखनऊ, ने विस्तृत रूप से गोष्ठी के विषय पर आधारित पीपीटी के माध्यम से प्रेजेन्टेशन दिया। सहकारिता के क्षेत्र में कृषकों एवं सदस्यों के साथ पारदर्शिता एवं विश्वास बनायें रखने के लिए ब्राण्डिंग की आवश्यकता पर अति महत्व दिया गया। अनीता मेयकर नाबार्ड प्रतिनिधि ने सहकारिता के क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा लागू की जा रही नई तकनीकी एवं भविष्य के लिए कार्यकुशलता, सहकारिता में डेटाबेस, कृषकों पर आसानी से पहुंच आदि पर तकनीकी रूप से किये जा रहे कार्यों के बारे मे भी अवगत कराया गया अनिल कुमार सिंह, उपसचिव सहकारिता ने सहकारिता के क्षेत्र में कृषकों के हितों में किये जा रहे प्रयासों एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बार में अवगत कराया।बैंक के मृतक बकाएदारों के वारिसानों हितधारकों को ऋणों की अदायगी हेतु सुविधा प्रदान करने के लिए सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर के कुशल मार्गदर्शन में ''मृतक ऋण मोचन योजना 2024'' लागू की गई, जिसमें 1065 ऋणी सदस्यों के वारिसानों हितधारकों ने 10.51 करोड़ रूपये की अदायगी की गई । मुख्य अतिथि बीएन सिंह आयुक्त एवं निबंधक द्वारा अपेक्षा की गई कि सहकारिता क्षेत्र में चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सबसे निचले पायदान पर रहने वाले कृषकों को पहुंचाया जाये तथा कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं कृषकों से निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं के बार में अवगत कराया जाए। किसानों को उर्वरक की आपूर्ति, एवं धान खरीद के लिए एक पोर्टल विकसित करने का सुझाव दिया गया जिससे प्रत्येक सहकारी संस्था अपने कार्यों की विशेषताओं एवं योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए एआई के माध्यम से प्रसारित किया जाए। विचार गोष्ठी में शीर्ष सहकारी संस्थाओं के प्रबंध निदेशक एवं उच्च अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विचार गोष्ठी का संचालन केबी लाल द्वारा किया गया।

# सितम्बर और अक्टूबर में 76 मरीजों को दी गई एक करोड़ तीस लाख रूपए की आर्थिक मदद

- हर महीने अधिक से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता दिलाने का किया जा रहा प्रयास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर सितम्बर और अक्टूबर महीने में प्रयागराज के साथ ही विभिन्न क्षेत्र के गम्भीर बीमारियों के शिकार 76 मरीजों को एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए की आर्थिक मदद दिलाई गई। जिससे कई लोगों को नई जिंदगी मिली। वहीं कईयों का बेहतर ईलाज हुआ। गम्भीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी खजाना पूरी तरह खोल दिए जाने और आम जनता का विश्वास बढ़ने के कारण मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद पाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जुलाई और अगस्त महीने में मंत्री नन्दी की पहल पर जहां 66 मरीजों को एक करोड़ तीस लाख 33 हजार 962 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। वहीं सितम्बर और अक्टूबर महीने में आर्थिक मदद की धनराशि एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए का आंकड़ा पार करते हुए एक करोड़ 70 लाख तक पहुंच गई है।मंत्री नन्दी के पहल पर प्रत्येक महीने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्र व जनपदों के गम्भीर रूप से बीमार दो से तीन दर्जन लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी बेहतर से बेहतर ईलाज करा सकें और अपना जीवन बचा सकें।मंत्री नन्दी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सुख दुख हमारा सुख दुख है। इसलिए पूरा प्रयास यही रहता है कि पैसे के अभाव में बेहतर ईलाज न हो पाने के कारण किसी की जान न जाए और लोग अपनों को न खोएं। इसलिए गम्भीर रूप से बीमार लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं। असाध्य एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईलाज कराने के लिए भटकना न पड़े, परेशान न होना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी खजाना खोल रखा है। मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त धनराशि गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पीड़ितों तक सहायता उपलब्ध कराने में तनिक भी देरी नहीं की जा रही है।सितम्बर महीने में गम्भीर बीमारियों से पीड़ित 41 मरीजों को ईलाज के लिए 98 लाख 37 हजार 500 रूपए की धनराशि वहीं अक्टूबर महीने में 35 मरीजों को 71 लाख 53 हजार 462 रूपए की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई। जिससे बेहतर ईलाज होने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकी। कैंसर, हृदय रोग, हड्डी का ऑपरेशन, किडनी की समस्या से पीड़ित लोगों को दो लाख से 6 लाख तक की धनराशि आर्थिक सहायता प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जा रही है।

# मंडल चुनाव कार्यशाला में दिये संगठनात्मक चुनाव निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा मध्य, सरोजनीनगर एवं उत्तर विधानसभाओं में मण्डल चुनाव कार्यशाला आयोजित हुई। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उत्तर मंडल 4 में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 से 30 नवंबर तक बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का चुनाव होना है, जिसके लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को मंडल चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। सभी शक्ति केंद्रों पर भी चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न हो इसके लिए दूसरे मण्डलों से वरिष्ठ पदाधिकारीयों को मंडल चुनाव अधिकारी बनाया गया है।विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि पार्टी का सक्रिय बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ़ है। बूथ अध्यक्ष ही पार्टी को जीत दिलाने के लिए क्षेत्र में और मतदान केंद्रों पर विपक्षियों से मोर्चा संभालता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है, जिसमें सदस्यता अभियान के बाद सभी दायित्वों पर सांगठनिक चुनाव निर्धारित समय पर पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए जाते हैं।मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि चुनाव कार्यशाला में महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, मण्डल चुनाव अधिकारी रमेश तूफानी, मण्डल अध्यक्ष रामशरण सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, पार्षद प्रदीप शुक्ला, मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कार्तिक पूर्णिमा पर मां लासा देवी मंदिर पर लगा भक्तों का तांता

- लाखों की संख्या में भक्तों ने आदि गंगा गोमती में स्नान कर,मां लासा देवी के किए दर्शन
- कतकी मेला में इटौंजा पुलिस की थी चाक-चौबंद व्यवस्था, मेले मे पुलिसकर्मी गस्त करते दिखाई दिए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**







लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अकड़रिया कलां मजरा लासा गांव में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल मां लासा देवी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला लगता है।इस मेले में श्रद्धालु जाकर आदि गंगा गोमती नदी में स्नान कर मां लासा देवी के दर्शन के साथ ही देवी से इच्छापूर्ति की मनौती कर पूर्ण होने की कामना करते हैं। यहां पर मुंडन हवन कथा भागवत तथा अन्य मांगलिक कार्य संपन्न होते रहते हैं। आपकों बताते चलें कि लखनऊ जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकड़रिया कलां के मां लासा देवी मंदिर पर आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशाल मेला लगता हैं। इस मेले में दूरदराज इलाकों से लोग आकर लासा देवी मंदिर में मां के दिव्य दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। मान्यता है कि मां लासा देवी के मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से अपने मन की मांगने की ललसा मन्नत सच्चे मन से मांगता है उसकी मां लासा देवी मन्नत पूर्ण करती हैं, यह भी मान्यता है कि आदिगंगा गोमती के स्नान करने के बाद मां लासा देवी के सच्चे मन से दर्शन पूजा कर मनौती मांगता है उस भक्त की मनौती अवश्य पूर्ण होती है। मान्यता है जब भगवान श्री राम के पौत्र ने मां चंद्रिका देवी में पूजा कर जब आगे बढ़े तो उन्होंने उस समय आदि गंगा गोमती के पास मां लासा देवी की पूजा की, मंदिर मां लासा देवी के नाम से प्रसिद्ध हैं जो भी भक्त सच्चे मन से मां लासा देवी की पूजा करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेले में लगभग लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर लासा देवी मां के दर्शन कर मेले का आनंद लिया। मां लासा देवी मंदिर बहुत ही प्राचीन एवं पौराणिक प्रसिद्ध मंदिरों में शुमार हैं, लासा देवी मंदिर के पीछे आदिगंगा गोमती की अविरल धारा बहती है दूर-दूर से आये लोगों द्वारा आदि गंगा गोमती में स्नान करके पापों से मुक्त होकर अपना जीवन धन्य बनाते हैं। दूर दूर से आये मां के भक्तों द्वारा आदिगंगा गोमती में डुबकी लगाकर स्नान कर मां लासा देवी को प्रसाद चढ़ाकर पूजा पाठ कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं और मां लासा देवी सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

### मां लासा देवी मेला में इटौंजा पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था, मेले में पुलिसकर्मी गस्त करते दिखाई दिए

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के डीसीपी राम नयन सिंह के नेतृत्व में एडीसीपी जितेन्द्र दुबे के निर्देशानुसार बीकेटी एसीपी ऋषभ एवं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में दरोगा धीरेंद्र राय, नरेंद्र भारती व पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल जाहिद, फरीद अन्य महिला दरोगा सिपाही पीएसी बल द्वारा मेला में गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था करते दिखाई दिए, जहां भीड़ अपने विकराल रूप में थी, वहीं पुलिसकर्मी भी लगातार गस्त कर अराजकतत्वों गुड़दंगियों पर नजर रखकर कड़ी ड्यूटी करते दिखाई दिए। वहीं मां लासा देवी मेला कमेटी की तरफ से भक्तों के लिए जलपान अन्य व्यवस्था की गई, जहां ग्राम प्रधान अन्य कमेटी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गरीब निराश्रितों को बांटा ऊनी कंबल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




शुक्रवार को अमेठी कस्बे के रामलीला मैदान में राघव राम सेवा संस्थान की ओर से निशुल्क ऊनी कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कैबिनेट मंत्री के साथ एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल उर्फ राजा बाबू,आयुक्त अयोध्या गौरव दयाल पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या प्रवीण कुमार ने आठ हजार गरीबों निराशितों को निशुल्क ऊनी कंबल का वितरण किया।इस अवसर पर कई सम्मानित अतिथि और समाजसेवी मौजूद रहे,जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत इक्यावन किलो की माला से किया।स्वागत गीत प्रस्तुत करने के लिए लोक कलाकार धर्मेंद्र पांडेय ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश मंत्री गोविंद नारायण शुक्ल,पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी,व्यापारमंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित,जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित कई अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।राजेश अग्रहरि ने स्वागत भाषण के दौरान अपने जीवन यात्रा के बारे में बताया।उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत फेरीवाले के रूप में मसाला व्यवसाय से की थी।उन्होंने दो लाख रुपए का ऋण लेकर अग्रहरि मसाला उद्योग की स्थापना की।और आज अग्रहरि मसाला उद्योग का वार्षिक टर्नओवर 1200 करोड़ रुपये है।उन्होंने यह भी बताया कि उनकी कंपनी सरकार को 40 करोड़ रुपये का टैक्स देती है।और वे पिछले बीस सालों से लाभांश का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में लगा रहे हैं।उन्होंने राघव राम सेवा संस्थान के माध्यम से जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया।इस बार आठ हजार गरीबों को कम्बल वितरित किए गए। इसके अलावा राघव राम सेवा संस्थान को दो करोड़ रुपये का चेक दिया गया। जो कि ऋण वितरण के लिए उपयोग होगा।साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी को एक अल्ट्रासाउंड मशीन भी सौंपी गई।जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

अयोध्या आयुक्त गौरव दयाल ने कहा कि राजेश अग्रहरि द्वारा विगत कई वर्षों से गरीबों और निराश्रितों की जिले में सेवा भाव के रूप में कर रहे हैं,जब से इस मंडल में मेरी तैनाती हुई है।तब से राजेश और मेरी बातचीत होती रहती है।प्राण प्रतिष्ठा के पहले जिला प्रशासन की मदद की।यह भूलेगा नहीं।इस कार्यक्रम की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं कई दिनों से मैं चाह रहा था कि ऐसे किसी कार्यक्रम में मुलाकात हो।

जिलाधिकारी निशा अनंत ने राजेश अग्रहरि के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा,÷जो इंसान बांटता है,उसके यहां कभी कुछ कम नहीं होता।राजेश अग्रहरि की सफलता का राज यही है। कि ये दिल खोलकर लोगों की मदद करते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।

समाजसेवी राजेश अग्रहरि का यह कार्यक्रम केवल एक सामाजिक पहल नहीं है।बल्कि यह अमेठी के विकास और जरूरतमंदों के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है।उनकी ओर से किए गए इन जनसेवा कार्यों को व्यापक सराहना मिल रही है।और उन्होंने साबित कर दिया है कि एक मजबूत व्यापारिक सफलता को समाज के हित में किस तरह जोड़ा जा सकता है।

## हेलो तुम्हारी बहन को लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला, आंगन में पड़ी थी लाश

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** युवक के पास फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि हेलो तुम्हारी बहन को लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला गया है। मायकेवाले पहुंचे तो आंगन में लाश पड़ी मिली। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में विवाहिता की लाश आंगन में पड़ी मिली। सूचना पर मायकेवाले पहुंचे तो शव देख बिलख पड़े। उन्होंने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली है। घटना तारुन थाना क्षेत्र के गुरौली मजरे रजौरा की है। बीकापुर के सहजपुर मठीवा निवासी मृतका के भाई अनिल निषाद ने बताया कि 2018 में उनकी बहन सुनीता की शादी गुरौली मजरे रजौरा निवासी इंद्रजीत के साथ हुई थी। उनके तीन छोटे बच्चे हैं। शुक्रवार की सुबह आठ बजे एक अनजान व्यक्ति ने फोन करके बताया कि उनकी पहन की परिजनों ने डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रति लापरवाही बरतने पर अधिकारियों का रोका वेतन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 12 अधिकारियों पर कार्रवाई की है। इन अधिकारियों का नवम्बर माह का वेतन रोकते हुए भविष्य में सही ढंग से कार्य करने की हिदायत दी हैउल्लेखनीय है कि अक्टूबर महीने में जनपद की रैंकिंग 62वें स्थान पर होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने समय पर निस्तारण नहीं करने वाले एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला, एसडीएम सलोन मिथिलेश त्रिपाठी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा ,लालगंज के बीईओ मगनदीप सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रामविलास यादव, समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी,जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता ए रहमान, डीआईओ एनआईसी बृजेश तिवारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रभात नारायण तिवारी, लालगंज तहसील के प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडेय का वेतन रोकने का आदेश दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तहसीलदार ऊंचाहार आकांक्षा दीक्षित और तहसीलदार सलोन दीपिका और डीआईओ एनआईसी बृजेश तिवारी को कार्य में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। उन्होंने सभी अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि जनशिकायतों का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के प्रति थोड़ी भी लापरवाही ना बरती जाए अन्यथा की स्थिति में इससे भी गंभीर कार्रवाई हो सकती है।

# रोहनिया में आयोजित हुई ग्राम प्रधानों और प्रतिनिधियों के साथ में संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण बी आर सीमें संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी रोहनिया एवं सदस्य जिला पंचायत राजकुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ एवं दीप प्रज्वलन खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया एवं सदस्य जिला पंचायत रोहनिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरहरा की छात्राओं को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा टी-शर्ट भेटकर उत्साह वर्धन किया गया कार्यक्रम में डीबीटी के माध्यम` यूनिफॉर्मस्कूल बैग स्वेटर जूता मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धन राशि अभिभावकों के खाते में प्रेषित किए जाने के बारे में चर्चा की गईकार्यक्रम में एआरपी अनुराग श्रीवास्तव द्वारा डीबीटी पर चर्चाकीगईएवंप्रस्तुतीकरणभी किया गया ए आर पी विनोद तिवारी द्वारा निपुण भारत मिशन पर विस्तृत चर्चा की गई ए आरपी दिवाकर सिंह वर्मा द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति एवं आउट ऑफ स्कूल पर विस्तृत चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी डा0सत्य प्रकाश यादवद्वाराऑपरेशनकायाकल्पबालिका शिक्षा एवं समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई और समस्त जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रोहनिया द्वारा मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी रोहनिया एवं विशिष्ट अतिथि राजकुमार जिला पंचायत सदस्य को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। समस्त ग्राम प्रधानों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया जिससे सभी लोग अभिभूत दिखे एवं अपने उद्बोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी का आभार प्रकट कियाइस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक संघ के पदाधिकारी पवन कुमार शुक्ला, रघुराज प्रसाद, ज्ञान बहादुर सिंह एवं प्र 0अ0 विकास शुक्ला, रुपेश शुक्ला, जयशंकर अग्निहोत्री, कमल कुमार शुक्ला, कुलश्रेष्ठ सिंह, अजय यादव सहित बी आर सी परिवार से भूपेंद्र कुमार गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, उमेश कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने गंगा आरती के साथ कार्तिक मेले/ डलमऊ महोत्सव का किया उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कार्तिक पूर्णिमा मेला और डलमऊ महोत्सव कार्यक्रम गंगा आरती के साथ प्रारंभ हुआ। गुरुवार को कस्बे के वीआईपी घाट पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह की मौजूदगी में विशाल गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसी दौरान अधिकारियों ने दीपदान कर मेले का शुभारंभ किया। डलमऊ महोत्सव में लखनऊ के कलाकारों द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने मेला महोत्सव में स्थित प्रदर्शनी का अवलोकन किया मेला महोत्सव में एसडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार, एडिशनल एसपी संजीव कुमार,नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, एसडीएम अभिषेक वर्मा, तहसीलदार उमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राम के रंग में रमे अमेरिका के क्ले: बोले-राम भक्ति से मिल रही आत्मिक शांति

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अमेरिका के क्ले राम के रंग में रम गए हैं। बोले कि राम भक्ति से आत्मिक शांति मिल रही है। मौका मिला तो बार-बार अयोध्या आएंगे।

रामनगरी अयोध्या में आठ दिनों से रह रहे अमेरिका के क्ले अब राम के रंग में रम गए हैं। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन के साथ राम नाम का जाप शुरू कर देते हैं। अमर उजाला से बात करते हुए क्ले ने कहा कि वाराणसी के बाद अयोध्या आना हुआ है। हर मंदिर के आकर्षण और ऊर्जा को महसूस करना चाहता हूं। इसके लिए सुबह से ही एक हाथ में डंडा और दूसरे हाथ में माला लेकर जाप कर रहा हूं।

कहा कि डंडा हाथ में अपने बचाव के लिए और माला भगवान को याद करने के लिए है। मन में श्रद्धा हो तो जीवन में आनंद ही आनंद है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता से पूरी तरह अभिभूत हूं। अयोध्या में उन्हें राम की भक्ति से आत्मिक शांति का अहसास हो रहा है। जब भी फिर से मौका मिला तो अयोध्या जरूर आएंगे।

क्ले का कहना है कि यहां के धार्मिक स्थलों की शांति उन्हें प्रेरणा दे रही है। जगह-जगह मंदिरों में हो रहे राम नाम के भजन को उन्होंने सुना। हनुमानगढ़ी, रामलला के भी दर्शन किए। जगह-जगह मंदिरों में हो रहे राम नाम के भजन को उन्होंने सुना। हनुमानगढ़ी, रामलला के भी दर्शन किए। अयोध्या की गली में जब मंदिर से निकल कर वह कनक भवन जा रहे थे तो ईरिक्शा पर सवार भक्त अर्जुन विश्वकर्मा ने क्ले से पूछना चाहा कि वह कहां के हैं? इस पर उन्होंने माला की ओर इशारा किया। माला का 108 चक्र होने एक बाद ही प्रश्न का जवाब दिया।

## डलमऊ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की तरफ से मेला सहायता शिविर का सुधा द्विवेदी ने किया उद्घाटन




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ब्लॉक डलमऊ में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा मेला सहायता शिविर कार्यालय खोला गया जिसका उद्घाटन सरेनी विधानसभा कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी समाज सेविका श्रीमती सुधा द्विवेदी ने मेला सहायता शिविर का फीता काटकर उद्घाटन शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि कार्यालय का उद्घाटन करते हुए मुझे प्रसन्नता हुई कि दूर - दराज से पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को इस कार्यालय से पर्याप्त सुरक्षा एवंसहायतामिलेगी जो भी इस मेला में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आएंगे उनको किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए उसके लिए कांग्रेस पार्टी के तरफ से सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है इस उद्घाटन के मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व सरेनी विधानसभा के प्रभारी संतोष त्रिवेदी आकर्षन द्विवेदी गजेंद्र सिंह राकेश त्रिपाठी ऋतिक जायसवाल राहुल सभासद जावेद अली गुरबख्श बक्शी रामखेलावन द्विवेदी जगदीश यादव सूर्यकुमार बाजपेई सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता का इस मेल सहायता शिविर में मौजूद रहे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान आश्रम का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम शाखा मुंशीगंज का वार्षिकोत्सव आज आश्रम परिसर में पूरी आस्था एवं विश्वास के साथ मनाया गया14 नवम्बर को प्रातः 9:00 बजे से ''सर्वेश्वरी त्वम् पाहिमाम् शरणागतम्'' का अखण्ड कीर्तन पाठ के साथ प्रारम्भ हुआ जो कि अनवरत 24 घण्टे उपरान्त समाप्त हुआ कार्यक्रम में आजप्रातःश्रद्धालुओं द्वारा सफाई व श्रमदान किया गया तदुपरान्त अघोरेश्वर वचनामृत का पाठ आश्रम के छोटे साधु एवं सफलयोनि का पाठ आश्रम के व्यवस्थापक बृजेश सिंह द्वारा किया गया। पूर्वान्ह 11:30 बजे से समूह के केन्द्रीय मंत्री डा0 एस.पी. सिंह की अध्यक्षता एवं संत बाबा मगहिया राम की गरिमामयी उपस्थिति में एक पारिवारिक गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी का संचालन विजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया, गोष्ठी का प्रारम्भ चन्द्रकान्त द्विवेदी द्वारा मंगलाचरण वाचन से हुआ। गोष्ठी को शिवलखन सिंह, हर्षेन्द्र सिंह 'छोटे राजा', रवीन्द्र सिंह, थौरी शाखा में मंत्री माताफेर मौर्य, हण्डौर प्रतापगढ़ शाखा के अनिल कुमार, प्रयागराज शाखा के मन्त्री अरूण कुमार ने अपने विचार रखे तथापि डा0 एस.पी. सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन एवं शाखा के उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। औघड़ सन्त बाबा मगहिया राम द्वारा स्वात्माराम-आत्माराम के संकीर्तन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा की सायं पूरे आश्रम परिसर को दीपों से सजाया जाता है, जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में शहरवासी एवं राहगीर उपस्थित रहते हैंकार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश सिंह, आर.के. यादव, राजन रस्तोगी, शैलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र यादव, महेन्द्र बहादुर सिंह, विमल सिंह, विनोद जायसवाल, सूरज सिंह, ओपी यादव, मुकेश रस्तोगी, पूनम तिवारी, गुड्डन श्रीवास्तव, अरूणा सिंह, जया रस्तोगी, आशुतोष सिंह 'राजू', गोविन्द सिंह, शान्ती देवी, कुसुम सिंह, विश्वनाथ मिश्र, प्रशांतमणि सिंह रघुवंशी, कार्तिकेय सिंह, अमन सिंह, शुभम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय में पेशी पर आए युवक पर हुआ जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद के दीवानी न्यायालय में पेशी पर आए एक युवक पर बेखौफ दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल में लाया गया जहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना 14 नवंबर 2024 दिन गुरुवार को समय करीब 1꞉00 बजे के आसपास की है। रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवानी न्यायालय में पति पत्नी के विवाद के चलते गदागंज थाना क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग निवासी एक युवक को पेशी पर लाया गया था जिस पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के अधिवक्ता ने बताया कि मेरे क्लाइंट का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा है जिसके चलते क्लाइंट को न्यायालय में मेडिएशन के लिए लाया गया था। जिस पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा बात करने के बहाने बुलाकर किसी धारदारहथियारसेहमलाकरदियागया घायल युवक के अनुसार मारपीट करने वालों में उसकी पत्नी के साथ आए भाई व अन्य लोगों द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकरण में क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह ने बताया कि पति पत्नी के विवाद के चलते दोनों पक्षों को न्यायालय में बुलाया गया था। दोनों पक्ष बातचीत करने हेतु छत पर गए थे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया और युवक के ससुरालीजनों द्वारा धक्कामुक्की में युवक गिर गया जिससे उसे चोट लग गई आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा लिखा जा रहा है।

# राम मंदिर को बम से उड़ा देंगे

### खालिस्तानी आतंकी की धमकी के बाद सतर्कता बढ़ी, हर पल अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर को सिख फॉर जस्टिस चीफ खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इसे लेकर अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पन्नू ने पिछले दिनों एक वीडियो जारी कर 16-17 नवंबर को कहा था कि राममंदिर में हिंसा होगी। हम हिंदुत्व विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे। शुक्रवार को राम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षा एजेंसियों के साथ एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बैठक भी की। राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में पहले से ही सीआरपीएफ, एसएसएफ, पुलिस व पीएसी के जवान तैनात हैं। इसके लिए पूरा परिसर सीसीटीवी, वॉच टॉवर, बूम बैरियर, स्कैनर आदि सुरक्षा के आधुनिक संसाधनों से लैस है।



**पूरी तरह से अभेद्य रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा**

एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि सभी सुरक्षा एजेंसियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे मंदिर परिसर की निगरानी आधुनिक कैमरों से की जा रही है। सीआरपीएफ व एसएसएफ की टीम को विशेष रूप से मुस्तैद रहने को निर्देशित किया गया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं, रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा पूरी तरह से अभेद्य है।

# खेल हमारे जीवन में एक अहम भूमिका निभाते हैं: पूर्व सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मकबरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में लोकसभा प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। 4 सितम्बर से ब्लाक स्तर पर प्रारम्भ हुई प्रतियोगिताओं में विजेता तथा उपविजेता टीमों का फाइनल लोकसभा स्तर पर खेला गया। वॉलीबाल, रस्साकसी, कबड्डी, एथलेटिक्स में दौड़, फुटबाल तथा क्रिकेट की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलन कर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों को शुरू करवाया। खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा महापौर का माल्यापर्ण कर तथा रामनामा पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने विजेता तथा उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया।

लोकसभा स्तर पर खेले गए प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के मुकाबलों में वालीबाल प्रतियोगिता में मिल्कीपुर प्रथम तथा दर्शन नगर द्वितीय स्थान पर रहा। रस्साकसी में पूराबाजार प्रथम विजेता तथा पूराबाजार द्वितीय उपविजेता बना। कबड्डी के मैच में मसौधा विजेता तथा सोहावल उपविजेता रहा। फुटबाल की प्रतियोगिता में अलस्टार क्लब ने एक्स आर्मी क्लब को पराजित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कबीर नगर ने हनुमत नगर को हराया।

दौड़ प्रतियोगिताओं में 100 मी. में प्रवीन तिवारी विजेता तथा आदित्य उपाध्याय उपविजेता रहे। 200 मी. में अर्पित सिंह ने धीरेन्द्र सिंह को हराया। 400 मी. में अवनीश यादव ने प्रथम स्तर प्राप्त किया। सोनू यादव दूसरे स्थान पर रहे। 800 मी की प्रतियोगिता में राज लोधी प्रथम तथा राकेश यादव दूसरे स्थान पर रहे। 1500 मी में राकेश यादव विजेता बने। उपविजेता आयुषा यादव रहे।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि खेल का महत्व जीवन के हर क्षेत्र में है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि एक बेहतर और संतुलित जीवन जीने के लिए आवश्यक गुणों का विकास भी करता है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच मिलता है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में एक अहम भूमिका निभाते हैं। यह न केवल शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाए रखने का एक साधन है, बल्कि मानसिक विकास और चरित्र निर्माण में भी मदद करता है। खेल हमारे जीवन में अनुशासन, सहयोग, और नेतृत्व जैसी महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में सहायक होते हैं।

इस दौरान कमला शंकर पांडे, अवधेश पांडे बादल, ओम प्रकाश सिंह, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड, करुणाकर पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, अशोक कसौधन सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।



### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में...

सदर कोतवाली क्षेत्र में गांव मथना निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है...

▶ शेष पेज 07 पर...







# बिठूर का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला ले रहा अपनी अंतिम सांसें

- मेले को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन को उठाने होंगे ठोस कदम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। कार्तिक पूर्णिमा मेला बिठूर के घाटों पर लगने वाला वर्ष का सबसे बड़ा मेला है। लेकिन वर्तमान समय में यह मेला अपनी अंतिम सांस ले रहा है। यह कहने में बुरा जरूर लगता है लेकिन आने वाले समय में यह मेला पूरी तरीके से खत्म हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में कार्तिक पूर्णिमा मिले की तस्वीर ही बदल कर रह गई है। बिठूर जो के ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है। अन्य तीर्थ पर लगने वाले मेला को और बड़ा करने के लिए क्षेत्रीय प्रशासन और जिला प्रशासन कड़ी मेहनत करता है। वही बिठूर का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला अव्यवस्थाओं की बलि चढ़ गया है। आपको सर्वप्रथम इस मेले के लगने के पीछे के रहस्य के बारे में बताते हैं। त्रिपुरा सुर नाम के महादत से देवलोक और पृथ्वी लोक त्राहिमाम कर रहा था। तब तब महादेव ने त्रिपुरासुर का वध कर देवलोक और पृथ्वी लोक को इस आततायी राक्षस से मुक्त कराया था। त्रिपुरासुर राक्षस का संघार करने के बाद ही भगवान भोलेनाथ को त्रिपुरारी नाम से जाना गया। तब से लगातार इस दिन को कार्तिक पूर्णिमा के रूप में मानते चले आ रहे हैं। ऐसी भी मान्यता है कि आज के दिन पवित्र नदी में स्नान कर दान पुण्य करने से कोटि यज्ञ फल प्राप्त होता है। यह अभी कहा जाता है की कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवलोक से देवता मनुष्य का रूप धारण करके पृथ्वी लोक में आते हैं और पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इस दिन दीपदान करने का विशेष महत्व है। पहले बिठूर का कार्तिक पूर्णिमा मेला 15 दोनों का हुआ करता था। समय बदलता यह एक सप्ताह और फिर तीन दिन का लगने लगा। लेकिन बीते कुछ समय में व्यवस्थाओं के अभाव में यह मेला सिमट कर एक दिन का ही रह गया है। अगर ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में बिठूर का यह कार्तिक पूर्णिमा मेला केवल यादों में ही रह जाएगा।



### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ मेला

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं ने घने कोहरे के बीच भोर से ही बिठूर के एक दर्जन से अधिक घाटों पर गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कड़े इंतजाम किए गए थे। रात के वक्त बड़े वाहनों को नगर के बाहर ही पार्किंग स्थलों पर रोक दिया गया था। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। मेले के दौरान कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के उच्च अधिकारी मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए भी नजर आए। किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए घाट के किनारे जल पुलिस के अलावा स्थानीय फोर्स मोटर बोट के द्वारा पेट्रोलिंग करता हुआ नजर आया। बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा के अलावा एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे भी मेला स्थल की निगरानी कर रहे थे। कार्तिक पूर्णिमा मेले में लगभग डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर दान पुण्य किया। मेला व्यवस्था लेकर एक दिन पूर्व खुद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने घाटों का बारीकी से निरीक्षण किया था।

### बिठूर के इन घाटों पर किया गया गंगा स्थान

बिठूर के प्रमुख तीर्थ ब्रह्मावर्त घाट समेत सीता घाट, बारादरी घाट, पत्थर घाट, गोदारा घाट, रानी लक्ष्मीबाई घाट, भैरव घाट, भरत घाट, कौशल्या घाट, छप्पर घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से लक्ष्मण घाट और नया पक्का पुल घाट को गंगा स्नान के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

### शाम को देव दीपावली का हुआ भव्य आयोजन

कार्तिक पूर्णिमा के समापन अवसर पर शाम के वक्त उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और मायरा इंटरनेशनल ग्रुप की ओर से भव्य देव दीपावली का आयोजन बिठूर के पत्थर घाट पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गंगा मां की महा आरती से हुई। कार्यक्रमों की कड़ी में 21 000 दीपक जलाए गए और गंगा मां को दान किए गए। इसके अलावा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।









# नशेबाजी का विरोध करना एक युवक को पड़ा भारी, कुत्ते से कटवाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बर्रा शिवनगर में नसीब जी का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। घर के बाहर बीच सड़क पर शराब पी रहे दबंगों न अपने साथियों को बुलाकर उसे युवक को बेरहमी से पिता इतना ही नहीं रॉटविलर कुत्ते से भी कटवाया। मारपीट और कुत्ते के कटवाने से युवक खून से लथपथ हो गया। घरवालों को सूचना मिलने के बाद घर वाले बीच बचाव करने पहुंचे तो दबंगों ने उन्हें भी पीट दिया। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए तब कहीं जाकर दबंग आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। सूत्रों के मुताबिक गोविंद नगर निवासी सुमित सिंह का बर्रा के शिवनगर में भी एक मकान है। सुमित ने बताया की 13 नवंबर की रात को वह बर्रा शिवनगर स्थित मकान में किराया लेने के लिए गया था। इस दौरान राजा नाम का एक युवक घर के बाहर शराब पीने के साथ-साथ ही नशेबाजी कर रहा था। विरोध करने पर राजा ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इस दौरान राजा के घर वाले आ गए। और उसे घर के भीतर खींच लिया। 10 मिनट बाद ही राजा कुणाल अमन राजपूत प्रफुल पांडे समेत अन्य गुंडे जाकर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान इसी में काम में रहने वाला मेरा बेटा राहुल भी घर के बाहर निकल आया। मामले की जानकारी मिलते ही छोटा बेटा रोहित भी बाइक से आ गया। रोहित जब आया तो उसकी बाइक वहां मौजूद कुणाल के टच हो गई। इससे रोहित अनियंत्रित होकर गिर गया। इस वजह से रोहित और कुणाल दोनों को चोट आ गई। इसके बाद दोनों के बीच में गाली गलौज शुरू हो गई गाली गलौज मारपीट में बदल गई और देखते ही देखते बवाल बढ़ गया। आरोपियों सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कानपुर विश्वविद्यालय का इस्तांबुल विश्वविद्यालय से हुआ एमओयू



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर और इस्तांबुल विश्वविद्यालय तुर्की के बीच में एमओयू हुआ है। इस एमओयू मैं विश्वविद्यालय की कुलपति एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर विनय कुमार पाठक और इस्तांबुल विश्वविद्यालय तुर्की के डायरेक्टर प्रोफेसर जुल्फिकार ने हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन इस्तानबुल विश्वविद्यालय में डायरेक्टर के कार्यालय में किया गया है। कुलपति प्रोफेसर पाठक ने बताया कि समझौता ज्ञापन के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र और शिक्षक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर के अनुसंधान और अकादमिक डेवलपमेंट के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हम लोगों का लगातार यह प्रयास है कि हमारे छात्रों और वैश्विक पटल पर शोध एवं शिक्षण के लिए अवसर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत 1 वर्ष पूर्व उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं अकादमिक सहयोग प्रकोष्ठ की स्थापना की थी। यह प्रकोष्ठ अभी तक 20 अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू साइन कर चुका है। यह प्रकोष्ठ विदेशी छात्रों को कानपुर विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। जिससे इस सत्र में 10 विदेशी छात्र विश्वविद्यालय में दाखिल हुए हैं। उन्होंने इस्तांबुल समझौते के बारे में बताया कि न केवल हमारे छात्रों को किसी विदेशी विश्वविद्यालय के साथ काम करने का अवसर मिलेगा बल्कि दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एक दूसरे की संस्कृति को भी बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

# सौतेले पिता पर बेटी के अपहरण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



नौबस्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर ही बेटी को अपहरण किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मां का आरोप है कि घर में झगड़ा करने के बाद पति बेटी को लेकर कहीं चला गया। उसके बाद बेटी को काफी खोज तो पता नहीं चला। यह जानकारी मिली है की पति एक दुकान में बेटी को समोसा खिला रहा था। उसके बाद पति बेटी को लेकर कहां गया कुछ नहीं पता।

सूत्रों के मुताबिक नौबस्ता इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि मछरिया निवासी तबस्सुम ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 10 नवंबर को पति शीबू शाम के करीब 6ः00 बजे घर में झगड़ा करने लगा था। इसके बाद वह मेरी 14 वर्षी बेटी को लेकर घर से चला गया। देर रात तक जब दोनों लोग घर नहीं लौटे तो उसने बेटी की खोज भी शुरू की। 2 दिन बाद तबस्सुम को पता चला कि चिस्ती नगर में शीबू बेटी को लेकर एक दुकान में समोसा खा रहा था। इसके बाद जब तक तबस्सुम मौके पर पहुंची तब तक शीबू वहां से जा चुका था। पुलिस के मुताबिक तबस्सुम और शीबू दोनों की ही ये तीसरी शादी है। तबस्सुम की 14 वर्षीय बेटी उसके पहले पति की थी।

इसके चलते शीबू उससे ना खुश रहता था।

शादी के बाद से तबस्सुम और शीबू में किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ करता था। इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति शीबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्टंटबाजी के चक्कर में एक की मौत


- एजी ऑफिस के सामने ब्लाइंड मोड पर तेज रफ्तार बाइक बेकाबू हो गई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के वीआईपी रोड स्थित मंडलायुक्त कार्यालय के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार स्लिप हो गये। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को उर्सला में उपचार के लिए एडमिट कराया जहां पर जांच के बाद एक को डॉक्टर दरा मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस की माने तो स्टंट बाजी के दौरान यह घटना हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी कोतवाली के मुताबिक दोपहर 2.30 बजे अपाचे बाइक सवार तीन युवक तेज रफ्तार के साथ माल रोड की तरफ सरसैया घाट चौराहे से होते हुए जा रहे थे। एजी ऑफिस के सामने ब्लाइंड मोड पर तेज रफ्तार बाइक बेकाबू हो गई और तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। रागिरो और आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उर्सला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जांच के बाद डॉक्टरों ने एक युवक जोकि फेथफुल गंज का रहने वाला बताया जा रहा है। ईशान उम्र 20 वर्ष को अमृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शन के मुताबिक तीनों युवक बाइक के ऊपर स्टंट कर रहे थे तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और ईशान का सर पोल से टकरा गया जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सीएम के दूसरे दौरे के जवाब में अखिलेश भी आएंगे दोबारा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में भाजपा और सपा के लिए सीसामऊ सीट प्रतिष्ठा की बन गई है। दोनों पार्टियां अभी जीत का दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। दोनों पार्टियों के नेता जीत के लिए जी-जान लगा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के 2.69 लाख मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए दोनों पार्टियों के लगभग सभी बड़े नेता पिछले 10 दिनों में यहां आ चुके हैं।

दोनों दलों के लिए यह चुनाव आसान नहीं है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव को एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार फिर से आना पड़ रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है। मुख्यमंत्री नौ नवंबर को यहां आए थे, उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के पक्ष में यहां के दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क में जनसभा को संबोधित कर भाजपाइयों में जोश भरा था।

उसके बाद से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। उसके बाद 13 नवंबर को सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा कर सपाइयों का मनोबल बढ़ाया था। अब दोनों नेताओं का दोबारा कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी 16 को यहां पर 1.4 किमी का रोड शो करेंगे, जिसकी तैयारी में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट गए हैं।

उधर, 18 नवंबर को एक बार फिर से पूर्व सीएम अखिलेश यादव के रोड शो को लेकर सपा नेता तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा कई प्रमुख नेता यहां पर आकर प्रचार-प्रसार कर चुके हैं, कई अगले दो दिनों में आएंगे। इस बीच सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे इरफान सोलंकी की कोर्ट से सजा बरकरार रखने और एक मामले में जमानत मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कोर्ट के इस फैसले से दोनों पार्टियां अपना-अपना नफा नुकसान का लेखा जोखा करने में जुटी हैं।

### अभी कई मामलों में जेल के अंदर ही रहेंगे इरफान

भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि कोर्ट ने माना कि इरफान सोलंकी अपराधी हैं, इसी वजह से यहां पर उप चुनाव कराना पड़ रहा है। वहीं, सपा नेताओं का मानना है कि इरफान को कोर्ट से एक मामले में जमानत मिलने का मतलब है कि उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह सही नहीं हैं। हालांकि इरफान सोलंकी अभी कई मामलों में जेल के अंदर ही रहेंगे।

#### पिछले चुनाव के हार जीत के आंकड़े

वर्ष 2022
सपा इरफान सोलंकी कुल वोट.. 50.68 प्रतिशत
भाजपा सलिल विश्नोई कुल .. 42.83 प्रतिशत
कांग्रेस हाजी सुहेल अहमद .. 3.60 प्रतिशत
बीएसपी रजनीश तिवारी ... 1.88 प्रतिशत

वर्ष 2017
सपा इरफान सोलंकी कुल वोट.. 47.35 प्रतिशत
भाजपा सुरेश अवस्थी कुल ..43.58 प्रतिशत
बीएसपी नंदलाल कोरी...7.75 प्रतिशत

> हमारी तैयारी काफी मजबूत है। न्यायालय ने भी इरफान सोलंकी की सजा यथावत रखी है। इससे यह सिद्ध होता है कि कोर्ट ने भी पूर्व विधायक को अपराधी करार दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जवाब देना होगा कि एक अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को टिकट क्यों दिया, जिसकी वजह से सपा ने सीसामऊ की जनता को फिर से चुनाव में उतरना पड़ा है। यहां की जनता किसी भी सूरत में अपराधी पर भरोसा नहीं करेगी।
>
> **प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा**

> सपा प्रत्याशी के प्रति जनता की सहानुभूति है। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इस बार इरफान सोलंकी से भी ज्यादा वोट नसीम सोलंकी को मिल सकते हैं। हमने पूरे विधानसभा क्षेत्र में वार्ड और बूथ स्तर तक तैयारी कर रखी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से 18 नवंबर को यहां आने के लिए अनुरोध किया गया है। ऐसे में माहौल हमारे पक्ष में जा रहा है।
>
> **हाजी फजल महमूद, महानगर अध्यक्ष, सपा**

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नॉर्थ स्टार हॉस्पिटल ने आयोजित किया मेगा हेल्थ कैंप



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर के मोतीझील स्थित गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की उपलक्ष में नॉर्थ स्टार हॉस्पिटल की तरफ से निशुल्क हड्डी एवं चरण रोग का मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने पर चढ़कर अपनी जांच करवाई वह अपने स्वास्थ्य की जानकारी ली और साथ ही यह पर ज्यादातर मरीज घुटनों के दर्द से परेशान थे जिस पर डॉ के द्वारा उचित सलाह दी गई इसमें मुख्य रूप से नार्थ स्टार हॉस्पिटल के मैनेजर सनी सिंह, डॉ पुष्पेंद्र सिंह, डॉ श्वेता, निधि सिंह, अनुराग, डॉ प्रियंका, विक्टोरिया मौसी मौजूद रहे।

# लाल इमली श्रमिक संगठन ने बीजेपी को दिया समर्थन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर की बहु चर्चित विधानसभा सीसा मऊ उपचुनाव के ठीक पहले लाल इमली कर्मचारी संगठन ने भाजपा को अपना समर्थन दे दिया है। लाल इमली के श्रमिक नेताओं ने यूपी के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने श्रमिक नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में या घोषणा की है। सुरेश खन्ना ने भी यह भरोसा दिलाया है की सबसे पहले 32 महीने का बकाया वेतन कर्मचारी नेताओं की कम वह केंद्रीय कपड़ा मंत्री के साथ बैठक कराएंगे। इसके साथ ही मिल चलाने को लेकर एक संभव प्रयास किया जाएगा।

आपको बताते चलें हाल ही में सीसाम ऊ उपचुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा का आयोजन किया गया था। जनसभा के दौरान मंच से बोलते हुए लाल इमली को चलाने की घोषणा की गई थी।

इस घोषणा के बाद से लाल इमली के कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मिल चलाने का कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इस वजह से लाल इमली के कर्मचारी नेताओं ने भाजपा का विरोध शुरू कर दिया था। आकर्षित कर्मचारियों ने समाजवादी पार्टी को समर्थन भी दे दिया था।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव 13 नवंबर को कानपुर में जनसभा के दौरान लाल इमली कर्मचारी संगठन के नेताओं को मंच पर बुलाकर उनका ज्ञापन लिया। इसके बाद ही सरकार बदलने पर मिल को चलाने का भरोसा दिलाया था।

इसके बाद पूर्व केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय कमीशन बोर्ड के सदस्य व भाजपा नेता मनोज सिंह ने लाल इमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह उपाध्यक्ष नाथूराम बुंदेला महामंत्री राशिद अली समेत अन्य कर्मचारी नेताओं से बैठक की। पार्टी के बड़े नेताओं से बात कर कर लाल इमली कर्मचारी संगठन के नेताओं को भरोसे में ले लिया।

32 महीने का बकाया वेतन दिलाने सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से मीटिंग करने पर कर्मचारी नेता सहमत हो गए और अपना समर्थन भाजपा को दे दिया है।

### अलग-अलग इलाकों में हुए भीषण सड़क हादसे, पांच की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। कानपुर में बिना हेलमेट लगाए तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना पांच लोगों पर भारी पड़ गया। शहर के अलग-अलग इलाकों में हुए सड़क हादसों में हेलमेट न पहनने की वजह से तीन युवकों की सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। वहीं, एक युवक और अधेड़ को राह चलते तेज रफ्तार चार पहिया वाहनों की टक्कर से मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बर्रा आठ कच्ची बस्ती निवासी राजमिस्त्री राकेश का बेटा शुभम (20) ए टू जेड कंपनी में डोर टू डोर कूड़ा उठान का काम करता था। परिवार में शुभम के अलावा एक छोटा भाई अरमान उर्फ छोटा, बहनें मुस्कान सोना व मां माया है। पिता ने बताया कि दिवाली की रात 10 बजे वह अपनी मां को बाइक से छोड़ने नौबस्ता गया था। वहां से वापस घर आते समय अचानक डिस्कब्रेक लगाने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। हाथ, पैर के अलावा हेलमेट न पहने होने के कारण सिर में गंभीर चोटे आईं। राहगीरों ने पुलिस की मदद से बेहोशी की हालत में उसे हैलट में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान बुधवार रात उसने दम तोड़ दिया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# राजनीतिक पूंजी बचाने और बागियों को सबक सिखाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे शरद

**शरद पवार ने मतदाताओं से विश्वासघाती को हराने की भावुक अपील की, जो पिछले साल जुलाई में भुजबल के अजित पवार के साथ जाने से उन्हें लगी गहरी चोट को दर्शाता है। शरद पवार ने खुलासा किया कि राकांपा में फूट के बाद भुजबल उनके घर पहुंचे और उनके व अजित पवार के बीच सुलह कराने की पेशकश की, लेकिन वह दोबारा कभी नहीं आए। शरद पवार ने कहा कि भुजबल की कमियों को नजरअंदाज करते हुए उन्हें नेता प्रतिपक्ष से लेकर उपमुख्यमंत्री तक कई अहम पद सौंपे गए, बावजूद इसके उन्होंने राजनीतिक शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दीं और उन्हें धोखा दिया। शरद पवार ने कहा कि भुजबल का उन्हें और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे समेत अपने राजनीतिक गुरुओं को धोखा देने का इतिहास रहा है।**

*राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के लिए इस बार का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पहले के चुनावों की तरह सामान्य नहीं है। यह चुनाव शरद पवार के लिए सिर्फ सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी नहीं है। शरद पवार के लिए इस बार का चुनाव अपनी जीवन भर की राजनीतिक कमाई को बचाने और धोखा देने वालों को सबक सिखाने का चुनाव भी है। हम आपको याद दिला दें कि भतीजे अजित पवार ने चाचा शरद पवार द्वारा बनाई गयी पार्टी एनसीपी पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल और धनंजय मुंडे जैसे कई नेता हैं जिनको संकट के समय शरद पवार ने राजनीतिक सहारा देकर उबारा था लेकिन वह धोखा देकर अजित पवार के साथ चले गये। इसलिए इस चुनाव में शरद पवार हर वो चाल चल रहे हैं जिससे उनको धोखा देने वालों को सबक सिखाया जा सके। जहां भावनात्मक कार्ड खेलना है वहां शरद पवार इमोशनल हो जा रहे हैं, जहां राजनीतिक चाल चलनी है वहां वह आक्रामक हो जा रहे हैं। उनको इस बार कितनी बड़ी राजनीतिक कामयाबी मिल पाती है यह तो परिणाम ही बताएंगे लेकिन इतना तो दिख ही रहा है कि महाराष्ट्र की राजनीति के वटवृक्ष माने जाने वाले शरद पवार दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बारामती में लोकसभा चुनावों के दौरान शरद पवार का इमोशनल कार्ड लोकसभा चुनावों में भी चला था जब उनकी बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ उनके भतीजे अजित पवार ने अपनी पत्नी को चुनाव में उतार दिया था। अब अजित पवार के खिलाफ उनके भतीजे रोहित पवार को उतार कर जब शरद पवार प्रचार के लिए उतरे तो उन्होंने फिर से भावनात्मक कार्ड खेला और सक्रिय राजनीति से संन्यास के संकेत दिये। एक तरफ उन्होंने बारामती में इमोशनल कार्ड खेला तो दूसरी ओर राजनीतिक कार्ड खेलते हुए अजित पवार को घड़ी चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने और अपनी फोटो का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत की शरण भी ली। शरद पवार साथ ही उन सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी जा रहे हैं जिन्होंने अजित पवार के नेतृत्व में उनको धोखा दिया। उन विधायकों के क्षेत्रों में जाकर वह उनकी कारगुजारियों से जनता को अवगत करा रहे हैं और उन्हें सबक सिखाने के लिए कह रहे हैं। इस क्रम में शरद पवार ने पूर्व सहयोगी दिलीप वलसे पाटिल के खिलाफ मोर्चा खोला। 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अंबेगांव विधानसभा क्षेत्र में शरद पवार ने कहा कि दिलीप वलसे पाटिल कहते रहे कि साहेब (शरद पवार) मेरे बारे में (कुछ भी नकारात्मक) बात नहीं करेंगे, लेकिन मेरे पास कहने के लिए क्या बचा है? दिलीप वलसे पाटिल ने हमें धोखा दिया, और जिन्होंने हमें धोखा दिया है उन्हें दंडित करने की आवश्यकता है। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि देवदत्त निकम इस सीट पर भारी अंतर से जीतें।'' शरद पवार ने कहा, ''जिन्हें मैंने पद, शक्ति, अधिकार और प्रतिष्ठा दी है, उनसे मैं कुछ नहीं चाहता। आज कई लोग उनसे परेशान हैं। उनके कैबिनेट में शामिल होने का फैसला लोगों को पसंद नहीं आया। उनका कहना है कि हमारे साथ उनके बहुत अच्छे रिश्ते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।*

## एक्सप्रेस आलेख

'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं।

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा



ललित गर्ग

**सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं।**

गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढ़ेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न



**यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिराने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन ताजा स्थितियां एवं गंगा का प्रदूषण बताता है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है?**

रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है। गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है।

## एक्सप्रेस कविता

*इससे पहले कि हवाएं शब्द भंडार ले जाएं चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं। इससे पहले कि हिम श्रृंखलाओं की बर्फ पिघल जाए, उससे कुछ ठंडी छुअन ले लेते हैं। इससे पहले कि लंबी वृक्ष श्रृंखलाएं ग्रीष्म में पत्तों को त्याग दें, कुछ बसंत ले लेते हैं। इससे पहले कि जीवन मधुर संगीत सुनाना बंद कर दे, कुछ स्वर लहरी गुनगुना ले लेते हैं। इससे पहले कि जीवन कि सांध्य बेला मौसम पर छा जाए, अपने अंदर के बच्चे को जी लेते हैं। इससे पहले की कठोर धरातल और पथरीली हो जाए चलो थोड़ा खिलखिला लेते हैं। इससे पहले की प्रकृति सब कुछ ले जाए दोस्तों के संग गलबहिया डाले कुछ बतिया लेते हैं। इससे पहले कि हम इतिहास बन जाएं, शब्दों का संसार रच लेते हैं। इससे पहले की परिस्थितियां विलग हो जाएं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए इसे हमेशा मंत्र के समान गुप्त रखकर, उसकी रक्षा करनी चाहिए**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 23:50 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 19:28 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | परिध, 23:47 |
| सूर्योदयः | 06:45 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 09:25-10:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

**है प्रदर्शन काल !**

*रस्साकस्सी चल रही ।*
*किसको दें कमान ?*
*सबकी है प्रतिष्ठा ।*
*और सबका सम्मान ।।*
*अपनी-अपनी शक्ति का ।*
*है प्रदर्शन काल ।।*
*कौन कौन है एकजुट ।*
*है बड़ा सवाल ।।*
*खुल रही है कलई ।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*सबकी इच्छा बलवती ।*
*छू लें आसमान ।।*
*है भविष्य के गर्भ में ।*
*होगा कब कमाल ?*
*है बड़ा दिलचस्प ।*
*गलनी किसकी दाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शिशु को नुकसान पहुंचा सकती है प्रदूषित हवा

**देश** की राजधानी दिल्ली समेत पूरा एनसीआर एक बार फिर गैस चैंबर बन चुका है। दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गुरुवार (14 नवंबर) को दिल्ली के वसंत विहार इलाके में सुबह 11 बजे एक्यूआई 1300 दर्ज किया गया। वसंत विहार के अलावा भी दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 1000 के पार दर्ज किया गया है। दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण वयस्कों के साथ-साथ नवजात शिशु को भी नुकसान पहुंचा रहा है। नवजात शिशुओं के फेफड़े और इम्यून सिस्टम कमजोर होते हैं। ऐसे में वायु प्रदूषण उनके शारीरिक विकास में भी बाधा डाल सकता है। डॉ. आस्था दयाल के अनुसार, प्रदूषित हवा शिशुओं के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। दरअसल, शिशुओं का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है और उनका श्वसन तंत्र भी अभी विकसित हो रहा होता है। ऐसे में अगर शिशु वायु प्रदूषण के संपर्क में आता है, तो इसकी वजह से सांस लेने में परेशानी देखी जाती है। इसके अलावा प्रदूषित हवा के कारण शिशु को नीचे बताई गई परेशानियां भी हो सकती हैं।



**फेफड़ों का इंफेक्शन:** हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदूषित हवा में धूल, मिट्टी और कई केमिकल मौजूद होते हैं। इस हवा में शिशु सांस लेता है, तो इससे उसे फेफड़ों का इंफेक्शन हो सकता है।

**खांसी और गले की खराश:** प्रदूषित हवा में मौजूद धूल, मिट्टी शिशु को खांसी और गले की खराश का कारण बन सकती है। इसकी वजह से उन्हें खांसी, छींक, नाक बंद होना जैसी समस्या भी हो सकती है।

**त्वचा संबंधी एलर्जी:** प्रदूषित हवा में एलर्जेन और कई प्रकार के केमिकल्स होते हैं, जो शिशुओं में त्वचा पर खुजली, दाने, और एलर्जी की समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

**आंखों में जलन:** प्रदूषित हवा में रहने की वजह से शिशु को आंखों में जलन या लालिमा जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**कमरे को रखें साफ:** जन्म के बाद लगभग 1 साल तक शिशु अपना ज्यादातर समय कमरे और घर के अंदर ही बीताते हैं, इसलिए शिशु के कमरे को ज्यादा से ज्यादा साफ रखने की कोशिश करें। शिशु के कमरे में धूल और धुएं को रोकने के लिए वेंटिलेशन का ध्यान रखें।

**एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें:** शिशु के कमरे में हवा के प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। एयर प्यूरीफायर कमरे की हवा में मौजूद हानिकारक कणों को हटाने में मदद करते हैं। इसकी मदद से शिशु स्वच्छ हवा में सांस ले पाते हैं और उन्हें बीमारियों से बचाने में मदद मिलती है।

**बाहर ज्यादा न घुमाएं:** शिशु को बाहर की हवा लगे और वह लोगों से मिल सके, इसके लिए पेरेंट्स सुबह या शाम के समय उन्हें बाहर घुमाने ले जाते हैं। ध्यान रहे दिल्ली में सुबह और शाम दोनों समय खराब है। शिशु वायु प्रदूषण से संपर्क न बनाएं, इसलिए उन्हें बाहर घुमाने से बचें। डॉ. आस्था दयाल का कहना है कि बाहर का धुआं, वाहनों का धुआं और औद्योगिक प्रदूषण शिशु के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए उन्हें बाहर ले जाने से बचना चाहिए।

**कमरे में पेड़ या पौधे लगाएं:** शिशु के कमरे की हवा को साफ करने के लिए तुलसी, एलोवेरा, मनी प्लांट जैसे पौधे लगाएं। इस तरह के पेड़-पौधे प्राकृतिक तौर पर हवा को साफ करते हैं। इसकी मदद से शिशु की सेहत को भी दुरुस्त रखने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# बिरसा मुंडा जयंती : आर्य अनार्य के झूठे विमर्श के अवसान का अवसर



प्रवीण गुगनानी

**कथित तौर पर जिन्हे आर्य व द्रविड़ अलग अलग बताया गया उन दोनों का डीएनए परस्पर समान पाया गया है। दोनों ही शिव के उपासक हैं। प्रसिद्ध एन्थ्रोपोलाजिस्ट वारियर एलविन, जो कि अंग्रेजों के एडवाइजर थे, ने जनजातीय समाज पर किए अध्ययन मे बताया था।**

**बिरसा** मुंडा महान क्रांतिकारी थे, जनजातीय समाज को साथ लेकर उलगुलान किया था उन्होने। उलगुलान अर्थात हल्ला बोल, क्रांति का ही एक देशज नाम। वे एक महान संस्कृतिनिष्ठ समाज सुधारक भी थे, वे संगीतज्ञ भी थे जिन्होंने सूखे कद्दू से एक वाद्ययंत्र का भी अविष्कार किया था जो अब भी बड़ा लोकप्रिय है। इसी वाद्ययंत्र को बजाकर वे आत्मिक सुख प्राप्त करते थे व दलित, पीड़ित समाज को संगठित करने का कार्य भी करते थे। ठीक वैसे ही जैसे भगवान श्रीकृष्ण अपनी बंशी से स्वांतः सुख व समाज सुख दोनों ही साध लेते थे। सूखे कद्दू से बना यह वाद्ययंत्र अब भी भारतीय संगीत जगत मे वनक्षेत्रों से लेकर बालीवूड तक बड़ी प्रमुखता से बनाया व बजाया जाता है। वस्तुतः बिरसा मुंडा की मूल कार्यशैली जनजातीय समाज को इसाइयों के धर्मांतरण से बचाने, अत्याचारों से समाज को बचाने, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने व शोषक वर्ग से समाज को बचाने की रही। भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण व अविभाज्य अंग रहा है जनजातीय समाज। मूलतः प्रकृति पूजक यह समाज सदा से भौतिकता, आधुनिकता व धनसंचय से दूर ही रहा है। बिरसा मुंडा भी मूलतः इसी जनजातीय समाज के थे। ÷अबुआ दिशोम रे अबुआ राज÷ अर्थात अपनी धरती अपना राज का नारा दिया था वीर बिरसा मुंडा ने। वीर शिरोमणि बिरसा की जयंती के अवसर बिरसा के राष्ट्र हेतु प्राणोत्सर्ग करने की कहानी पढ़ने के साथ साथ यह भी स्मरण करने का अवसर है कि अब स्वतंत्र भारत मे अर्थात अबुआ दिशोम मे जनजातीय व वनवासी बंधुओं के साथ, उनकी संस्कृति के साथ क्या क्या षड्यंत्र हो रहे हैं? वस्तुतः जनजातीय समाज के समक्ष अब भी बड़ी चुनौतियाँ वैचारिक व सांस्कृतिक स्तर पर लगातार रखी जा रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है समूचे भारत मे फैलाया जा रहा आर्य व अनार्य का विघटनकारी वितंडा। तथ्य यह है कि भारत मे जनजातीय समाज व अन्य जातियों की आकर्षक विविधता को विघ्नसंतोषी विघटनकारियों ने आर्य-अनार्य का वितंडा बना दिया। कथित तौर पर आर्य कहे जाने वाले लोग भी भारत मे उतने ही प्राचीन हैं जितने कि अनार्य का दर्जा दे दिये गए जनजातीय समाज के लोग। वस्तुतः वनवासी समाज को अनार्य कहना ही एक अपशब्द की भांति है, क्योंकि आर्य का अर्थ होता है सभ्य व अनार्य का अर्थ होता है असभ्य।

**सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि अंग्रेजों के जाने के पश्चात भारत मे एक बड़ा वर्ग ऐसा जन्मा जो कहने को तो भारतीय संतति ही है किंतु उसकी मानसिकता भारत विरोधी है। यह वर्ग सेकुलर, नक्सलवादी, माओवादी, बुद्धिजीवी, प्रगतिशील, जनवादी, आदि आदि नामों से आपको यहाँ वहाँ समाज सेवा के नाम पर समाज व देश को तोड़ते हुये बड़ी सहजता से मिल जाएगा।**

सच्चाई यह है कि भारत का यह वनवासी समाज पुरातन काल से ही सभ्यता, संस्कृति, कला, निर्माण, राजनीति, शासन व्यवस्था, उत्पादकता और सबसे बड़ी बात राष्ट्र व समाज को उपादेयता के विषय मे किसी भी शेष समाज के संग कदम से कदम मिलाकर चलता रहा है व अब भी चल रहा है। यह तो अब सर्वविदित ही है कि इस्लाम व ईसाइयत दोनों ही विस्तारवादी धर्म हैं व अपने विस्तार हेतु इन्होने अपने धर्म के परिष्कार, परिशोधन के स्थान पर षड्यन्त्र, कुतर्क, कुचक्र व हिंसा का ही उपयोग किया है। अपने इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय जातियो मे विभेद उत्पन्न करना उत्पन्न किया व द्रविड़ों को भारत का मूलनिवासी व आर्यों को बाहरी आक्रमणकारी कहना प्रारंभ किया। ईसाइयों ने अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करने हेतु इस प्रकार के षड्यन्त्र रचना सतत चालू रखे। विदेशियों ने ही भारत के इतिहास लेखन मे इस बात को दुराशय पूर्वक बोया कि आर्य विदेश से आई हुई एक जाति थी जिसने भारत के मूलनिवासी द्रविड़ समाज की सभ्यता को आक्रमण करके पहले नष्ट भ्रष्ट किया व उन्हे अपना गुलाम बनाया। जबकि यथार्थ है कि आर्य किसी जाति का नहीं बल्कि एक उपाधि का नाम था जो कि किसी विशिष्ट व्यक्ति को उसकी विशिष्ट योग्यताओं, अध्ययन या सिद्धि हेतु प्रदान की जाती थी। आर्य शब्द का सामान्य अर्थ होता है विशेष। पहले अंग्रेजों ने व स्वातंत्र्योत्तर काल मे अंग्रेजों द्वारा लादी गई शिक्षा पद्धति ने भारत मे लगभग छः दशकों तक इसी दूषित, अशुद्ध व दुराशयपूर्ण इतिहास का पठन पाठन चालू रखा। भारत मे इसी दूषित शिक्षा पद्धति ने आर्यन इंवेजन थ्योरी की स्थापना की व सामाजिक विभेद के बीज लगातार बोये। जर्मनी में जन्में किंतु संस्कृत के ज्ञान के कारण अंग्रेजों द्वारा भारत बुलाये गए मेक्समूलर ने आर्यन इन्वेजन थ्योरी का अविष्कार किया। मेक्समूलर ने लिखा कि आर्य एक सुसंस्कृत, शिक्षित, बड़े विस्तृत धर्म ग्रन्थों वाली, स्वयं की लिपि व भाषा वाली घुमंतू किंतु समृद्ध जाति थी। भारत मे बोया जिसे बाद मे अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने एक बड़ा वृक्ष बना दिया। यद्दिप बाद मे 1921 मे हड़प्पा व मोहनजोदाड़ो सभ्यता मिलने के बाद आर्यन थ्योरी को बड़ा धक्का लगा किंतु अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति, झूठे इतिहास लेखन व षड्यन्त्र के बल पर इस थ्योरी को जीवित रखा।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, घर के बाहर पड़ा मिला शव




जन एक्सप्रेस । सुनहरा

*मृतक का छोटा भाई सूरज वर्मा ने चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सूरज ने पुलिस पर जबरन असलहा रखने की बात स्वीकारने का लगाया आरोप*

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में गांव मथना निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। छेड़छाड़ की तहरीर मिलने पर पुलिस ने युवक की तलाश में बृहस्पतिवार रात तीन बजे दबिश दी थी, जहां से उसके छोटे भाई को अपने साथ ले गई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।गांव मथना निवासी 25 वर्षीय हरिनाम का विशाल वर्मा का गांव की ही किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी होने पर किशोरी के परिजनों ने छेड़खानी का आरोप लगाकर एलआरपी चौकी पुलिस को तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए रात करीब तीन बजे आरोपी की तलाश में उसके घर दबिश दी। इसकी जानकारी होते ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। दबाव बनाने के लिए आरोपी के छोटे भाई को पुलिस उठा ले गई।पुलिस जाने के एक घंटे बाद आरोपी युवक का शव उसी के घर के बाहर पड़ा मिला। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो चीख पुकार मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने लड़की पक्ष के लोगों पर विशाल की हत्या और शव घर के बाहर फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों के मुताबिक विशाल की शादी हो चुकी थी। शादी के बाद दंपती में अनबन थी। सात साल पहले हो दोनों के बीच तलाक हो गया था। इसके बाद विशाल ने दूसरी शादी नहीं की। इसी बीच गांव की ही नाबालिग लड़की से प्रेमप्रसंग हो गया। जानकारी होने पर लड़की पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। विशाल के खिलाफ तहरीर दे दी। विशाल के परिजनों ने लड़की के घरवालों पर ही हत्या का आरोप लगाया है।लड़की पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद चौकी प्रभारी एलआरपी पशुपति नाथ ने आरोपी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी थी। परिजनों ने बताया कि रात तीन बजे पुलिस विशाल की तलाश करते हुए घर पहुंची थी। घर पर विशाल नहीं मिला तो उसके छोटे भाई को अपने साथ ले आई थी। पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस गहनता से मामले की जांच में जुटी है।

# भारतीय दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष ने विधायक को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



भारतीय दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष ने छः मांगो को लेकर एक ज्ञापन देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तमाम दिव्यांग भाई बहन बेरोजगार हैं तथा उनके पास स्व रोजगार करने हेतु पर्याप्त जगह नहीं है। जिससे दिव्यांग भाई-बहन आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं।गोला विधायक से निम्न मांगो को अवगत कराते हुऐ अपनी मांग पूरी करने का अनुरोध किया हैं, 1 यह कि दिव्यांग भाई बहनों को स्वरोजगार करने हेतु क्षेत्र के विभिन्न स्थलों जैसे, मंडी समिति, तहसील परिसर, मंदिरों के पास, बस अड्डा, व रेलवे स्टेशन, चौराहा, ब्लॉक के पास सरकारी संस्थान के पास स्कूलों के पास गाना लाइन थाना परिसर के बाहर आदि जगह प्रदान किया जाए ताकि वह निर्भीक होकर अपना स्वरोजगार कर सकें और किसी प्रकार का हस्तक्षेप किए जाने पर प्रशासन उनकी मदद करें। 2, यह की क्षेत्र के सभी दिव्यांग भाई बहनों के राशन कार्ड अंत्योदय श्रेणी के बनाए जाएं जिससे उनका भरण पोषण हो सके और निर्भीकता पूर्वक जीवन यापन कर सकें। 3, यह कि क्षेत्र के सभी दिव्यांग भाई बहनों को बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास तथा शौचालय की सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। 4, यह की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बैंकों द्वारा दिव्यांग भाई बहनों को मुद्रा ऋण प्रदान करने हेतु ब्लॉक व तहसील स्तर पर प्रत्येक माह की एक निश्चित तिथि पर कैंप लगाया जाए जिससे दिव्यांग भाई बहनों को मुद्रा ऋण का लाभ मिल सके। 5, यह की दिव्यांग भाई बहनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र व रेलवे रियायती प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु तहसील स्तर पर प्रत्येक माह की एक निश्चित तिथि को कैंप लगाया जाए ताकि मुख्यालय से 15 कि मी दूर ओयल स्थित जिला चिकित्सालय ना जाना पड़े। 6, यह की दिव्यांग अधिनियम 2016 का तहसील स्तर पर बने विभिन्न विभागों में प्रचार प्रसार किया जाए और उसका पालन करना सुनिश्चित कराया जाए तथा दिव्यांग अधिनियम 2016 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की संबंधित थाना पर एफ,आई ,आर, में सुसंगत धाराओं को सम्मिलित किया जाए,।सभी दिव्यांग भाई बहनों की मांगों को लेकर विधायक अमन गिरी विधानसभा 139 उनके फार्म हाउस पर पहुंच कर भारतीय दिव्यांग यूनियन गोला ने बैठक कर के उनके सम्मुख रखी गई उन्हीं मांगों पर चर्चा की गई है उन्होंने आश्वासन दिया है कि हम आपके साथ हैं जो भी समस्याएं आ रही वह अधिकारियों से वार्ता कर हर संभव मदद की जायेगी सभी दिव्यांग भाई-बहन कि समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करवाया जाएगा

इस मौके पर,अमित कुमार, मोहम्मद जावेद, मिथिलेश कुमार, नीरज, शिवरतन, सरिता आदि दिव्यांग भाई बहन मौजूद है।

## बेलरायां वन रेंज क्षेत्र में बिना परमिट काटे गए सागौन व शीशम के पेड़

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

लकड़ी माफिया जिम्मेदारों की मिलीभगत से हरियाली मिटाने पर आमदा होकर,बगैर परमिट लिए हरे पेड़ों का कटान कर रहे हैं। क्षेत्र के लकड़कट्टे वन विभाग व पुलिस की साठगाठ से यहा दिनदहाड़े प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों पर अवैध ढंग से आरा चल रहे है। लकड़ी माफियाओं के आगे सरकारी तंत्र लाचार दिख रहा है। बेलरायां वन रेंज के अंतर्गत सिंगहा कलां गांव में लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना परमिट के शीशम, सागौन व आम के पेड़ों को काट कर तिजारत कर रहे हैं। जानकारी के बाद भी विभाग मौन है।लकड़ी ठेकेदार जिम्मेदार विभागों से रसूख के बल पर बिना परमिट के पेड़ों को काटने की अनुमति ले लेते हैं और आनन-फनन उसे काट कर ठिकाने लगा देते हैं। क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों पेड़ काटकर ले जाए जा रहे हैं। वन व पुलिस महकमे के किसी उच्चधिकारी से यदि कोई शिकायत भी करता है तो वह कार्यवाही की बजाय लकड़कट्टों को बचाने में लग जाते है। यहा विगत कई साल से एक ही बीट में जमे आरक्षियों से लकड़ी ठेकेदारों की अच्छी खासी पहचान बन गई है। जिससे वह हरे पेड़ों की कटान से नहीं डरते हैं। अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटान से क्षेत्र से हरियाली ही नहीं नष्ट हो रही है अपितु पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भी बढ़ती जा रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### धर्म परिवर्तन के खेल को पुलिस ने कराया नाकाम

जन एक्सप्रेस । बहराइच। मिहीपुरवा। जिले के नानपारा कोतवाली के नानपारा देहाती में धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा था, जिसकी भनक आसपास के लोगों को जब लगी तो उन्होंने स्थानीय थाने सहित बजरंग दल के लोगों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी पुणेश पांडे ने धर्म परिवर्तन का खेल करा रहे लोगों को खदेड़ा और उचित कार्रवाई करने की बात कही। भू स्वामी और ग्राम वासियों ने दो नामजद सहित कुछ अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दे है। गांव के लोगों ने बताया कि भज्जापुरवा का मिज्जन बाबा नाम का व्यक्ति शुक्रवार को मिहींपुरवा नानपारा सहित आसपास की हिंदू महिलाओं को बहला फुसलाकर गांव पर लगे नीम के पेड़ के पास आकर पेड़ पर इस्लामी झंडा लगाकर इस्लाम के प्रति महिलाओं को प्रेरित कर रहा था। जब उपस्थित लोगों ने इसका विरोध किया तो महिलाएं और अन्य लोग उत्तेजित हो गईं। मौके पर स्थानीय लोगों ने थाना कोतवाली नानपारा को सूचना दी है और तहरीर दी है।

### सरयू नदी में मिला किशोरी का शव, नहीं हुई शिनाख्त

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के जरही गांव के पास सरयू नदी में एक किशोरी का शव शुक्रवार दोपहर में लोगों ने देखा। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाई, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी मौत दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के गोपिया बैराज सरयू नदी जरही गांव के निकट से निकली है। नदी पर पुल भी बना हुआ है। शुक्रवार दोपहर में लोग आवागमन कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने नदी के किनारे पानी में शव देखा। इस पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को भी शव मिलने की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को बाहर निकालवाया। थानाध्यक्ष ने किशोरी की शिनाख्त आसपास के लोगों से करवाई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिस पर शव को 72 घंटे पहचान के लिए जिला मुख्यालय स्थित मर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी की उम्र 12 से 15 वर्ष के मध्य है। मौत भी दो से तीन दिन पहले की लग रही है। मामले की जांच चल रही है। पहचान के लिए फोटो अन्य थानों को भेजी गई है।

### चार वर्षीय बालक को तेंदुए ने मार डाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जनपद के ग्राम पंचायत बाजपुर बनकटी गांव निवासी चार वर्षीय बालक शुक्रवार को अपने चाचा और अन्य के साथ पास में स्थित खेत गया। खेत में पहले से मौजूद तेंदुआ ने बालक पर हमला कर मार डाला। उसके शरीर का खून पूरी तरह से पी लिया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपुर बनकटी निवासी संदीप कुमार का खेत घर के बगल में स्थित है। जिसमें गन्ना लगा हुआ है। शुक्रवार को गन्ना की कटाई हो रही थी। जिस पर अभिनन्दन (4) अपनी मां सीमा और चाचा के साथ खेत गया। खेत में परिवार के लोगों के श्रमिक भी थे। परिवार के लोगों का थोड़ा ध्यान चार वर्षीय बालक के उपर से हटा। इसी दौरान गन्ने के खेत में मौजूद तेंदुआ ने हमला कर दिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल कर दिया। तेंदुआ ने बालक के शरीर से पूरा खून पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे पीएचसी सुजौली ले गए। यहां फार्मासिस्ट माहेश्वरी शुक्ला, एंबुलेंस चालक और ईएमटी राहुल मिश्रा ने ऑक्सीजन देकर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन बालक की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। घटना की जानकारी पुलिस के साथ वन विभाग को दी गई। थाने के उपनिरीक्षक रामाशंकर यादव उप निरीक्षक अफजल और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है।

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। अजबापुर चीनी मिल के बैगास गेट के सामने कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जनपद हरदोई के थाना पिहानी के गांव बहिरमा निवासी सुधीर कुमार(35) पुत्र फूलचंद गुरुवार की देर शाम बाइक से अपने घर जा रहा था। सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पसगवां लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे शाहजहांपुर रेफर किया, लेकिन हालत में कोई सुधार न होने पर उसे बरेली रेफर किया गया।बरेली ले जाते समय सुधीर ने रास्ते में दम तोड दिया। सुधीर के पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। सभी का रो-रोकर हाल बेहाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर नदी के घाटों पर लगे मेले

जन एक्सप्रेस । बहराइच। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार को जिले के नदी और घाटों पर मेले लगाए गए। भारी तादाद में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने इन मेलों में प्रतिभाग किया नदियों का जल प्रदूषित हो जाने के कारण अब डुबकी लगाने की परंपरा समाप्त होने के कगार पर है। घरों में कथा भागवत तथा दान पुण्य की परंपराओं का निर्वहन किया गया। भारतीय संस्कृति में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह से ही नदी के घाटों पर मेला सज जाता है। मेले में गतका खेलने और पतंग उड़ाने की परंपरा भी चलती है मेले में सिंघाड़ा और गन्ने का स्टाल लोगों को काफी आकर्षित करता है। बहराइच शहर पौराणिक परंपराओं के अनुसार सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा द्वारा बसाया गया है यहां ऋषिकुल सम्मेलन हुआ था और नौ ग्रहों का वास भी है बहराइच जनपद में तीन नदियों का संगम है यहां राप्ती घाघरा और सरयू नदियां जिले के वातावरण को रमणीक बनती हैं। यही कारण है कि इस जिले में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है इस बार शहर के सरयू नदी के तट गोलवा घाट पर परंपरागत तरीके से मेला लगाया गया लेकिन नदी का जल अत्यंत प्रदूषित होने के कारण स्नान के लिए डुबकी लगाने की परंपरा लगभग समाप्त हो गई है कुछ ग्रामीण युवकों ने नदी के पानी में डुबकी जरूर लगे लेकिन उसके तुरंत बाद नदी के तट पर लगे नल में नहा कर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अब यहां की सरजू का जल आचमन के योग्य भी नहीं रह गया है। इसी सरजू नदी के तट पर मरी माता मंदिर परिसर में प्रतिभा संरक्षण इकाई की ओर से 11000 दीपक जलाकर देव दीपावली भी मनाई गई।

## रामजानकी क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हुआ लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट



मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** स्थानीय रामजानकी क्रिकेट ग्राउंड में शिव अजय क्रिकेट अकादमी द्वारा रुपईडीहा क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन हीरापजा सदस्य जिला पंचायत सदस्य तथा जिला योजना समिति सदस्य संदीप जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी इशरत महमूद खान मौजूद रहे। इस अवसर पर ज़िला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल पूर्व प्रमुख हरीश चंद जुबेर फ़ारूक़ी, यशपाल उर्फ गोपी, शेर सिंह कसौधन, रज़ा इमाम रिज़्वी, मो अरशद, इरशाद हुसैन, रईस अहमद, सुशील बंसल, शैलेश जयसवाल, अब्दुल माजिद आंसारी, योगेंद्र शर्मा, श्याम पंसारी सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। पहला मैच रुपईडीहा व बहराइच की टीमो के बीच खेला गया।टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बहराइच की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 188 रन बनाये।जवाब में रुपईडीहा की टीम ने खबर लिखे जाने तक 2 ओवरों में 17 रन बनाए। अकादमी के शिवेंद्र मिश्रा व अजय मिश्रा ने बताया कि 15 दिनों तक यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली जायेगी।

# परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की 70 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । बहराइच

बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीबीटी के अन्तर्गत अध्ययनरत् समस्त छात्र-छात्राओं का आधार सीड कराते हुये लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया कि अंतिम चरण में समस्त छात्र-छात्रायें दिसम्बर 24 तक पूर्ण करा लिया जाय। समस्त निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराते हुये जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उसका उद्घाटन किया जाय। विद्यालयों में बच्चों की वास्तविक रूप में 70 प्रतिशत् उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाये। दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत् उपलब्ध कराया जाये। विद्युत कनेक्शन विहीन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन कार्य पूर्ण करने एवं हाई टेंशन लाईन हटाये जाने हेतु स्टीमेट अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जनपद में अध्ययनरत् 6-14 वर्ष के बच्चों की अपार आई.डी. का कार्य 15 दिवस में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालयों का जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने 2019 से अतिरिक्त कक्षा का पैसा आ गया है और कार्य नहीं हुआ वहां पुराने प्रधानाचार्य, उक्त अवधि में तैनात प्रधानाचार्य, लेखाकार पर एफआईआर दर्ज करायी जाय। एक हफ्ते में पत्रावली तैयार करें कि किसके खाते में पैसा गया है। पीएम श्री विद्यालय पर चर्चा करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता का विषय है इसकी धनराशि का सद्उपयोग सही किया जाय। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जाय। जिसपर एबीएसए द्वारा बताया गया कि मदरसे संचालित है इसलिए ज्यादातर बच्चे उसी में चले जाते है। मिड-डे-मिल की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी हासिल की। यूनिफार्म का पैसा कितने विद्यालयों में पहुंच गया है। एबीएसए कापियां चेक करने जाय तो गणित व अंग्रेजी की कापी चेक करके शिक्षक की गुणवत्ता का पता लगाये। खेल सामग्री के लिए 5 हजार रूपये सभी विद्यालयों में आया है बैडमिन्टन व बाल खरीद ले। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर, बहराइच, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास), अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग, वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी/ कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका/ नगर पंचायत, ए0डी0ओ0 पंचायत, परियोजना अधिकारी नेडा, महाप्रबन्धक अग्रणी बैंक, समस्त जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा एवं एम0डी0एम0 तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी, अन्य सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में एजेण्डा बिन्दु के अनुसार विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी।

## महसी महराजगंज हिंसा- दंगे का मुख्य आरोपी खुर्शीद गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के महसी महराजगंज मे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान सुनियोजित षडयन्त्र के तहत साम्प्रदायिक उन्माद फैला कर राम गोपाल मिश्रा की बर्बर्तापूर्ण निर्मम हत्या ,आगजनी, लूट व तोड़फोड़ की घटना को लेकर दर्ज मुकदमे में घटना के मुख्य साजिशकर्ता खुर्शीद अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खुर्शीद पर भीड़ द्वारा दुर्गा मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा में सांप्रदायिक भावना से दुष्प्रेरित होकर सुनियोजित तरीके से अवरोध उत्पन्न किया गया, जिसके उपरांत दंगा भडका। मामले की विवेचना में भी तथ्य प्रकाश में आया कि खुर्शीद द्वारा इससे पहले गणेश मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा में भी सांप्रदायिक भावना से विघ्न उत्पन्न किया गया था । दुर्गा मूर्ति विसर्जन में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद खुर्शीद सीमा पार कर कई दिनों से नेपाल में जाकर छुप गया था। आज पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया। इसकी गिरफ्तारी में हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी, सिपाही रूपेन्द्र विश्वकर्मा व विवेक पाल शामिल रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जिला महिला अस्पताल व महिला थाने व जिला जेल का किया निरीक्षण




> महिला मरीज से वार्ताकर पर्चे का अवलोकन किया तथा कोई पैसे तो नही मांगता है आदि की भी जानकारी ली। पर्चा बनाने में कोई समस्या आ रही हो या कोई परेशान कर रहा हो तो बताये। साथ ही जिला जेल का निरीक्षण कर महिला कैदियों से मिलकर उनका हाल जाना।निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, महिला थाना प्रभारी भावना भारद्वाज सहित चिकित्सक उपस्थित रहे। गंदगी बच्चो का हालचाल लिया। ऑर्थो वार्ड का निरीक्षण कर मरीजो का बेहतर ट्रीटमेंट के निर्देश दिया।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डा.प्रियंका मौर्य ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षका डॉ0 सुनीता कश्यप से अस्पताल में उपलब्ध फैसिलिटी की जानकारी ली। अस्पताल में बेड़ो की उपलब्धता, डिलीवरी दर, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश सदस्या महोदया ने महिला अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षका को प्रदान किये। अस्पताल में ओ0पी0डी0 की जानकारी लेकर सभी मरीजो के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिया। डेंगू के प्रकोप की स्थिति की जानकारी लेकर डेंगू के नियंत्रण हेतु हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये। मरीजो की समस्याओं और शिकायतो को प्राथमिकता पर शासन की मंशानुरूप निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किया। महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षका ने अस्पताल में सुरक्षा कर्मियों की कमी को अवगत कराते हुए अस्पताल में 24 सुरक्षाकर्मियों की आवश्यकता से अवगत कराया। मा0 सदस्य महोदया ने महिला अस्पताल में चिकित्सक उपस्थित पंजिका का अवलोकन कर कुल 14 डॉक्टरों के नाम अंकित पाया, कुल अंकित 14 चिकित्सको में से कुल अभी कितने चिकित्सक उपस्थित की जानकारी ली। महिला अस्पताल में महिलाओं के अल्ट्रासाउंड को पुरूष चिकित्सक द्वारा होने की जानकारी पर सदस्य महोदया ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण पूछा। पूर्व में ऐसी सूचना संबंधित को अवगत कराने की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षका से पूछा। बाबू की अनुपस्थिति के कारण ऐसी सूचना की पुष्टि नही हो पाई।

# मुंशीगढ़ में वन विभाग के पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



दुधवा टाइगर बफरजोन की वन रेंज मझगई क्षेत्र के गांव मुंशीगढ़ चखरा में लगाए गए पिंजड़े में शुक्रवार को तेंदुआ कैद हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। वन विभाग तेंदुए को मझगई में लाकर रखा है। थाना निघासन क्षेत्र का गांव मुंशीगढ़ चखरा दुधवा टाइडर रिजर्व के बफरजोन की वन रेंज मझगई के तहत आता है। बफरजोन के जंदल से निकलकर गन्ने के खेत में छिपकर तेंदुआ लगातार बच्चों को अपना शिकार बना रहा था। महीने भर में तेंदुए ने दो बालिकाओं, एक बालक और एक युवक को हमला किया, जिससे सभी घायल हो गए थे। वन विभाग ने उसे पकड़ने की कवायद में जुटा था।तीन जगहों पर पिंजड़े लगाए गए थे और कई जगहों पर जाल व कैमरा लगाकर उसको पकड़ने की कवायद की जा रही थी।

शुक्रवार को तेंदुआ बकरी के लालच में मुंशीगढ़ चखरा में लगाए गए वन विभाग के कैमरे में कैद हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी तादात में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने पिंजड़े में कैद हुई तेंदुए की तस्वीरें भी अपने मोबाइलों में खूब कैद कीं। सूचना पाकर मझगई वनरेंज अंकित कुमार और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। वन रेंजर अँतिक कुमार ने बताया कि तेंदुए को पिंजड़े समेत वन कार्यालय परिसर लाया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुड़वा मोड़ के पास एक बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार कुड़वा पेट्रोल पंप पेट्रोल भरवाने के लिए सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। शुक्रवार की सुबह लगभग 7.30 बजे पड़रिया निवासी नरसिंह पुत्र मंगल उम्र 50 वर्ष किसी कार्य वश नानपारा जा रहे थे। कुड़वा मोड़ के निकट पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाने के लिए सड़क क्रास कर रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार नर सिंह की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गयी। लोगों नें बताया की सीसीटीवी फुटेज में टक्कर मारने वाला वाहन डीसीएम था।

## चार टीमों ने जिले के बीज की दुकानों पर की औचक छापेमारी, चार दुकानदारों को नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले में संचालित सीड्स के दुकानों की कृषि विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जांच में अनियमितता मिलने पर चार दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जबकि 56 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सरकार एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में संचालित खाद की दुकानों पर कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी की। डीएम ने जनपद में 4 टीम गठित कर बीज विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की गई। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने नानपारा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव द्वारा मिहीपुरवा तहसील, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने कैसरगंज एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा पयागपुर तहसील में छापेमारी अभियान चलाया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी टीमों द्वारा कुल 68 दुकानों पर छापेमारी की गई। संदिग्धता प्रतीत होने पर 56 नमूने ग्रहण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PYGS-WRL-102-24-2 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:40 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3543/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गोरखपुर में अब तेज आवाज में नहीं बजेगा डीजे

- प्रशासन ने लगाई पाबंदी, सीएम से हुई थी शिकायत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में अब किसी भी सार्वजनिक आयोजन में रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजेगा, साथ ही इसकी आवाज भी नियंत्रित रखनी होगी। एसपी सिटी अभिनव त्यागी और एडीएम सिटी अंजनी सिंह ने शहर के प्रमुख मैरिज हॉल संचालकों के साथ बैठक कर इन नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में साफ कर दिया गया कि आयोजकों को तेज आवाज में डीजे बजाने और हर्ष फायरिंग पर पूरी तरह से रोक के बारे में पहले से ही सूचित किया जाए। साथ ही, देर रात तक शोर मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी स्पष्ट की गई।



### कानून तोड़ने पर प्रशासन की सख्त चेतावनी

प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकोई नरमी नहीं बरती जाएगी। चाहे तेज आवाज में डीजे बजाने का मामला हो या पार्किंग अव्यवस्था, किसी भी नियम का उल्लंघन होने पर तत्काल सख्त कार्रवाई होगी। गोरखपुर में प्रशासन का यह सख्त रुख नागरिकों को सुरक्षित और शांति भरा माहौल देने के प्रयास में उठाया गया कदम है।

### जनता दर्शन में गूंजा था गायों की परेशानी का मुद्दा

दरअसल, इस सख्ती के पीछे एक अहम वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में उठी एक अनोखी शिकायत भी है। वाराणसी से आए एक युवक ने सीएम के सामने शिकायत की कि तेज डीजे की आवाज के कारण उसकी गायें दूध देना कम कर रही हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीजे की आवाज और हर्ष फायरिंग पर सख्त पाबंदी लगाई जाए, ताकि इंसान ही नहीं, जानवर भी राहत महसूस कर सकें।

### सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सीसीटीवी. अन्य उपाय अनिवार्य

प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी मैरिज हॉल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि हर हॉल के अंदर और मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसका उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना पर निगरानी रखना है, ताकि सुरक्षा में कोई कमी न हो और लोग सुरक्षित माहौल में अपने आयोजन कर सकें।

### शादियों के दौरान ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था के सख्त दिशा-निर्देश

शादी के मौसम में बारातों के कारण सड़कों पर लगने वाले जाम को लेकर भी प्रशासन ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मैरिज हॉल संचालकों से कहा गया है कि वे अपने हॉल के पास पार्किंग व्यवस्था सुचारू बनाए रखें। हॉल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने सुरक्षा गार्ड्स के माध्यम से पार्किंग को व्यवस्थित करें और अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति में हस्तक्षेप करें। इससे आम जनता को जाम और अन्य असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जनपद के खड्डा तहसील क्षेत्र अंतर्गत पनियहवा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना भी किया बताते चलें कि हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का बहुत अधिक महत्व होता है धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन गंगा स्नान करने से भगवान शिव, विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है ऐसा माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है यह दिन अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक माना जाता है यह दिन लोगों को सकारात्मक सोच और अच्छे कर्मों के लिए प्रेरित करता है कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान कर गंगा जी की पूजा अर्चना करने से लोगों कि सभी इच्छाएं पूरी होती है और घर में खुशहाली बनी रहती है इसमें उपस्थित रहे त्यागी जी महाराज, अर्जुन गुप्ता, बिहारी गुप्ता, सोनू पांडे, संतोष वर्मा, विशाल गुप्ता, रमेश ,तिवारी जी, मुन्ना ,आदि हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तो वही सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन की टीम लगी रही।

# पनियरा ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना, जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस । पनियरा महराजगंज**

जहाँ एक तरफ सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत काम दे रही है जिससे मजदूर अन्यत्र जगहों पर पलायन न करें वही ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों का जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नहीं किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। मामला महराजगंज जनपद के विकास खंड पनियरा के ग्राम सभा बेनीगंज ,डिंगुरी, गिरगिटिया, सहित दर्जनों गांव है जहां मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे ही मजदूरों की आनलाइन हाजिरी लगा कर लाखों का गोलमाल किया जा रहा है।

बेनीगंज में 76 मजदूरों का मस्टरोल जारी है लेकिन मौके पर सात मजदूर काम करते मिले वहीं रामपुर में61 लेबर की जगह 20 मजदूर ही काम करते मिले है। लेकिन शाम होते ही पूरे मजदूरों की आनलाइन हाजिरी लगा दी जा रही है। सवाल यह है कि आखिरकार जिम्मेदार इस मामले में क्या कर रहें हैं बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की जा रही है।

घर बैठे सैकड़ों श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखो का गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो क्यों नहीं हो रहा है। जिम्मेदार क्यों ख़ामोश बैठे हैं।क्या उनकी जिम्मेदारी कुछ नहीं है या उनका जेब पहले ही गर्म हो गया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी पनियरा अमरनाथ पांडे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।






# 47वी पुण्यतिथि पर याद किऐ गये स्व0 बाबू गेंदा सिंह



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाबू गेंदा सिंह किसान क्रांति के अग्रदूत थे। किसानों के हित की लडाई हमेशा प्रमुखता से सड़क से सदन तक लडी थी । उक्त बातें दुदही क्षेत्र के राजस्व ग्राम पंचायत दुमही के पंचायत भवन परिसर में स्थापित स्वर्गीय बाबू गेंदा सिंह के प्रतिमा पर मलयार्पण करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दुमही के पूर्व प्रधान रामबिहारी राय ने कही। आगे उन्होंने ने कहा की बाबू गेंदा सिंह कुशीनगर ही नहीं अपितु सम्पूर्ण पूर्वांचल में दुमही की पहचान बनाई थी।भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा की स्वर्गीय बाबू गेंदा सिंह की शेष स्मृतियां दुमही की धरोहर है इनके द्वारा किऐ गये कृत हम सभी युवाओं को उर्जानवित करती रहेगी। कार्यक्रम के संयोजक बाबू अभय कुमार सिंह ने कहा की स्वर्गीय बाबू गेंदा सिंह इस क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय फ्लक पर दिलाई थी इनके रास्तों पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि है।संचालन वरिष्ठ समाजसेवी रमाकांत पाण्डेय ने की कार्यक्रम को सफल बनाने मेंदुर्गेश खरवार,मनोज तिवारी,उपेंद्र कुमार उमेश शर्मा,राजन तिवारी, राजकुमार खरवार, राजकुमार गुप्ता, संतोष तिवारी की सराहनीय भूमिका रहीं। इस दौरान समस्त ग्रामीण मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जन एक्सप्रेस । कैंम्पियरगंज**

राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की कैंम्पियरगंज ब्लॉक इकाई द्वारा बैठक कर अपने पदाधिकारियों के गठन के क्रम में सम्राट अशोक प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर कैम्पियरगंज में बैठक संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मत से पदाधिकारियों का गठन करते हुए ,धनपत गुप्ता को अध्यक्ष,बंशीधर जायसवाल,संजीव सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महामंत्री पद सत्यदेव गुप्ता व अर्जुन यादव को दिया गया है।मंत्री पद के लिए उपस्थित लोगो ने विश्वामित्र चौरसिया के नाम पर मुहर लगाई।वही मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी डी, डी,पब्लिक स्कूल मोहनाग कैम्पियरगंज गोरखपुर के प्रबंधक सत्येन्द्र यादव को दी गई।संरक्षक की विशेष जिम्मेदारी वीरेंद्र सिंह को दी गई।अशोक यादव,अप्पू यादव, रामबहाल,मधुवन मौर्य,रामनिवास समेत कई विद्यालय प्रबंधक मौजूद रहे।

### मॉडल विधानसभा बनाना लक्ष्य: विधायक

**चौरी चौरा।** चौरी चौरा विधानसभा में विकास कार्यों को गति देते हुए स्थानीय विधायक ई. सरवन निषाद ने शुक्रवार को भैंसहा गांव में 18 लाख रुपये की लागत से बनी 300 मीटर लंबी सीसी रोड का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और चौरी चौरा को ष्मॉडल विधानसभाष् बनाने का लक्ष्य है। विधायक ने कहा, ष्उत्तर प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को पूरी तरह साकार किया जा रहा है। हमारी सरकार में हर व्यक्ति को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान और युवाओं के विकास के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।ष्उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले योजनाओं में भ्रष्टाचार और बंदरबांट होती था, लेकिन अब शासन में पारदर्शिता है।

# गोरखपुर में गुटखा कंपनी के जीएम से 2.7 करोड़ की ठगी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के शुद्ध प्लस पान मसाला फर्म के मालिक अमर तुलस्यान के नाम पर साइबर ठगों ने करोड़ों की ठगी कर दी। 2.7 करोड़ रुपये की यह ठगी इस तरह से की गई कि शातिर जालसाजों ने मालिक का फर्जी वॉट्सऐप अकाउंट बनाया। इसके बाद कंपनी के जनरल मैनेजर से लाखों की रकम ट्रांसफर करा ली। संदेह होने तक जालसाज रकम के बड़े हिस्से को विभिन्न खातों में डाल चुके थे। फिलहाल पुलिस ने 45 लाख रुपये होल्ड करा लिए हैं और मामले की जांच जारी है।

### कैसे हुई ठगी?



शुद्ध प्लस के जीएम रमेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को काम के दौरान उन्हें एक अज्ञात वॉट्सऐप नंबर से संदेश मिला। उस नंबर पर मालिक अमर तुलस्यान की डीपी लगी हुई थी। संदेश में लिखा था कि यह उनका नया नंबर है और तुरंत एकाउंट में पैसे भेजें। कोई शक न करते हुए रमेश कुमार ने पहले 90 लाख और फिर 1.80 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में मालिक से बात होने पर खुलासा हुआ कि उन्होंने कोई संदेश नहीं भेजा था, जिससे इस ठगी का पता चला।

### पुलिस की कार्रवाई और सतर्कता की अपील

ठगी की जानकारी मिलते ही साइबर थाना पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की। जीएम की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने कुल रकम में से 45 लाख रुपये एक खाते में होल्ड करा लिए हैं। एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल ने बताया कि जांच जारी है और अन्य खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। बाकी के 2.25 करोड़ रुपये भी वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पहले करें पुख्ता जांच

इस घटना के बाद पुलिस ने लोगों को चेतावनी दी है कि कोई भी वित्तीय लेनदेन करने से पहले जानकारी की पुख्ता जांच करें। साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए जरूरी है कि किसी भी संदेश की असलियत की पुष्टि जरूर की जाए, वरना छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# गोरखपुर में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई नदी में डुबकी



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

- कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर दान पुण्य कर मंदिरों में पूजा अर्चना की

गोरखपुर के गोला में कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर शुक्रवार को लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई और दान पुण्य कर मंदिरों में पूजा की। पूर्णिमा के मद्देनजर गुरुवार को रात में ही दूर दराज के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। पूरे दिन चले स्नान में स्थानीय एवं दूर दराज के लाखों लोगों ने भाग लिया। स्नान के बाद लोगों ने गौ-दान भी किया।

गोरखपुर शहर में राप्ती नदी तथा बडहलगंज व गोला में सरयू नदी में स्नान के लिए गुरुवार की शाम से ही स्नानार्थियों का आना शुरू हो गया था। शुक्रवार को भोर में तीन बजे से स्नान कार्य शुरू हुआ जो दोपहर दो बजे के बाद तक चलता रहा। बड़हलगंज उपनगर के लेटाघाट, मुक्तिपथ स्थित रामकवल शाही स्नान घाट, कलूट का शिवाला, संतोषी माता मंदिर घाट, पुरानी हनुमानगढ़ी घाट, तरकुलही घाट, पौहारी महराज कुटी सहित अन्य घाटों पर तीन बजते बजते ही स्नानार्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

स्नानार्थियों ने सरयू नदी में डुबकी लगा कर गरीबों व असहायों में दान पुण्य किया और गौ-दान किया। सीमावर्ती क्षेत्र के लोग निजी साधनों से सरयू नदी में स्नान के लिए आये। पूरे दिन मेला लगा रहा और लोगों ने खरीददारी की। इसके अलावा क्षेत्र के डेरवा, पिड़हनी, पटनाघाट, ओझौली, पोहिला, दलुआ, रजौली एवं मदरहा घाट पर भी सरयू नदी में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जाम से बचने के लिए उपनगर के प्रवेश द्वार पर वाहनों के आवाजाही पर रोक लगायी गई थी।

गोला उपनगर गोला के पक्का घाट, रामजानकी घाट, शीतला घाट, बाबा घाट, गुप्ता घाट, मौर्य घाट व बेवरी के श्याम घाट, रामामऊ, मदरहा, बिसरा, झरकटा, बारानगर, झरकटा, रकौली आदि घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और गरीबों में दान पुण्य किया। विभिन्न घाटों पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा स्नानार्थियों के लिए लंगर की व्यवस्था की थी। मन्दिरों, धर्मशालाओं और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा टेंट डलवाकर श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गयी थी।

साथ ही घाटों पर प्रसाद व भण्डारे का आयोजन किया गया था। घाटों पर दिनभर स्नान, तर्पण, गोदान, कथा-कढ़ाई आदि कार्य श्रद्धालु करते रहे। नगर पंचायत द्वारा घाटों की साफ सफाई व पथ प्रकाश की व्यवस्था की गयी थी।

# गोरखपुर में थाने पर किन्नरों ने किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में शुक्रवार किन्नरों ने खोराबार थाने पर जमकर हंगामा किया। काफी अधिक संख्या में किन्नर थाने का घेराव करने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। वे अपने साथी किन्नर अमित उर्फ काजल की हत्या से नाराज हैं। साथी किन्नर काजल के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। यह देख वहां मौजूद पुलिसवालों के हाथ-पांव फूलने लगे। उनकी मांग है कि आरोपी निजामुद्दीन को पुलिस तत्काल गिरफ्तार करे, इसके बाद ही वे शांत होंगे। इसके अलावा नाराज किन्नर पुलिस हिरासत में रूबी नाम की किन्नर पर भी इस वारदात में शामिल होने की बात कर रहे हैं। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद पुलिस ने उन्हें किसी तरह से समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।



### शीघ्र की जाएगी आरोपियों की गिरफ्तारी -थानाध्यक्ष

खोराबार थाना प्रभारी नीरज राय का कहना है कि नाराज किन्नरों को समझाकर मामला शांत करा दिया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का दिलाया भरोसा

थाना प्रभारी नीरज राय ने किन्नरों को भरोसा दिलाया कि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। रूबी नाम की एक किन्नर को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ भी कर रही है। जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद नाराज किन्नर शांत हुए और थाने से वापस लौटे। हालांकि, थाने से वापस लौटते वक्त किन्नरों ने पुलिस को चेतावनी दी कि अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे फिर प्रदर्शन करेंगे।

### देवरिया के किन्नर की गोरखपुर में मिली थी लाश

दरअसल, बीते 12 नवंबर को खोराबार इलाके के तालकंदला गांव के सामने फोरलेन के किनारे झाड़ी में एक नवंबर को शव मिला था। अगले दिन को शव की पहचानदेवरिया के गौरीबाजार इलाके के पन्नहा गांव निवासी अमित उर्फकाजल किन्नर के रूप में हुई। काजल के भाई राजकुमार ने शिनाख्त करने के बाद केस दर्ज कराया है।

### भाई ने दर्ज कराया है केस

भाई ने पुलिस को बताया कि अमित किन्नर अपने दोस्त निजामुद्दीन के साथ ही घर से निकला था और इसके बाद उसके बारे में पता नहीं चला। शव मिलने के बाद सोशल मीडिया के जरिए जानकारी हुई। अगर हादसा हुआतो भी उसे बताना चाहिए था। उसने हत्या का शक जाहिर किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या कर शव छिपाने की धारा में केस दर्ज कर लिया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### निजामुद्दीन के साथ किन्नर रूबी पर हत्या का आरोप

साथ ही पुलिस रूबी नाम की एक किन्नर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक किन्नर के परिवार का कहना है कि आरोपी निजामुद्दीन ने रूबी किन्नर शादी की है। जबकि, मृतक अमित उर्फकाजल किन्नर रूबी किन्नर के साथ ही रहती थी। अब उनका आरोप है कि रूबी किन्नर ने ही अमित का हत्या कराई है।

# आज मनाई जाएगी बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ जनपद कुशीनगर के तत्वाधान में शनिवार को प्रातः 11रू00 बजे से जिला पंचायत सभागार, रविन्द्र नगर धुस पर धरती आबा, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, जल जंगल जमीन के रक्षक, महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 149 वीं जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जिसमें अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ जनपद कुशीनगर के सभी पदाधिकारीगण, अधिकारी कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारीगण, युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगण, जिला, तहसील, व ब्लॉक के सभी पदाधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधियों से विशेष आग्रह है कि अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसकी जानकारी अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ जनपद कुशीनगर के जिला महासचिव मनोज कुमार गोंड ने दी है।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते दबंगों का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जिले के झंगहा थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश की अवहेलना का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम सभा लालापुर निवासी केशवर गोंड ने चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामला ग्राम सभा लालापुर के गाटा संख्या 180, रकबा 06 एयर की जमीन का है, जिस पर दीवानी न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने और किसी भी प्रकार का कार्य न करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके, विपक्षी पक्ष - पप्पू पुत्र रामकिशुन, रामकिशुन पुत्र गुप्तार, और पूनम पत्नी मुन्ना ने कथित तौर पर विवादित जमीन पर ईंटें रखवा दीं।

इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी जमीन पर ईंटें रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। प्रार्थी केशवर गोंड का कहना है कि यह न केवल न्यायालय की



अवमानना है, बल्कि क्षेत्र में तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोग भी मामले में पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। चौकी प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने न्यायालय के आदेशों के पालन और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं ने शारदा के पावन जल में लगाई आस्था की डुबकी





■ शारदा नदी के तटों पर लगे मेले में बच्चों ने उठाया आनंद

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर

हजारा। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व पर ट्रांस शारदा क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने शारदा नदी के पावन जल में आस्था रूपी डुबकी लगाते हुए पूजा अर्चना किया तो वही घाटों पर लगे मेले में श्रद्धालुओं एवं बच्चों ने मेले का आनंद भी उठाया है सुरक्षा के लिहाज से हजारा पुलिस मौके पर मौजूद रही।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के नहरोसा राणा प्रताप नगर अशोकनगर एवं धनाराघाट के शारदा नदी के तटों पर शुक्रवार को श्रद्धालु सुबह से ही तटों पर पहुंचकर शारदा नदी के पावन जल में आस्था रूपी डुबकी लगाते हुए विधि-विधान से पूजा अर्चना किया और तटों पर ही अपने-अपने बंधु बांधवों मित्रों परिजनों के साथ विधि-विधान से सत्यनारायण भगवान के कथा का श्रवण किया और कुछ श्रद्धालुओं ने पूर्व मनौती के अनुसार अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है। गंगा स्नान पर्व पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव नहरोसा, राणा प्रताप नगर, राजीवनगर, चिरैया टोला, गौतमनगर, विजयनगर, श्रीनगर, कबीरगंज, मुरैना गांधीनगर, आजाद नगर, शांतिनगर, रामनगर, नेहरू नगर, लक्ष्मण नगर, चंदनगर, बहादुर नगर, शास्त्री नगर, सिध्द नगर,अशोकनगर के अलावा पड़ोसी जिला लखीमपुर- खीरी के संपूर्णानगर, सिंगाही खुर्द, भानपुरी खजुरिया, कमलापुरी, गोविंद नगर, इंदिरा नगर, बसही, कृष्णानगर, मझरा पूरब व पश्चिम आदि गांवों से सैकड़ों की तादात में श्रद्धालू शारदा नदी पर पहुंचकर स्नान कर पूजा-अर्चना किया है। गंगा स्नान के दौरान हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह आरक्षी सुधीर कुमार, सर्वजीत सिंह महिला आरक्षी सुनीता यादव आदि पुलिस स्टाफ नाव व तैराकों के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मुस्तैद रहे तो वहीं राणा प्रताप नगर में ग्राम प्रधान रमावती देवी, अनिरुद्ध मदेशिया, मुन्ना वर्मा, गणेश गौतम, रोहित गौतम, रविन्द्र सिंह आदि तो उधर अशोकनगर में ग्राम प्रधान के पति सूर्यभान मदेशिया, गणेश कुमार, कन्हैयालाल, कुंभज ऋषि, राधेश्याम गुप्ता, रणवीर सिंह ढांका आदि लोग व्यवस्था में जुटे रहे।

# गुरुद्वारा नानक साहिब खजूरिया सिद्धनगर में धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाशोत्सव

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर

हजारा। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गुरुद्वारा नानक साहिब खजूरिया सिद्धनगर में सिक्ख धर्म के संस्थापक तथा पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में पहुंची संगत ने दरबार साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेक कर अपनी तथा अपने परिवार की सुख शांति की कामना कर प्रसाद ग्रहण किया।इसके अलावा इस अवसर पर धार्मिक दीवान का भी आयोजन किया गया था जिसमें पहुंचे सिक्ख पंथ के कवि सर जत्थे गुरमुख सिंह शौंकी ने अपने सुंदर लहजे में श्री गुरु नानक देव जी के जीवन के जीवन,शिक्षाओं एवं उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा गुरु नानक देव जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया।यहां बता दें कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित बुधवार से प्रारंभ किये गये श्री अखंडपाठ साहिब का समापन शुक्रवार को मुख्य ग्रंथी बाबा बलवीर सिंह के द्वारा अरदास



करने के बाद किया गया था।इतिहास के अनुसार श्री गुरु नानक देव जी का जन्म वर्ष 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन पाकिस्तान के ननकाना साहिब में हुआ था।श्री गुरु नानक देव जी ने अपना सारा जीवन मानवता की सेवा में लगा दिया था और पूरे विश्व का भ्रमण करते हुए मानवता के धर्म का प्रचार कर लोगों को एकता तथा भाईचारे का संदेश दिया था।वर्ष 1514 में नेपाल जाते समय श्री गुरु नानक देव जी ने सिद्धनगर की धरती पर कुछ दिन विश्राम किया था इसलिए एतिहासिक होने के कारण यह गुरुद्वारा साहिब लाखों लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।इस गुरुद्वारा साहिब में सभी धर्मों के अनुयायी पहुंच कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने शीश नवाते हैं लखीमपुर खीरी जनपद के सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चीमा फार्म के सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब से शुक्रवार सुबह पांच बजे श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती तथा पंज प्यारों की अगुआई में एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसका समापन गुरुद्वारा नानक साहिब खजूरिया सिद्धनगर में आकर हुआ।जिसका वहां मौजूद संगत ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।इस नगर कीर्तन में सबसे आगे परंपरागत वेशभूषा में सुसज्जित पंज प्यारे हाथों में सिक्ख धर्म के धार्मिक चिन्ह यानी निशान साहिब को लेकर चल रहे थे और पीछे पीछे संगत गुरबाणीं के शब्द गायन करती हुई चल रही थी वहीं रास्ते में व्यापारियों तथा समाजसेवियों ने आपसी सहयोग से नगर कीर्तन में शामिल संगत को नाश्ता कराकर उनका स्वागत किया।इस मौके पर जत्थेदार बाबा दीपा सिंह,जत्थेदार बाबा हरजिंदर सिंह, प्रधान रणजीत सिंह, मैनेजर निशान सिंह, सतनाम सिंह स्टेज सेक्रेटरी, दलबीर सिंह, निशान सिंह, प्रताप सिंह, सतनाम सिंह, मंगजीत सिंह, रणजीत सिंह समेत तमाम सेवादार मौजूद रहे।

# शादी से दो दिन पहले लापता हुई युवती

जन एक्सप्रेस | मेरठ

मेरठ में भगत लाइन के पास एक प्ले जोन में काम करने वाली रिसेप्शनिस्ट रुचि रस्तोगी शादी से दो दिन पहले ही लापता हो गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और घटना के बारे में जानकारी की। वहीं दूसरे दिन भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने चाबी लगी स्कूटी और बैग बरामद किया है। इस मामले में कैंट विधायक अमित अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई की बात कही। पुलिस की टीम ने कुछ नालों में भी युवती की तलाश की और कैंट एरिया के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने अपहरण और अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी है। वहीं, पुलिस ने छानबीन के लिए तीन टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस का अंदेशा- कहीं नाले में तो नहीं गिर गई युवती सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पांडवनगर की रहने वाली रुचि(24) गंगानगर स्थित एक प्ले जोन में काम करती है। गुरुवार रात को जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश शुरू की।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



जन एक्सप्रेस | मुकेश कुमार

पीलीभीत। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था की डुबकी लगाई है। हर साल की तरह इस साल भी कार्तिक पूर्णिमा का पर्व विशेष महत्व रखता है, जब लाखों श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान कर पुण्य अर्जित करने के लिए उमड़े। यह आयोजन इस दिन का धार्मिक महत्व और विशेष रूप से गंगा तट पर स्नान करने की परंपरा के कारण खास होता है। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा के तट पर आकर स्नान किया और पूजा-अर्चना की। स्नान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहेगा। और पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाटों पर बनी रही। बता दे कि गंगा तट पर श्रद्धालुओं का कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर जनपद पीलीभीत में ही नहीं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जनपद के ब्रह्मचारी घाट, टनकपुर बूम में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। सुबह चार बजे से ही लोग अपने घरों से निकल पड़े थे, और पूरी श्रद्धा के साथ गंगा के किनारे आकर स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे पंडों को दान-दक्षिणा दी और पुण्य की प्राप्ति की। इसके साथ ही, कई श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण भी किया। इस दिन विशेष रूप से गंगा स्नान का महत्व होता है और लोग इसे धार्मिक दृष्टि से बहुत पवित्र मानते हैं। गंगा स्नान के साथ-साथ इस दिन गंगाघाट क्षेत्र के अधिकांश घरों और मंदिरों में तुलसी की विदाई की गई। यह धार्मिक परंपरा का हिस्सा है, जो कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़े धूमधाम से निभाई जाती है। घरों में तुलसी के पौधे को बड़े श्रद्धा भाव से पानी और आशीर्वाद देकर विदा किया गया। इसके बाद लोग घरों में पूजा अर्चना करके गंगा स्नान के पुण्य को अपने जीवन में समेटने का प्रयास करते हैं।

# नौकरी का झांसा देकर ठगे एक लाख रुपए

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत




नौकरी का यहां से देकर ग्रामीण से एक लाख रुपए की ठगी कर ली पीड़ित है जब काफी समय बाद रुपए वापस मांगे तो दबंग मारपीट करने पर आमादा हो गया मामले की तहरीर ईट गांव चौकी पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तब पीड़ित नेपुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर ठगी करने वाले के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है

बिसंडा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़गंज निवासी अरविंद कुमार पुत्र महेश कुमार से गांव तेढा श्री राम निवासी अफसर अली पुत्र मोहम्मद हाफीज ने नौकरी का झासा देकर एक लाख रुपए की ठगी कर ली पीड़ित ने कुछ पैसे खाते मेडाले कुछ नगदी दी काफी समय बीत जाने के बाद पीड़ित ने जब अपने रुपए वापस मांगे तो दबंग मारपीट करने पर अमादा हो गया पीड़ित ने ईट गांव चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तब मायूस होकर उसने एसपी अविनाश पांडे को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई हैं।

# छात्र-शिक्षक मोटिवेशनल कार्यक्रम का हुआ आयोजन






जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

शुक्रवार को चिरौंजी लाल वीरेन्द्र पाल स0 वि0 म0 मे आयोजित कार्यक्रम मे महान शिक्षाविद, मेंटर तथा मोटिवेशनल दिलीप बसंत बेतकेकर ने छात्रों के साथ मोबाईल का जीवन पर प्रभाव पर मार्गदर्शन करते हुए उन्हे इसके अत्यधिक उपयोग से होने वाली दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा केवल सीमित उपयोग करने की सलाह दी तथा छात्रों को जंकफूड से होने वाले स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभावो के कारण उनसे बचने की सलाह दी। हैप्पी टीचर व हैप्पी क्लास विषय पर अचार्यो सें वार्ता करते हुए आधुनिक कंटेंट तैयार करके कक्षा मे हैप्पी टीचिंग का वातावरण तैयार करे। वन्दना के पश्चात प्रधानाचार्य चन्द्र भान शर्मा ने परिचय के उपरान्त शाल उठाकर सम्मान किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे पीलीभीत जिले के सभी सरस्वती शिशु मन्दिरों व विद्या मन्दिर इण्टर कालेजो के आचार्यों व छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# मायके से तीन लाख रुपए न लाने पर विवाहिता को पीट कर निकला घर से




जन एक्सप्रेस | बीसलपुर

अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपए विवाहिता द्वारा मायके से न लाने पर उसके पति ने अपने भाइयों तथा भाभी की मदद से पत्नी की पिटाई कर रोड पर घसीटा जिससे उसका बाया हाथ टूट गया पीड़िता की शिकायत पर सी ओ के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी स्वर्गीय भगवान स्वरूप की पुत्री आरती देवी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी मां ने उसका विवाह वर्ष 2021 में घुंघचाई निवासी कपिल के साथ किया था उन्होंने अपनी समर्थ के अनुसार विवाह में दान दहेज भी दिया था इसके बाद भी उसकी ससुराल पक्ष के लोग उक्त दहेज से संतुष्ट नहीं थे और लगातार आरती को मायके से तीन लाख रुपए लाने का दबाव बना रहे थे विवाहिता द्वारा जब अपनी विधवा मां के बारे में बताने के बाद अतिरिक्त दहेज के रुपए लाने से इनकार कर दिया तभी उसके पति कपिल जेठ रवि, नीशू तथा जेठानी आरती ने उसको यातनाएं देनी शुरू कर दी और 17 अक्टूबर 024 को शाम 7~00 बजे पति सहित सभी लोगों ने उसको घर से बाहर निकाल कर सड़क पर घसीट घसीट कर पीटा जिससे उसका बाया हाथ टूट गया परेशान हाल विवाहिता वमुश्किल अपने घर आई और उसने कोतवाली में उक्त पति सहित सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई तो पुलिस ने उसका मामला परामर्श केंद्र में भेज दिया वहां समझौता न होने के बाद उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक दहिया से पीड़ित विवाहिता द्वारा गुहार लगाने पर कोतवाली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए इसके पश्चात पुलिस ने पति सहित चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# विराट सनातन धर्म संसद ने उठाई दिल्ली चलो सनातन बोर्ड गठित किये जाने की मांग

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

धर्म रक्षा संघ पीलीभीत इकाई की बैठक सिविल लाइंस नॉर्थ में अनिल अनुरीता अस्पताल प्रांगण में आहूत की गई जिसमें 16 नवंबर को दिल्ली में संतो के निर्देश पर और उनके नेतृत्व से सनातन बोर्ड गठित किए जाने की मांग करने का फैसला किया गया ।धर्म रक्षा संघ जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनिल सक्सेना ने बताया पीलीभीत से भी संस्था के अनेकों कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे।भारत के पूज्य संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों के पावन सान्निध्य में दिनांक 16 नवंबर को दोपहर 1~00 बजे दिल्ली में %विराट सनातन धर्म संसद, का आयोजन देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज (सनातन न्यास फाउंडेशन एवं विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट) के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें धर्म रक्षा संघ अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन प्रदान कर रहा है। यह आयोजन आपके लिए ही नहीं बल्कि आपकी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है। आज की बैठक में इस संबंध में पोस्टर की लॉन्चिंग भी की गई, जिसको जनपद में जगह-जगह प्रकाशित किया जाएगा। बैठक में विनोद कुमार गुप्ता, डॉक्टर विजय कुमार सिंह, रोहित कुमार, राहुल प्रजापति, एडवोकेट अमन प्रकाश (सोनू)एडवोकेट ने किया।

# भट्टे पर काम करने गए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



जन एक्सप्रेस | बरखेड़ा



आमडार गांव के नजदीक भट्टे पर काम करने गए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक मंसाराम पुत्र छेदा लाल उम्र 45 वर्ष गांव आमडार निवासी गांव से कुछ दूरी पर स्थित सोहेल भट्टा पर ट्रैक्टर ड्राइवरी एवं मजदूरी का कार्य किया करता था।जो की भट्टा शुरू होने के समय ही 9 वर्ष पूर्व से ही लगातार इसी भट्टे पर कार्य कर रहा था। मृतक रोज की तरह आज भी सोहेल भट्टे पर मजदूरी करने आया था लगभग शाम 5.00 बजे मृतक के परिवार वालों को सूचना मिली कि मंसाराम मृत अवस्था में भट्टे पर पड़ा हुआ है।सूचना पर परिवार वाले पहुंच गये।परिवार वालों के द्वारा सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गई। धीरे-धीरे वहां काफी भीड़ इकट्ठी हो गई सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे बरखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला द्वारा परिवार वालों से जानकारी ली मीडिया से रूबरू होते हुए उसकी की पत्नी सुषमा देवी द्वारा अपने पति की हत्या की आशंका जताई गई है।उनके द्वारा बताया गया है कि उनके पति की मौत नहीं बल्कि भट्ठा मालिक द्वारा हत्या की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से हुआ पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



सुइथाकला। दर बदर की ठोकरें खाने के बाद जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से विगत बारह नवम्बर को मार-पीट में घायल सुइथाकला गांव निवासी सत्तर वर्षीय एक वृद्ध पीड़ित का आखिरकार शुक्रवार को स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण हुआ।

उक्त गांव निवासी लुरखुरी पुत्र रामसमुझ ने गुरुवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सरपतहा पुलिस पर रिपोर्ट न लिखने और चिकित्सकीय परीक्षण न कराने का आरोप लगाया । जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर को दिया।पत्र में उसने विगत बारह नवम्बर समय साढ़े सात बजे के आसपास क्षेत्र के ही बुढ़ूपुर गांव के तीन लोगों के विरुद्ध लाठी डंडे से मारकर घायल करने का हवाला दिया है। आरोप है कि जब पीड़ित मामले में रिपोर्ट लिखाने थाना सरपतहा पहुंचा तो पुलिस ने मामले की अनदेखी की। बहरहाल शुक्रवार को जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से पीड़ित का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण हो गया। उसके बाद पीड़ित ने जिलाधिकारी के प्रति आभार जताया। मामले में जब थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर पर सम्पर्क साधा गया तो सम्पर्क नहीं हो सका, वहीं क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि विपक्षी की तरफ से पहले रिपोर्ट दर्ज करा देंने की स्थिति में ही इस तरह की चूक होती है फिलहाल मामले को देखता हूं।

# बदमाशों ने बाराती को मारी गोली, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

शाहगंज नगर के श्रीरामपुर रोड पर गुरुवार की रात बारात आया था।इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गोली चल गई। जों बारात में शामिल एक बाराती के पैर में जा लगा। फिलहाल आनन-फानन में राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया। वहीं हालत गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की निशानदेही पर तीन आरोपितो कों गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार की रात खुटहन थानाक्षेत्र के उदईपुर दीपी निवासी कपिल देव की पुत्री गुड़िया का विवाह श्रीरामपुर रोड निवासी मन्नू लाल की बेटे किशन लाल से होना था। इस हेतु आजमगढ़ मार्ग स्थित रक्षा गार्डन बुक रहा। श्रीरामपुर रोड से देर शाम बारात निकली।बताया जाता है कि उसराभादी गांव निवासी अतुल यादव पुत्र वीरेंद्र अपने साथी सुमित कुमार के घर बारात आया था। बारात में ठकठौलिया गांव निवासी विनय यादव उर्फ छोटू पुत्र स्व उदयभान यादव भी आया था। पुलिस के मुताबिक विनय व अतुल यादव में पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी कों लेकर विनय अपने भाई भावेश, अभिषेक उर्फ मुन्ना, अविनाश यादव, अभिनव खटीक के साथ आजमगढ़ रोड स्थित अहरौला पड़ाव पर अतुल यादव को मारने पीटने के बाद बाइक पर जबरदस्ती बैठाने लगा। भागने के दौरान पिस्टल से फायरिंग कर दी गई। जो बारात में शामिल अक्खनसराय निवासी 40 वर्षीय राम अवध पुत्र राम करन के पैर में जा लगा। अफरातफरी के बीच बदमाश भाग निकले। राम अवध कों राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गम्भीर होने के चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर के बाद विनय उर्फ छोटू यादव, अभिषेक उर्फ मुन्ना अवनीश यादव अभिनव खटीक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वहीं कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि अविनाश यादव और अभिनव खटीक कों गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद कर लिया गया है।

# कविता और निबंध लेखन प्रतियोगिता में विकास अव्वल

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



सुइथाकला। अभी हाल में वेटेरनरी विश्वविद्यालय मथुरा में आयोजित कविता और निबंध लेखन प्रतियोगिता में क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी विकास पाण्डेय अव्वल आकर क्षेत्र ही नहीं वरन् जनपद का भी नाम रोशन कर दिया।उनकी इस उपलब्धि पर परिवारीजनों समेत शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।

दुमदुमा गांव निवासी श्यामा प्रसाद पाण्डेय के पुत्र विकास पाण्डेय वर्तमान में वेटरनरी विश्वविद्यालय मथुरा से पशु चिकित्सा में अध्ययनरत हैं।वे चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं। विगत 12नवम्बर को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी भाषा में कविता और निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसमें कविता लेखन में एक भारत - श्रेष्ठ भारत व निबंध लेखन में सोशल मीडिया, राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने में सहयोगी है या रूकावट है नामक विषय पर हिन्दी भाषा में कुल 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर विकास अव्वल रहे। पुरस्कार स्वरूप कुलपति डॉ प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा उन्हें प्रमाणपत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।इस तरह वे अगले माह होने वाले अन्तर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में अपने विश्वविद्यालय का इस क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस उपलब्धि पर वे क्षेत्र ही नहीं वरन् जनपद का भी नाम रोशन कर वाहवाही लूट रहे हैं। जिसकी सूचना मिलते ही परिवारजनों समेत डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल व अन्य शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।

# कनाडा के क्रिकेटर्स ने मेरठ से खरीदे बल्ले

जन एक्सप्रेस | मेरठ

पूर्व भारतीय क्रिकेटर व लम्बरजैक टोरेंटो, कनाडा क्रिकेट टीम के हेड कोच मुकेश श्याम सुंदर नरुला ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में क्रिकेट देश का नंबर वन खेल होगा। जिस तहर से नॉर्थ अमेरिका में क्रिकेट पैर पसार रहा है उस हिसाब से आने वाले दो वर्षों में यह खेल बेस बॉल को भी पछाड़ देगा। भारतीय क्रिकेटर हर देश में क्रिकेट टीम का हिस्सा होंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। एक या दो खराब प्रदेर्शन से खिलाड़ी खराब नहीं होता। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को स्पोर्ट्स कांम्प्लेक्स स्थित बीडीएम स्पोर्ट्स कंपनी में वार्ता के दौरान कहीं।

वह लंबरजैक टोरेंटो कनाडा की पूरी क्रिकेट टीम के साथ मेरठ पहुंचे थे। इस मौके पर कंपनी के अधिकारियों की ओर से टीम का स्वागत किया गया। मुकेश नरुला ने खास बातचीत के दौरान भारतीय टीम की वर्तमान स्थिति को लेकर कहा कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करेगी। वहां की पिच यहां के खिलाड़ियों के लिए अनुकूल होंगी।

मुकेश नरुला ने मेरठ के क्रिकेट बैट की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह पिछले 20-25 वर्षों से यहां की कंपनियों के बैट से खेलते आ रहे हैं। देश का हर बड़ा खिलाड़ी यहां के बैट से खेलता है और अपनी पंसद से बैट तैयार कराता है। कंपनी भी खिलाड़ियों को स्पॉन्सर करती हैं। उन्होंने बीडीएम के एमडी राकेश महाजन के द्वारा उनकी टीम को स्पॉन्सर किए जाने के लिए भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम यहां इंडिया टूर पर है और गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, शिवपुरी, बरोड़ा में मैच खेलेगी।

इस दौरान बडीएम कंपनी के एमडी राकेश महाजन कहा कि उनकी ओर से 1978 में पहली बार कनेडा क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर किया था। अभी भी स्पांसर कर रहे हैं। बीडीएम ने कनेडियन सीनियर क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर किया

## युवक के पीछे पड़ी नागिन, चार बार डसा

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर। बड़गांव क्षेत्र के गांव चिराऊ में एक नागिन युवक के पीछे पड़ी है। नागिन युवक को चार बार डस चुकी है। परिजनों ने सपेरे को बुलवाया और नागिन को पकड़वाया। सपेरे ने नागिन को गांव से दूर से ले जाकर छोड़ दिया तो उसने सपेरे को भी डंस लिया। युवक जब खेत पर गया तो नागिन ने फिर डंस लिया। हालांकि, युवक और सपेरे का इलाज कराया जा चुका है और वे खतरे से बाहर हैं। गांव चिराऊ निवासी गौरव पुत्र चरण सिंह के पीछे नागिन पांच दिन से पीछे पड़ी है। परिजनों ने बताया कि गौरव के घर के पास भी नागिन आ गई थी।

# बिल्हौर नवनिर्माणाधीन कोतवाली के पास एनएच 34 पर घने कोहरे में 8 वाहन आपस में भिड़े

■ ट्रक ड्राइवर और परिचालक को पुलिस ने ट्रक केबिन काटकर निकला।

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो







बिल्हौर नव निर्माणाधीन कोतवाली के समीप में नेशनल हाईवे 34 पर शुक्रवार सुबह लगभग 6ः00 बजे घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। एक के बाद एक साथ वाहन आपस में टकरा गए। सभी वहां आगे पीछे चल रहे थे घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। थाना क्षेत्र में गौरी गांव के सामने नव निर्माणाधीन कोतवाली के निकट कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर शुक्रवार को सर्दी के चलते घने कोहरा गिरने के दूसरे दिन ही सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहा है ट्रक की ब्रेक लेते ही एक के बाद एक पीछे से साथ ट्रक व एक कार आपस में टकरा गई। बचाव करने के प्रयास में कई वाहन डिवाइडर से भी जा टकराये। हादसे में अलीगढ़ जनपद के गोंडा थाना क्षेत्र के नुनेरा गांव निवासी जगवीर सिंह पुत्र बहोरन व पीजरी गांव निवासी जगदीश पुत्र नत्थी सिंह सहित तीन व्यक्ति घायल होकर गाड़ियों में फंस गए।

घटना की सूचना मिलती ही थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और वाहनों में फंसे घायल लोगों को निकलवा कर सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना के चंद्र मिनटों में ही थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आना तिरछी वाहनों को हाइड्रा मंगाकर सीधा करना शुरू कर दिया वहीं पर ट्रक में से चालक और परिचालक को कठिन मशक्कत के बाद केबिन को काटकर किसी तरह बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल भेजा गया है एक घायल को उसके साथी अपने साथ लेकर चले गए थे। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। यातायात सामान्य रूप से चालू कर दिया गया है। वाहनों में काफी नुकसान हुआ है। कुशवानों का माल भी सड़क पर फैल गया।

शुक्रवार सुबह वाहन चालकों की रूह कांप गई हादसा देखकर लगा कि कई लोग मौत के मुंह में समा गए होंगे आखिरकार जब से निर्माण एनएचआई 34 शुरू हुआ और काम पूरा हुआ है जानकारो और वाहन चालकों का यही मानना है की सबसे अधिक मोड है इसमें जिसकी चलते घटनाएं अधिक होगी और कोहरा शुरू होते ही यह घटनाएं शुरू हो गई हैं कहीं पर भी सूचकांक और लाइटिंग की व्यवस्था नहीं है जिससे कोहरे के दिनों में ऐसे हादसे होते रहेंगे वाहन स्वामियों ने और भी आरोप लगाए हैं उन्होंने बताया कि अपरगामी पुल से नीचे उतरते इस समय सर्विस लेन भी मिल जाती है वहां पर दो लाइन ही बचती हैं जिससे अपरगामी पुल से आने वाली तीन लाइन वाहन और सर्विस लेन से आने वाले एक लाइन कुल पांच लाइन हो जाती हैं जहां पर 50 मीटर के बाद ही सिर्फ दो लाइनों की सड़क बनी है जिससे वाहन आपस में टकराते जाते हैं क्योंकि वहां पर जगह कम होती है।

# नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा समेत 56 लोगों ने किया रक्तदान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



पूर्व मंत्री राकेश वर्मा का जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

कद्दावर समाजवादी नेता एवं पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा का 56वा जन्मदिन सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया। वहीं, सपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह केट काटकर राकेश वर्मा के दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर सपा समर्थकों ने रक्तदान करके पीडीए को मजबूत करने और अखिलेश यादव को 2027 में सीएम बनाने का संकल्प लिया। शुक्रवार को स्थानीय मोहन लाल डिग्री कॉलेज में लगे ब्लड कैंप में 56 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने की। इसके बाद रक्तदान करने और महादानी बनने में सपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में होड़ सी लग गई। उत्साह से लबरेज समर्थकों ने 56 यूनिट रक्तदान करके मिसाल कायम की। इस मौके पर रक्तदान करने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री राकेश वर्मा के जन्मदिन को रक्तदान दिवस के रूप में मनाकर अच्छी पहल की। यह रक्त जरूरतमंदों के काम आएगा, जिससे लोगों की जान बचाई जा सके। शीला सिंह वर्मा ने रक्तदान के महत्व पर चर्चा करते हुए सपा कार्यकर्ताओं से आगे भी रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव को जिस तरह जनता ने बड़ी जिम्मेदारी दी है हम लोग उस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए बड़ी लगन और निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करते हुए जन जन तक पार्टी क़ा संदेश पहुंचाने का कार्य करेंगे। बताते चले राकेश वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कुर्मी समाज के कद्दावर नेता स्व बेनी प्रसाद वर्मा के बेटे हैं। वह अपने पिता की सियासी विरासत को आगे बढ़ाते हुए समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह समर्पित एवं निष्ठावान समाजवादी नेता है।

इस मौके पर जैदपुर विधायक गौरव रावत, सपा जिलाध्यक्ष हाफ़िज़ अयाज, पूर्व चेयरमैन हफीज भारती, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, उमानाथ यादव, बराती वर्मा, बेनी प्रसाद वर्मा की पुत्रवधू सुधा वर्मा, ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व विधायक राम मगन रावत, डीडीसी सोनी यादव, प्रीतम वर्मा, हिमांशु यादव, राजू प्रधान, ज्ञानेश भदोरिया, सुरेश गौतम, अमित चौधरी, अनूप यादव, रिजवान संजय, सुभाष वर्मा, धीरज दत्त, अंकित वर्मा, राजन शुक्ला, वीरेंद्र वर्मा, रीता वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले में सर्दी ने दी दस्तक, घने कोहरे ने रोकी रफ्तार



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

जिले में सर्दी के मौसम ने दस्तक थे। जिले के ज्यादातर स्थानों पर शुक्रवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। कोहरा इस कद्र घना था कि सुबह गाड़ियों की हेड लाइट जलती नजर आई। कोहरे ने गाड़ियों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा रखी थी। कोहर घना होने की वजह से विजबिल्टी भी काफी कम रही है। जरा से दूर पर भी ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। जिले में घने कोहरे ने अपनी दस्तक दे दी है। इसी के साथ ठंड का एहसास भी होने लगा है। अचानक मौसम में हुए बदलाव से शुक्रवार की सुबह हाइवे पर कोहरे की घनी चादर छाई नजर आई। चारों तरफ घना कोहरा छाया हुआ था।

इसकी वजह से हाइवे पर वाहन रेंगते नजर आए और दो पहिया व चार पहिया वाहनों की रफ्तार थम गई। लोगों को लाइट जलाकर आगे बढ़ना पड़ा।

### कोहरे में गाड़ी ज्यादा तेज ना चलाएं- रामयतन



यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने लोगों से अपील की है कि कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी अवश्य बरतें। कोहरे में गाड़ी ज्यादा तेज ना चलाएं, ताकि सामने खड़े वाहन व आगे की तरफ से आने वाले वाहन को आसानी से देखा जा सके। इसके अलावा आगे चलने वाले वाहनों के बीच कम से कम 100 मीटर की दूरी बनाए रखें। कोहरे के समय वाहन के आगे पीछे की लाइट को ठीक रखें। साथ ही गाड़ी के वाइपर को भी पूरी तरह जरूर ठीक करा लें, जिससे फंट मिरर साफ किया जा सके।

# बुधवार को किसान दिवस किसान बाज़ार तिर्वा में आयोजित होगा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को (राजकीय अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस पर) किसान दिवस का आयोजन पूर्वान्हः 11.00 बजे से अपरान्हः 2.00 बजे तक किये जाने हेतु निर्देश दिए गए है, जिसमें कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के साथ-साथ कृषकों से सम्बन्धित विभागों यथा कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा कम्पनी के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कृषकों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण का कार्य किया जायेगा तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं/ कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जागरुक करने का कार्य भी किया जायेगा।

### आल वीमेन राफ्टिंग टीम का डीएम, सीडीओ, डीएफओ ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रभागीय वनाधिकारी हेमन्त सेठ एवं चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रवीण कुमार झा ने संयुक्त रूप से गंगोत्री से प्रारंभ ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान टीम का जोरदार और हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूरी टीम और उपस्थित श्रद्धालुओ को इस इत्र नगरी कन्नौज में स्वागत है। कहा कि सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने अच्छी पहल की है जो ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान की शुरुआत की है जिससे लोगों में अच्छा संदेश जाएगा। कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा उत्तराखंड के गंगोत्री से प्रारंभ होकर आ रही है जो लगभग 2,500 किमी का सफर तय करके पश्चिम बंगाल के गंगा सागर में पहुंच कर संपन्न होगी। ऑल वुमेन राफ्टिंग अभियान की 53 दिवसीय यात्रा अपने तेरहवां दिन का सफर तय करके जनपद कन्नौज में पहुंची है। यह विभिन्न राज्यों से सेना में भर्ती महिला टीम तीन दिन रुकेगी और कार्यक्रमो में शामिल होकर लोगों को मां गंगा की पुनरुद्वार और महिलाओं के सशक्तीकरण के विषय में अपनी बात साझा करेंगी। यह यात्रा पुनः 17 नवम्बर को जनपद से रवाना होगी।

# देव दीपावली के पावन उत्सव पर जगमगाया महादेव तालाब प्रांगण



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। नगर क्षेत्र स्थित श्री शक्तिधाम महादेव तालाब प्रांगण में कार्तिक पूर्णिमा की संध्या के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव व देव दीपावली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रतिष्ठाचार्य पं0 अखिलेश चन्द्र शास्त्री ने जैसे ही विधिवत मन्त्रोच्चार के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तो कस्बे के हजारों श्रद्धालुओं पवित्र सरोवर के घाट पर दीप प्रज्वलित करने के लिए उमड़ पड़े।

ज्ञात हो नगर फतेहपुर में आयोजित होने वाले पावन देव दीपावली महोत्सव में शामिल होने के लिये हर श्रद्धालु को इस दिन का बेसब्री से इन्तजार रहता है। जिसकी तैयारी विगत एक हफ्तों से मंदिर प्रबंधक राजेश पाठक के नेतृत्व में मंदिर समिति के अनेक सदस्यों ने दिन रात मेहनत करके तैयारी को संपूर्ण किया था। देर शाम तक चले देव दीपावली कार्यक्रम में पवित्र सरोवर के चहुंओर श्रद्धालुओं ने सवा लाख दीपक जलाये, जिससे पूरा तालाब परिसर रोशनी से जगमगा उठा। तत्पश्चात महामाई मां गंगा की विधि विधान से भव्य आरती की गई वही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता जी के स्वरूपों की भी विधि विधान से आरती पूजन किया गया। इस दौरान कई हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने महादेव तालाब के घाट पर दीपदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बर्फ से निर्माण अनेक शिवलिंग आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, तहसीलदार वैशाली अहलावत, राजेश पाठक, राजीव नयन तिवारी, रामू तिवारी, विपिन राठौर, सिंधू श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, रजत मिश्र, मनोज सिंह, मोहन रस्तोगी, शेखर शर्मा आदि मौजूद थे।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो साथी घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। पुरवा। अलचगंज-पुरवा मार्ग पर लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो साथी घायल हुए हैं। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। हादसे के बाद चालक लोडर लेकर भाग गया। अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव पटनहनखेड़ा निवासी अमित (18) पुत्र अवसान रावत, गांव के दोस्त उज्ज्वल (18) और अभिषेक (18) के साथ बाइक से बाजीखेड़ा में संचालित कैफे में उज्ज्वल का आधार कार्ड सही कराने जा रहा था। बाइक अमित चला रहा था। अलचगंज-पुरवा मार्ग पर बाजीखेड़ा गांव के पास लोडर की टक्कर से बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। उज्ज्वल को परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए, जबकि अभिषेक का इलाज चल रहा है। मृतक के छोटे भाई अंकित के मुताबिक, अमित दो भाइयों में बड़ा था।

# दढ़िखा गांव में देर रात युवक ने मौसेरे भाई पर ट्रक से मारी टक्कर मौत





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दढ़िखा गांव में गुरुवार रात एक युवक ने शराब के नशे में मौसेरे भाई से हुए मामूली विवाद के बाद उसके ऊपर ट्रक चढ़ा कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। मौके पर मौजूद कई लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की बिल्हौर थाना क्षेत्र के दढ़िखा गांव निवासी साहब लाल यादव का एकलौता पुत्र 34 वर्षीय अजीत कुमार यादव उर्फ राजू खेती-बाड़ी का काम करता था। उसकी पत्नी गीता देवी और एक 12 वर्षीय पुत्र ऋषभ है। पत्नी के अनुसार उसके पति के मौसेरे भाई क्षेत्र के ढाका पुरवा गांव निवासी सल्लम यादव व बैनू पुत्र राधे यादव ने उनके पति को गुरुवार सुबह फोन कॉल कर किसी काम से अपने पास बुला लिया था। पूरा दिन उनके साथ रहने के बाद शाम को लगभग आठ बजे उसके पति घर पहुंचे थे। इस दौरान मौसेरी भाइयों का उसके पति के साथ कुछ विवाद हो गया था। वह घर पर आने के बाद इसकी जानकारी उन लोगों को दे पाते तब तक उन लोगों का एक बार फिर फोन आ गया। फोन पर ही दोनों के बीच कहां सुनी होने लगी। तभी उनके पति फोन कॉल काटकर घर से बाहर जाने लगे। मामला देख वह अपने बेटे और परिवार के दो अन्य लोगों के साथ पति के पीछे पीछे गांव के बाहर बिल्हौर बांगरमऊ मार्ग पर एक ढाबे के निकट पहुंच गई।

### परिवार के अन्य लोगों ने भाग कर बचाई जान

तभी उसके मौसेरे भाई सल्लम व बैनू अपना ट्रक लेकर मौके पर आ गए और शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर वह ट्रक लेकर आगे चले गए और कुछ दूर जाने के बाद ट्रक को घुमा कर वापस आ गए और गाड़ी की सभी लाइटें बंद कर तेजी से ट्रक लाकर उन लोगों पर चढ़ाने का प्रयास किया। ट्रक की चपेट में जाकर उनके पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। जबकि उसके भाई बैनू को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक की पत्नी गीता देवी की तहरीर के आधार पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना के मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पहले से भी कई अपराधी मुकदमे दर्ज

घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक सल्लम यादव पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों दीपो से जगमगाए दर्जनों गंगा तट

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के आंकिन घाट, नानामऊ घाट, मोहद्दीपुर घाट, अकबरपुर सेंग घाट, सैबसू घाट, खेरेश्वर घाट, बंदी माता घाट बिठूर घाट आदि गंगा तटों पर कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने गंगा स्नान दीप जलाकर कार्तिक पूर्णिमा मनाई है। वहीं भक्तों का सुबह से गांव स्नान कर पूजा अर्चना में लगे रहे लाखों की तादात में पहुंचे भक्तों ने दिनभर दीप जलाए थे। शुक्रवार को छोटी दिवाली के रूप मनाई जाने वाली देव दीपावली पर गंगा तटों पर साफ सफाई कर रंगोली से सजाया गया था। इसके बाद कई हजार दीपों से गंगा तट को सजाया गया।यह परंपरा हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन लोग गंगा नदी में स्नान करते हैं और दीप जलाकर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देते हैं यह त्योहार भगवान शिव और भगवान विष्णु से जुड़ा हुआ है। भगवान शिव ने इस दिन त्रिपुरासुर नामक असुर का वध किया था, जबकि भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण किया था कार्तिक पूर्णिमा के दिन लोग व्रत रखते हैं, गंगा स्नान करते हैं, और दीप जलाते हैं। यह त्योहार पूरे भारत में मनाया जाता है, खासकर वाराणसी और तमिलनाडु में मनाया जाता है इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से पूरे वर्ष स्नान करने का फल मिलता है।दीप जलाना दीप जलाकर पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। व्रत रखने से भगवान शिव और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। सभी थाना क्षेत्र की भारी पुलिस बल घाटों पर मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, डीएम समेत पूरा अमला अलर्ट





### भीड़ के कारण सड़कों पर लगा जाम, ट्रैफिक पुलिस अलर्ट

हरदोई-कन्नौज रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे जाम की स्थिति बन गई। इसे नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष योजना बनाई। हाईवे किनारे बड़े वाहनों को रोककर श्रद्धालुओं को ऑटो से गंगा घाट तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इस दौरान पुलिस माइक से गहरे पानी में न जाने की अपील करती रही।

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कन्नौज के मेहंदीघाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार तड़के ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना करने पहुंचे। हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, जालौन, इटावा, मैनपुरी समेत दूर-दूर से आए लोगों ने रात में ही घाट के पास आश्रमों में डेरा डाल लिया। सुबह होते ही भक्तों ने गंगा स्नान कर मंदिरों में पूजा की और आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए थे। घाट पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। अधिकारी भी रात भर गश्त लगाते रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं ड्रोन कैमरों से घाट की निगरानी की गई जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। कलेक्ट्रेट में बने सेंट्रल कमाण्ड सेंटर लगातार उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक नवनीता राय ने पैनी निगाह बनाये रखी।

### बैरिकेडिंग कर सुरक्षा सुनिश्चित

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गंगा में बैरिकेडिंग की गई। पानी में बल्लियां गाड़कर जाली लगाई गई ताकि कोई भी गहरे पानी में न जा सके। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे लगातार माइक से सावधानी बरतने की अपील करते रहे। कुल मिलाकर आस्था के इस महापर्व पर प्रशासन और पुलिस ने मुस्तैदी से अपने दायित्वों का पालन किया।

### डीएम ने भी परखी अमले की चौकसी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेंहदीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। स्नान/मेले को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी की जा रही है। ड्रोन से निगरानी के माध्यम से सुरक्षा बलों को वास्तविक समय में स्थिति पर नजर रखने में मदद मिलेगी, जिससे त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी।उन्होंने कहा कि मेले में बैरिकेटिंग, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार गौतम सहित संबंधित अधिकारी उनके साथ रहे।

# एफएफडीसी कराएगा इत्र पैकेजिंग का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

इत्र नगरी में कई कारखाने हैं जहां प्राकृतिक इत्र का निर्माण किया जाता है। यहां बनने वाले उत्पाद को देश से लेकर विदेश तक बेचा भी जाता है लेकिन इसके बाद भी अब तक इसकी पैकेजिंग पर ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में पहली बार एफएफडीसी (सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र) कन्नौज की तरफ से छह माह का प्रोग्राम लांच किए जाने की तैयारी है। यह प्रोग्राम देश भर में ऑनलाइन संचालित होगा। यह जानकारी देते हुए केंद्र के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि कन्नौज विश्व भर में इत्र निर्माण और बिक्री के लिए जाना जाता है। शहर में ही छोटे-बड़े 300 से अधिक कारखाने हैं। इसके साथ ही छोटे स्तर पर धंधा करने वाले माल खरीद कर छोटी-छोटी शीशियों में भरकर भी बेंचते हैं। यह काम शहर के साथ ही बाहर और ऑनलाइन भी किया जा रहा है। इस सबके बीच में खास बात यह है कि सबकुछ परंपरागत तरीके से चल रहा है जबकि बाजार का नियम है कि जो दिखता है वो बिकता है। किसी भी उत्पाद की बिक्री में उसकी पैकिंग की भी अहम भूमिका होती है। उदाहरण देते हुए बताया कि अभी स्थिति यह है कि ऑनलाइन का समय आ गया है। ऐसे में कुछ व्यापारी बड़ा पैक इत्र का खरीदते हैं और फिर छोटी-छोटी शीशियों में भरकर बिक्री कर देते हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकाश पर्व

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। गुरुवार को लाजपत नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभागार में गुरु नानक देव का 555 वां प्रकाशपर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सिख महिलाओं बच्चों और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले कई सप्ताह से लगातार गुरुद्वारे से प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। उक्त प्रभात फेरी गुरुवार को रामजानकी मंदिर में पहुंची। जिसका अनिल अग्रवाल द्वारा स्वागत किया गया। प्रकाश पर्व के दिन सुबह 11.30 बजे से 12.30 बजे तक बच्चों द्वारा कीर्तन किया गया। जिसके बाद देर रात गुरुद्वारा परिसर में भव्य आतिशबाजी हुई।

# जमुई में प्रधानमंत्री मोदी के सामने नीतीश बोले, अब कहीं नहीं जाऊंगा

## प्रधानमंत्री ने 6 हजार 640 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की, झाल और नगाड़ा बजाया




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जमुई**

पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार बिहार आए। जमुई के बल्लोपुर में शुक्रवार को वो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पीएम ने ये स्मारक सिक्का और डाक टिकट बिरसा मुंडा के वंशज को भेंट भी किया। इस दौरान पीएम ने 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा दो जनजातीय फ्रीडम फाइटर म्यूजियम और दो जनजातीय रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया। नीतीश कुमार के बाद पीएम मोदी मंच पर पहुंचे। करीब 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों पर फोकस किया। परिवारवाद और आदिवासियों की अनदेखी को लेकर पिछली सरकारों को घेरा। नीतीश कुमार की तारीफ भी की।

### आदिवासियों ने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति ये कि भारत की आजादी के लिए केवल एक ही दल को श्रेय दिया जाए।

### हमारी सरकार ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया

पीएम ने कहा कि पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में ही अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बना। पहले आदिवासियों के लिए 25 हजार करोड़ से भी कम का बजट था। हमारी सरकार ने इसे 5 गुना बढ़ाकर सवा लाख करोड़ तक पहुंचाया।

### श्रीनगर और सिक्किम आदिवासी रिसर्च सेंटर का उद्घाटन

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हमने रांची में भगवान बिरसा के नाम पर एक विशाल संग्रहालय शुरू किया है। आज श्रीनगर और सिक्किम में दो आदिवासी अनुसंधान केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया है।

### आदिवासियों की चिकित्सा प्रणाली से दुनिया को फायदा

पीएम ने कहा कि एनडीए सरकार ने लेह में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोवा रिग्पा, अरुणाचल में नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड फोक मेडिसिन रिसर्च की स्थापना की है। भारत में ङ्क।॥ह्र का ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन भी बनाया जा रहा है, इससे भारतीय आदिवासियों की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को देश और दुनिया तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

### पीएम के सामने नीतीश फिर बोले, अब कहीं नहीं जाऊंगा

वहीं कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार ने फिर से कहीं और न जाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि हम लोग हमेशा से साथ में थे। बीच में कुछ लोग गलती कर दिया। 1995 से हम लोग साथ रहे हैं। इसलिए हम लोग कहीं भी इधर-उधर नहीं जाएंगे। दो बार गलती हुआ लेकिन अब हमेशा साथ रहेंगे।

# शरद पवार ने पीएम पर लगाया समाज को बांटने का आरोप, कहा बीजेपी से गठबंधन करने वालों से कोई संबंध नहीं



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे**

विपक्ष के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री के चुनावी भाषणों की आलोचना की। उनसे जब पूछा गया कि क्या चुनाव के बाद उनके और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सुलह हो सकती है, तो उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वह भाजपा के साथ गठबंधन करने वालों के साथ कोई संबंध नहीं रखेंगे।

### योगी पर साधा निशाना

एक इंटरव्यू में शरद पवार ने कहा, सत्तारूढ़ महायुति लोकसभा चुनावों में अपने खराब प्रदर्शन के बाद चुनावों को प्रभावित करने के लिए भारी मात्रा में पैसे का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन, लोग उन्हें खारिज कर देंगे। महाराष्ट्र के चार बार के मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने %बटेंगें तो कटेंगे% नारे को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आलोचना की। इस नारे की कुछ भाजपा नेताओं और उप मुख्यमंत्री अजित पवार जैसे सहयोगियों ने भी निंदा की है। पवार ने कहा, वह (योगी आदित्यनाथ) इन सांप्रदायिक बयानों के लिए जाने जाते हैं। उन्हें इतना महत्व क्यों दें? मैं उनके बारे में एक भी वाक्य नहीं बोलना चाहता। ये वे लोग हैं, जो भगवा वस्त्र पहनते हैं और सांप्रदायिकता फैलाते हैं। वे देश का अहित कर रहे हैं।

### 'सरकार से नाराज है जनता'

शरद पवार ने कहा, लोग राज्य सरकार से बहुत नाराज हैं, खासकर किसान और युवा वर्ग। जब भी उन्हें वोट देने का मौका मिलेगा, वह हम जैसे लोगों और हमारे सहयोगियों को समर्थन देंगे। पवार ने हालांकि यह नहीं बताया कि महा विकास अघाड़ी को 288 सदस्यीय विधानसभा में कितनी सीटें मिल सकती हैं। चुनाव के बाद क्या वह और उनके भतीजे एक साथ आ सकते हैं, इस सवाल पर शरद पवार ने कहा कि वह उन लोगों के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहते हैं, जो भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा, हमारी अपनी पार्टी है। कुछ लोग भाजपा के साथ जुड़े हैं। इन बातों पर चर्चा करने का सवाल ही नहीं उठता।

### 20 नवंबर के चुनाव में जनता करेगी न्याय

यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपने भतीजे के साथ किसी भी तरह के जुड़ाव से इनकार कर रहे हैं, शरद पवार ने इस बात पर जोर दिया कि जो लोग भाजपा के साथ हैं, उनके साथ उनका कोई संबंध नहीं रहेगा। अजित पवार 2023 में राकांपा के विधायकों के एक समूह के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। शरद पवार ने उन बागी विधायकों को गद्दार करार दिया और भरोसा जताया कि जनता आगामी 20 नवंबर के चुनाव में न्याय करेगी।

### पीएम मोदी के चुनावी अभियान पर कही ये बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विपक्ष पर समाज को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया है और सत्तारूढ़ महायुति के समर्थन में एक हैं तो सेफ हैं का नारा दिया। प्रधानमंत्री के चुनावी अभियान के बारे में पूछे जाने पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख ने कहा, वह प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कई बातें कहीं हैं। वह हमारे सहयोगियों के बारे में जो कह रहे हैं, वह बहुत अनुचित है। वह खुद ही समाज को बांट रहे हैं। आप पिछले कुछ दिनों के उनके भाषणों और मुद्दों को देख सकते हैं, जो वह अपने राजनीतिक हितों के लिए उठा रहे हैं। पवार ने कहा कि उन्होंने अपने चुनावी अभियान के दौरान लोगों में भारी अशांति देखी है। प्रधानमंत्री अपने चुनावी अभियान के दौरान कांग्रेस और भाजपा के पूर्व सहयोगी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर हमले कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के चुनावी अभियान का नेतृत्व करते हुए और 2023 में पार्टी के बंटवारे के बाद पश्चिम महाराष्ट्र में राकांपा (शरदचंद्र पवार) की स्थिति को फिर से मजबूत करने की कोशिश करते हुए 83 वर्षीय नेता पवार ने चुनाव जनता से समर्थन मिलने का भरोसा जताया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अपनी पत्नी पर कन्हैया कुमार की टिप्पणी पर भड़के फडणवीस, कहा, विपक्ष को पानी में डूब जाना चाहिए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी को लेकर कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की विवादास्पद टिप्पणियों ने हंगामा खड़ा कर दिया। भाजपा नेता फडणवीस ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए हुए कहा कि विपक्ष को मालूम चल गया कि वे महायुति को हरा नहीं सकते हैं, इसलिए उनपर और उनकी पत्नी अमृता पर निशाना साधा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका मानना है कि सत्य की ही जीत होगी। फडणवीस ने कहा कि जिस तरह से उनकी पत्नी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई, इसे देखते हुए विपक्ष को पानी में डूब जाना चाहिए। उन्होंने इस कृत्य को शर्मनाक बताया।

### नाबालिग पत्नी के साथ बिना सहमति के संबंध बनाना दुष्कर्म: हाईकोर्ट, आरोपी की 10 साल की सजा बरकरार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर पत्नी 18 साल से कम उम्र है, तो उसकी सहमति के बिना उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म के समान अपराध होगा। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा है, जिसे नाबालिग पत्नी के साथ दुष्कर्म के आरोप में दोषी ठहराया गया था। नागपुर बेंच के न्यायमूर्ति जीए सनप ने 12 नवंबर को दिए आदेश में 24 वर्षीय व्यक्ति की अपील खारिज कर दी, जिसमें उसने 2021 के सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। सत्र न्यायालय ने उसे पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत दोषी करार दिया था। इस मामले में दोषी व्यक्ति ने कहा था कि पीड़िता उसकी पत्नी थी, इसलिए उनके बीच के संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि अगर पत्नी 18 साल से कम उम्र की है, तो उसकी सहमति का कोई मतलब नहीं है।

### यौन तस्करी के पीड़ितों के लिए मजबूत पुनर्वास ढांचे की कमी, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यौन तस्करी के पीड़ितों के लिए एक मजबूत पुनर्वास ढांचे की कमी है। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से इस मामले पर विचार करने को कहा है और एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। जस्टिस जे.बी.पारदीवाला और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा, मानव और यौन तस्करी ऐसे अपराध हैं, जो लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं और उनके जीवन, स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सुरक्षा का हनन करते हैं। खासतौर पर महिलाएं और बच्चे ऐसे अपराधों के शिकार होते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा, यौन तस्करी के पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक रूप से कई प्रकार के नुकसान और हिंसा को सहना पड़ता है। उन्हें जानलेवा चोटें और यौन संचारित रोगों जैसी बीमारियों का शिकार होने का खतरा रहता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे पीड़ितों को चिंता, पीटीएसडी (पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर), अवसाद और नशे की आदत जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इन पीड़ितं को लगातार डॉक्टरों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मदद की जरूरत हो सकती है। पीठ ने कहा, समाज से बहिष्कार और अलगाव भी इन अपराधों से जुड़ा है।



# पोस्टर के जरिए लालू की पार्टी का संदेश

## कहा, भाजपा से सटोगे तो कटोगे, इन लोगों ने सबको ठगा है



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

पिछले तीन दिनों दो बार पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव ने सियासी गरमी ला दी है। पीएम ने बिना नाम लिए विपक्ष पर हमला किया। अब विपक्ष भी उनकी पार्टी को टारगेट कर रहा। इसकी शुरूआत पोस्टर वार के जरिए की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी के कार्यालय के सामने एक पोस्टर लगाया गया है। इसमें बोल्ड अक्षरों में सबसे पहले लिखा गया है कि भाजपा से सटोगे तो कटोगे। इसके बाद बताया गया है कि भाजपा ने किस तरह अलग-अलग तरीके से अपने सहयोगियों और जनता को ठगने का कम किया है। यह पोस्टर राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता और पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा की ओर से लगाया गया है। यह पोस्टर केवल राजद कार्यालय के पास ही नहीं बल्कि राजधानी के अलग-अलग चौक-चौराहों पर भी लगाए गए हैं। देश के युवाओं का भविष्य काटा राजद प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने लिखा कि भाजपा वालों ने देश के युवाओं का भविष्य काटा है। देश के युवाओं को बेरोजगार किया। सरकारी नौकरी के नाम पर वादा खिलाफी की। देश का अमन चैन काट लिया। सांप्रदायिक जहर घोला है। आज जनता डर के साये में रहने को मजबूर है। इतना ही नहीं जनता के पैसे की तिजौरी को भी काटा है। कॉरपोरेट मित्रों के हवाले देश के संस्थानों को कर दिया है। अब एक एक कर देश की सारी संपत्ति बेच रहे हैं।

### भीषण महंगाई के दलदल में देश को फंसाया

इतना ही नहीं राजद प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने आगे लिखा कि मोदी सरकार 2014 से जनता का जेब काट रही है। भीषण महंगाई के दलदल में देश को फंसाया है। आलम यह है कि गरीबों के घर में चूल्हा जलना भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं भाजपा ने अपने सहयोगियों को भी काटा है। अरुणाचल प्रदेश में अपनी सहयोगी दल जदयू के ही विधायकों को तोड़कर पार्टी खाली करवा दी। लोजपा के पांच विधायकों को तोड़कर अपने में मिला लिया। यह प्रमाण काफी है कि जो भी भाजपा में सटा है, उसे भाजपा वालों ने काटने का काम किया है।

### स्पेन में एक रिटायरमेंट होम में लगी भीषण आग, कम से कम 10 लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विलाफ्रांका**

स्पेन के विलाफ्रांका डेल एब्रो में एक रिटायरमेंट होम जार्डिन्स डी विलाफ्रांका में शुक्रवार को भयंकर आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। सुबह के पांच बजे आग लगी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कम से कम दो घंटे लगे। स्थानीय सरकार के प्रतिनिधि के अनुसार, अधिकारी यह पुष्टि करने में असमर्थ थे कि हताहत होने वाले सभी लोग रिटायरमेंट होम से ही थे या नहीं।

# गुजरात तट पर मादक पदार्थ निरोधक अभियान में 700 किलो ड्रग्स बरामद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों की तरफ से संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को गुजरात तट से दूर भारतीय जलक्षेत्र से करीब 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया और आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, ड्रग सिंडिकेट के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की पहचान करने के लिए जांच जारी है, जिसके लिए विदेशी डीएलईए की मदद ली जा रही है।

### सागर मंथन-4 कोडनेम से चलाया गया अभियान

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बयान जारी कर कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सागर मंथन-4 कोडनेम से अभियान चलाया गया। नौसेना ने अपनी समुद्री गश्ती संपत्तियों को सक्रिय करके एक जहाज की पहचान की और उसे रोका। यह ऑपरेशन भारत में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए असाधारण अंतर-एजेंसी समन्वय और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निरंतर खुफिया संग्रह और विश्लेषण के बाद एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त हुआ।

### एनसीबी, नौसेना गुजरात पुलिस के एटीस का संयुक्त ऑपरेशन

भारतीय जलक्षेत्र में करीब 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की एक बड़ी खेप पकड़ी गई। एनसीबी ने कहा कि इस अभियान के दौरान आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो खुद को ईरानी बताते हैं। यह ऑपरेशन एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की तरफ से संयुक्त रूप से किया गया।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की एजेंसियों की तारीफ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की प्रतिबद्धता और इसे प्राप्त करने में हमारी एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय का एक शानदार उदाहरण है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए, हमारी एजेंसियों ने आज गुजरात में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और लगभग 700 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित मेथ जब्त किया। भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के समन्वय में एनसीबी की तरफ से इस तरह के समुद्री अभियानों की एक श्रृंखला शुरू की गई है और अब तक लगभग 3400 किलोग्राम विभिन्न मादक दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों को जब्त किया गया है और तीन मामलों में 11 ईरानी नागरिकों और 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो जेल में बंद हैं।

# संसार में मृत्यु से बड़ा कोई सच नहीं

यह संसार बड़ा विचित्र है, जादू से भरा है, हम जैसा सोचते हैं हमारे आसपास वैसा ही स्वरूप दिखने लगता है। जन्म और मृत्यु से बड़ा कोई सच नहीं है। जन्म के बाद मृत्यु तय है, यह सत् चित् और आनंद है, क्योंकि जो सत् है वही चैतन्य है और आनंद से भरा है। जो सत् और चित् है, वही जन्म लेता है और उसी की मृत्यु हो जाती है। अर्थात् जन्म और मृत्यु तो तय है, परंतु बीच की चीज तय नहीं है, निश्चित नहीं है। इसके मध्य की यात्रा अनिश्चित है। हमारे हाथ में जन्म और मृत्यु नहीं है, परंतु इसके मध्य का काल हमारे कर्म फल सब कुछ हमारे हाथ में है। हम यह सोचते रहे कि यदि जन्म मृत्यु नियत है तो हमारी नियति भी नियत है। हम क्या ही कर सकते हैं और जब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है, तो हमारा उत्तरदायित्व निर्धारण क्यों? मृत्यु नियत है! साथ ही कैसे होगी क्या यह नियत है? बहुत बार बहुत अच्छा इंसान बहुत झेलकर मर रहा है। न वो जीवित है! और ना ही मरा हुआ है! उसे कुछ भी नहीं पता वह कोमा है, वह वेंटिलेटर पर है, वह जीवन भर बहुत अच्छा इंसान रहा है, जीवन भर अपना दायित्व निभाया है, जीवन में योगा भी किया योग भी किया, परिवार भी अच्छा है, सब प्यार से रह रहे हैं, परंतु एक दिन सब कुछ अचानक से समाप्त होगा। ना मैं हूं! ना मैं तू हूं! मैं अपने परिवार के साथ बहुत खुश हूं। मैं अपनी दुनिया में खुश हूं। स्तब्ध हूं, परंतु कलयुग में कोई ऐसा तो नहीं दिखता जिसके जीवन में कठिनाई न हो। कोई कमी न हो, सब चाहे जितना अच्छा हो सभी मरते हैं, मरने का मतलब खोना है, जन्म का मतलब पाना है। जन्म हर व्यक्ति का विचार होता है, दुनिया की हर वस्तु हर चीज का जन्म होता है। फिर उसकी समाप्ति भी होती है अब इसे क्या कहें? जन्म और मृत्यु दोनों में शक्ति है। शक्ति बढ़ती है और घटती है। ऐसा लगता है कि जन्म और मृत्यु एक सिक्के के दो पहलू हैं। हर पल शक्ति का खेल जारी है। शक्ति का परिवर्तन स्वरूप का परिवर्तन भी तय है। शक्ति को परिवर्तित होना है। कभी हम जानबूझकर कर रहे हैं, कभी अनायास भी हो रही है। शक्ति कभी स्थिर नहीं रहती हर पल परिवर्तन होता है। चेतना के साथ अवचेतन और ऽअवचेतन मन की शक्तिऽ भी साथ चलते हैं। कर्म तथा कर्म फल तय है परंतु कर्म केवल शारीरिक कर्म ही नहीं मानसिक कम भी होते हैं। हम लोग केवल शारीरिक धर्म कर्म ही नहीं हैं, हम मानसिक कर्म भी हैं, इसलिए मनसा वाचा कर्मणा तीनों कर्म जुड़ते हैं। हर व्यक्ति से लेकर सारा जंतु जीव शक्ति ही है। शक्ति का कम अधिक प्रवाह हो सकता है। एक ही व्यक्ति किसी के लिए बहुत अच्छा हो सकता है, किसी के लिए बहुत बुरा हो सकता है। स्वयं के लिए व्यक्ति कुछ नहीं होता है। जैसे-जैसे कर्म व्यक्ति के साथ जुड़ता है, वह व्यक्ति अपने आप वैसे ही होते जाते हैं।



डॉ. शिशिर मिश्र
असिस्टेंट प्रोफेसर स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठलार देवरिया उत्तर प्रदेश।

# रजाकारों की नहीं, हमारे पूर्वजों की जमीन, फडणवीस ने उलेमा परिषद की मांगें मानने पर एमवीए को घेरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**




महाराष्ट्र में अगले हफ्ते विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले भाजपा नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुस्लिम धर्मगुरुओं की संस्था उलेमा कांउसिल की मांगों को मानने के लिए महाविकास अघाड़ी (एमवीए) की आलोचना की। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उलेमा काउंसिल ने एमवीए के सामने 15 मांगें रखी थीं, जिसे विपक्षी गठबंधन ने आसानी से मान लिया। एमवीएम पर जमकर निशाना साधते हुए फडणवीस ने कहा कि यह भूमि पूर्वजों की है न कि रजाकारों की। साक्षात्कार में एमवीए की आलोचना करते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, उलेमा काउंसिल ने उन्हें (एमवीए को) समर्थन देने की घोषणा की और अपनी 14 मांगों को उनके सामने रख दिया। उन्होंने (एमवीए) एक साधारण चिट्ठी के जरिए उनकी मांगों को मान लिया। अगर कोई अपनी मांग सामने रखता है, मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है। मैं केवल यह सवाल करता हूं कि इनमें से कौन सी मांग स्वीकार्य है। यह मैं आपको बताऊंगा। उन्होंने आगे कहा, एक मांग यह है कि 2012 से लेकर 2024 तक दंगों में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ सभी मामले खारिज किए जाएं और वापस लिए जाएं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि यह किस तरह की राजनीति है? अगर कोई भी पार्टी ऐसे दंगाइयों को साथ लेकर चुनाव लड़ना चाहती है तो हम बंटे रहेंगे और हमें मार दिया जाएगा। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने महाविकास अघाड़ी पर राजनीति के लिए धर्म का विभाजन करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस की नीतियां का उद्देश्य ओबीसी समुदाय को विभाजित करना है। जब उनसे महायुति के सत्ता में आने के बाद सीएम चेहरे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक कोई योजना नहीं बनाई गई है।

### एमवीए पर लगाए आरोप

धर्मिक एकता पर भाजपा के रुख पर प्रकाश डालते हुए फडणवीस ने सीएम योगी के नारे को याद किया। उन्होंने कहा, जब मुख्यमंत्री योगी ने कहा, बंटेंगे तो कटेंगे। वे हमें इतिहास की याद दिला रहे हैं। यह जमीन छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे हमारे पूर्वजों की है न कि रजाकाकों की। विपक्षी एमवीए के उलेमा काउंसिल जैसे समूहों के साथ कथित गठबंधन के जवाब में फडणवीस ने कहा, अगर 1920 में कांग्रेस ने वंदे मातरम् का आधा भाग गाने की मांग न मानी होती तो आजादी का बीज न बोया गया होता।

# दुश्मनों के खिलाफ एकजुट हों भारतीय: गडकरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए और देश के दुश्मनों और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। गडकरी ने ये भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में महायुति गठबंधन की सरकार सत्ता में वापसी करेगी। नितिन गडकरी ने कहा कि हमारी पूजा पद्धति अलग हो सकती हैं, कुछ लोग मंदिर जाते हैं तो कुछ मस्जिद और कुछ गिरिजाघर, लेकिन आखिर में तो हम सब भारतीय हैं।

> कुछ लोग मंदिर जाते हैं तो कुछ मस्जिद और कुछ गिरिजाघर, लेकिन आखिर में तो हम सब भारतीय हैं

### नारे का गलत मतबल नहीं निकाला जाना चाहिए

हमें बटेंगे तो कटेंगे नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए बल्कि आतंकवाद और देश के दुश्मनों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। सभी भारतीयों को एकजुट होना चाहिए और ये किसी को बांटने के लिए नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि लोग इसका गलत मतलब निकाल रहे हैं।

### योगी के नारे को लेकर नेताओं के अलग-अलग मत

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक जनसभा के दौरान ये नारा दिया था, जिसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। कई नेताओं ने योगी आदित्यनाथ के नारे का समर्थन किया है तो कई नेता ऐसे भी हैं, जो योगी के नारे को भड़काऊ और लोगों को बांटने वाला बता रहे हैं। नितिन गडकरी ने आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया। गडकरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अलग माहौल था, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में शिव सेना और कांग्रेस के विचार मेल नहीं खा रहे हैं। महायुति गठबंधन की तरफ से सीएम पद के चेहरे को लेकर गडकरी ने कहा कि चुनाव एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में हो रहे हैं और चुनाव के बाद ये तीनों नेता, पार्टी आलाकमान और चुने हुए प्रतिनिधि नेता का चुनाव करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)